सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 15 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 15, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स में 170 अंकों की उछाल**

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। } 14

**बेंगलुरु में स्पेन जल्द ही वाणिज्य दूतावास खोलेगा: जयशंकर**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि स्पेन जल्द ही बेंगलुरु में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। इसे दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए एक अच्छा संकेत बताया। } 16



# महाकुंभ में 3.5 करोड़ ने लगायी आस्था की डुबकी

## मकर संक्रांति पर अखाड़ों ने किया अमृत स्नान

जिला संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, शाम तक 3 .50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।



अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा कि हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर सीएम योगी ने की लोकमंगल की कामना

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्ध जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की। बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है। उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग नामों और स्वरूपों में आज सनातन धर्मावलंबी पूरी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम और रूपों में मकर संक्रांति पर्व को लोग मनाते हैं तथा उत्सव के साथ जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि असम में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## भाजपा ने मिल्कीपुर विस सीट पर चंद्रभान पासवान को बनाया उम्मीदवार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस सीट से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना टिकट देने की घोषणा की थी। कांग्रेस ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार न उतारकर गठबंधन के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को समर्थन देने का ऐलान किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उपचुनाव पांच फरवरी को होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी।

(विस्तृत खबर भीतर)

## धामी ने दिए घायलों के इलाज के निर्देश

### मृतकों को 5-5 और घायलों को 1-1 लाख देने की घोषणा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राज्य के पौढ़ी गढ़वाल में पिछले दिनों हुए बस हादसे में घायलों का समुचित इलाज न होने पर हो रहे जनआंदोलन का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की कड़ी फटकार लगायी।



मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पौढ़ी से तत्काल रिपोर्ट भी तलब की है। बता दें कि बस के खाई में गिर जाने से छह लोगों की मृत्यु व डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री धामी ने पौड़ी अस्पताल में सामने आयी अव्यवस्थाओं की शिकायत का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पौड़ी के जिलाधिकारी से मामले में रिपोर्ट तलब करने के साथ ही, अस्पताल में सभी बुनियादी सुविधायें तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बस हादसे में मृतक परिजन को कुल 5-5 लाख और गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। बस हादसे के घायलों को पौड़ी अस्पताल में समुचित इलाज देने में अव्यवस्था, संबंधित शिकायत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैम्प कार्यालय में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इस मामले में पौड़ी के डीएम से रिपोर्ट तलब ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीओके में आतंकी ढांचे को नष्ट करे पाकिस्तान: राजनाथ

अखनूर (जम्मू कश्मीर)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान पर आतंकवाद को प्रायोजित कर भारत को अस्थिर करने के लगातार प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि उसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना होगा या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, पाक अधिकृत कश्मीर के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवाद के केंद्र के रूप में किया जा रहा है, तथा इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लिए लांच पैड के रूप में काम कर रही है। सिंह ने अखनूर इलाके में पूर्व सैनिकों की रैली को संबोधित करते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली का विस्तार जरूरी

### मौसम के उन्नत पूर्वानुमानों ने आर्थिक नुकसान को किया कम: मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि मौसम के उन्नत पूर्वानुमानों ने चक्रवात के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान को काफी कम किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने संस्थान की सराहना करते हुए इसे भारत की वैज्ञानिक यात्रा का प्रतीक बताया।

मोदी ने इस बात का जिक्र किया कि किस तरह उन्नत मौसम पूर्वानुमान से चक्रवातों के दौरान होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी और आर्थिक नुकसान में कमी आई, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा और आर्थिक लचीलापन बना। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता के लिए सबसे महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए, हमें मौसम विज्ञान की दक्षता को अधिकतम करने की आवश्यकता है। उन्होंने याद किया कि कैसे 1998 में गुजरात के कांडला में चक्रवात और 1999 के ओडिशा सुपर चक्रवात ने हजारों लोगों की जान ले ली थी। उन्होंने कहा कि लेकिन बेहतर पूर्वानुमान के कारण जानमाल का नुकसान अब कम से कम है। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में सोमवार को 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का उद्घाटन करने के अपने दौरे का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आईएमडी ने सुझाव दिया था कि उद्घाटन समारोह 13 जनवरी को आयोजित किया जाए क्योंकि बर्फ से ढके सोनमर्ग में मौसम साफ रहता है। इस अवसर पर मोदी ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाने के मकसद से मिशन मौसम की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक स्मार्ट राष्ट्र बने, इसके लिए हमने मिशन मौसम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। मिशन मौसम का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों का इस्तेमाल करते हुए उच्च स्तरीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान में प्रगति और इसकी पूरी क्षमता का उपयोग देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर**

### डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ये जलवाये अलाव, जरूरतमंदों और राहगीरों को राहत पहुंचाने की पहल

## सेवा करना ही हमारा संकल्प: विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष विराज सागर दास के निर्देश पर विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजधानी लखनऊ के सभी प्रमुख अस्पतालों समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाये जा रहे हैं।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ के अलग-अलग स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की गयी है। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन तथा डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष









विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। बहुत से लोग गरीबों को पीड़ा समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल का वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को जन सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह जाड़े से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से भी गरीबों को राहत दिलाने के लिए छोटी सी सेवा के माध्यम से पहल की गयी है, जिसके तहत कुछ दिन पूर्व कम्बल वितरण किया गया था और विभिन्न क्षेत्रों में कम्बल वितरण भी किया जा रहा है लेकिन अलाव की व्यवस्था शहर ...शेष पृष्ठ 14 पर










# नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन देखने उमड़ी भीड़

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

- **घोड़ों पर सवार होकर और पैदल चल रहे नागा साधुओं ने शस्त्रों के साथ अपनी युद्ध कला का किया प्रदर्शन**

अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

**घोड़ों पर और पैदल निकली शोभा यात्रा :** अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।



**नृत्य, नगाड़े और उत्साह :** शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए।

**स्नान के दौरान भी मस्ती :** स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे वो गुनगुने पानी में उतरे हों। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ भी अठखेलियां कीं और कैमरामैन पर पानी छिड़क दिया।

**महिला नागा संन्यासी भी जुटीं :** पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है।

**श्रद्धालुओं के लिए संदेश :** नागा साधुओं ने अपने व्यवहार और प्रदर्शन से यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनुष्य के आत्मिक और प्राकृतिक मिलन का उत्सव है। उनकी हर गतिविधि में महाकुम्भ की पवित्रता और उल्लास का अद्वितीय अनुभव झलक रहा था। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन नागा साधुओं की विशिष्ट गतिविधियों और उनकी परंपराओं के कारण लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

## संगम में स्नान करती जनता का विराट रूप देखा : उमा भारती

**महाकुम्भ नगर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025 में शामिल करोड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुम्भ में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ और योगी सरकार द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं से अभिभूत पूर्व सांसद साध्वी उमा भारती ने इसे अपने लौकिक जीवन का सबसे अनूठा क्षण बताया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, प्रभु श्रीकृष्ण का जैसा विराट रूप अर्जुन ने देखा, वैसा ही जनता जनार्दन का विराट रूप संगम पर स्नान करते हुए मैंने देखा। उमा भारती ने महाकुम्भ में उमड़ी विशाल जनसंख्या को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा, करोड़ों-करोड़ नर-नारियों के रूप में जैसे नारायण स्वयं संगम पर डुबकियां लगा रहे हों। पूर्व सांसद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के कुशल प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा, सजग और सावधान योगी जी की सरकार का प्रशासन एवं पुलिस नतमस्तक भाव से सबकी सेवा में रत है। महाकुम्भ में व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री, उनके सहयोगियों, प्रशासन और पुलिस को अभिनंदन और बधाई दी।

# किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

## अमृत स्नान पर किन्नर अखाड़ा बना आकर्षण का प्रमुख केंद्र

विशेष संवाददाता (vol

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी

- **आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने किया अमृत स्नान**
- **महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने की समाज के कल्याण और उन्नति की कामना**



सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की।

**हर हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़े साधु :** किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

**समाज कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना :** किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है।

**शस्त्र प्रदर्शन और उत्साह का माहौल :** किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया। किन्नर अखाड़े के इस आयोजन ने महाकुम्भ 2025 में एक विशेष छवि प्रस्तुत की। उनके संदेश ने यह स्पष्ट किया कि समाज के हर वर्ग का उत्थान और कल्याण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

# पहले स्नान पर नजर आया एकता का महाकुम्भ

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भनगर।** मकर संक्रांति पर महाकुम्भ में भारत के हर राज्य और हर जाति लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया।

- **दुनिया के कई देश, हर राज्य और हर जाति के लोगों ने एक साथ लगाई संगम में डुबकी**
- **बम बम भोले बोलकर झूमते नजर आए अमेरिकी, इजरायली और फ्रांसीसी समेत तमाम देशों के नागरिक**
- **दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश और बिहार समेत हर जगह से पहुंचे श्रद्धालु**
- **भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ किया गंगा स्नान**

इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। पहले अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए।

**आस्था का ऐसा संगम कि आज रेत तक नजर नहीं आई :** महाकुम्भ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक आज पहले अमृत स्नान पर नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए।

**महाकुम्भ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी भारत की ब्रांडिग :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्य और भव्य महाकुम्भ का अलौकिक आयोजन किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुम्भ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी ज्यादा बढ़ा दी है। महाकुम्भ मेले के शुरूआती दो दिनों में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। संगम के तट पर जय श्री राम और हर हर गंगे के उद्घोष से माहौल बना और श्रद्धालु श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते रहे।

विदेशियों को ऊर्जा और सुकून दे रहा महाकुम्भ : महाकुम्भ में मकर संक्रांति अमृत स्नान का हिस्सा बने विदेशी नागरिक जैफ ने कहा कि मैं अमेरिका से हूं लेकिन मैं लिस्बन, पुर्तगाल में रहता हूं। मैं दक्षिण भारत की यात्रा कर रहा था। कल वाराणसी के रास्ते यहां पहुंचा। मुझे यहां की ऊर्जा बहुत शांत और सुकून देने वाली लगती है और हर कोई बहुत दोस्ताना सा लगता है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़े मंदिर जैसा लगता है। मैं यहां की सुव्यवस्था और स्वच्छता देखकर चकित हूं।

हर 15 मीटर पर कूड़ेदान उपलब्ध हैं। इसी तरह, ईरान से आई एक महिला ने कहा कि हम 9 लोगों का एक समूह हैं। हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन के बीच रहते हैं। हमारा यहां पहली बार आना हुआ है। कुम्भ बहुत ही सुव्यवस्थित है। यह प्रभावशाली है। हम एक बहुत अच्छी टेंट कॉलोनी में रह रहे हैं। एक अन्य अमेरिकन सिटीजन पॉला ने टूटी फूटी हिंदी में कहा कि आज बहुत उत्तम दिन है। इस उत्तम दिन पर साधुओं के साथ स्नान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। ये हमारा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में आने का अवसर मिला और संन्यासियों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

# महाकुंभ की पल-पल की अपडेट ले रहे मुख्यमंत्री

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौष पूर्णिमा का स्नान सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ।

- **शासन-प्रशासन व पुलिस अधिकारी मेले की व्यवस्थाओं पर रखे हैं नजर**
- **सब कुछ चल रहा सकुशल: प्रमुख सचिव (गृह)**
- **लगातार आ रहा जनसैलाब, नवीन टेक्नोलॉजी से भीड़ नियंत्रण की कर रहे मॉनीटरिंग: डीजीपी**

मंगलवार को मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भी दोपहर तक पौने दो से दो करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से ही पल-पल की अपडेट भी ले रहे हैं। उनके निर्देश पर प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य आलाधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर रखे हैं। सभी अधिकारी महाकुम्भ में टीम की हौसलाअफजाई के साथ श्रद्धालुओं, संतों, कल्पवासियों से व्यवस्थाओं के बारे में निरंतर संवाद बनाए हैं। महाकुम्भ में प्रशासन व पुलिस की मुस्तैदी, सुकशल संचालन और अद्वितीय व्यवस्था की हर श्रद्धालु तारीफ कर रहे हैं।



## सब कुछ चल रहा सकुशल

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम की शुरूआत हो चुकी है। 13 जनवरी को 1.62 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर पूज्य संत, कल्पवासी, श्रद्धालु व देश-विदेश से आए लगभग पौने दो करोड़- दो करोड़ लोग अब तक स्नान कर चुके हैं। कंट्रोल रूम भी 24 घंटे चल रहा है। मुख्यमंत्री जी भी पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। एकता के महासंगम के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिव्य-भव्य, डिजिटल महाकुम्भ की परिकल्पना थी। प्रदेश सरकार ने पिछले कुम्भ से आगे बढ़ते हुए इसे स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ बनाने का बीड़ा उठाया था। सब कुछ सकुशल चल रहा है। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए 10 हजार एकड़ में शहर बसाया जाता है। जहां पूज्य संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के रहने, भोजन, बिजली-पानी, सफाई, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रॉपर डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के लिए टीमें कार्य कर रही हैं। 25 सेक्टर में शहर को विभाजित करके कार्य किया गया है। पीएम मोदी की अपेक्षा थी कि इसे डिजिटल महाकुम्भ के रूप में स्थापित किया जाए। इसे देखते हुए सभी एरिया को कैमरे से स्कैन किया गया है। गूगल लोकेशन, यूपीआई समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराते हुए इसे डिजिटल स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। यह आयोजन 45 दिन तक चलेगा। 60,000 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, खोया-पाया लोकेशन आदि में एआई समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी के लिए यहां सुखद-सुलभ व्यवस्था की गई है।

**संजय प्रसाद प्रमुख सचिव गृह**

## प्रयागराज से अन्य शहरों में जाने वाले श्रद्धालुओं को भी नहीं होगी दिक्कत



महाकुम्भ-2025 का आज दूसरा स्नान है। मकर संक्रांति का स्नान अमृत स्नान है। आज विभिन्न अखाड़ों द्वारा स्नान किया जाता है। पूरे देश से लोग आते हैं। दोपहर एक बजे तक 1.75 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर लिया है। जनसैलाब लगातार आ ही रहा है। महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर पुलिस की समुचित व्यवस्था की गई है। रेल ट्रैफिक की भी मॉनीटरिंग हो रही है। साथ ही साथ घाटों की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है। नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से देर रात से ही भीड़ नियंत्रण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रात में थर्मल इमेजिंग के हिसाब से क्राउड कंट्रोल किया गया तो दिन में टीथर्ड ड्रोन व सीसीटीवी कैमरा के विजुअल से ट्रैफिक व वाहन आदि को मॉनिटर कर रहे हैं। घाटों की लंबाई अधिक होने के कारण संगम नोज पर इस बार अधिक दबाव नहीं है। विभिन्न घाटों पर संगम स्नान की व्यवस्था की है। इस कारण सभी को सुविधाएं मिल रही हैं। लोग भी संतुष्ट होकर जा रहे हैं। नवीनतम टेक्नोलॉजी की जो प्लानिंग की गई थी, वो फलीभूत हो रही है। हमने कल रात भी रिव्यू किया था। हमने व्यवस्थाएं बेहतर की हैं। पुलिसकर्मियों से कहा गया है कि सिम्पैथी व इम्पैथी के साथ श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार करना है, जिससे उनका सटिस्फेक्शन लेवल अच्छा हो। श्रद्धालु अब प्रयागराज के साथ चित्रकूट, विंध्यवासिनी धाम, वाराणसी व अयोध्या की तरफ भी जाएंगे। इन शहरों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी तैयार हैं। इन रास्तों पर भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, हमने इसकी भी व्यवस्था भी कराई है।

**प्रशांत कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश**

# स्नान पर्व और अमृत स्नान के लिए फेवरिट स्पॉट बना संगम नोज

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की प्राथमिकता संगम नोज रहा, जहां पर अखाड़ों के संतों और गुरुओं ने भी स्नान किया। संगम नोज पर एक तरफ जहां अखाड़ों के संत आरक्षित स्थान पर स्नान कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ श्रद्धालुओं भी संगम नोज पर स्नान कर पा रहे थे। ये संभव हुआ सिंचाई विभाग की यांत्रिक शाखा यांत्रिक बैराज यांत्रिक खंड अनुरक्षण वाराणसी के भगीरथ प्रयासों से, जिसने मात्र 85 दिनों में तीन शिफ्ट में काम करके शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक 26 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार किया। इसमें 2 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार सिर्फ संगम नोज पर किया गया। इसके चलते साधु संत और श्रद्धालुओं का संगम नोज पर एक साथ अमृत स्नान संभव हो सका।

**सुगम स्नान की मिल रही सुविधा :** 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व और 14 जनवरी को पहले अमृत स्नान पर 3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। सर्वाधिक लोगों ने संगम नोज पर ही स्नान को प्राथमिकता दी। देर रात से ही संगम नोज पर भीड़ जुटने लगी। अनुमान के मुताबिक यहां हर घंटे तीन लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। बैराज यंत्रिक खंड अनुरक्षण वाराणसी ने 85 दिनों तक अथक प्रयास करके संगम नोज पर 2 हेक्टेयर समेत कुल 26 हेक्टेयर क्षेत्र विस्तार किया है। इससे 1650 मी. क्षेत्र में बालू की बोरी लगाकर अस्थाई घाटों का निर्माण संभव हो सका, जिससे पूरे संगम क्षेत्र में एक साथ अधिक श्रद्धालु स्नान कर पाने में सक्षम हुए। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध) उपेन्द्र सिंह ने बताया कि अधिशासी अभियंता बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खंड वाराणसी सुजीत कुमार सिंह व टीम सूर्य भूषण, प्रदीप, अनुराग और अन्य द्वारा 4 बड़ी ड्रेजिंग मशीनों की सहायता से 85 दिनों में इस कार्य को संपन्न कराया गया।

संक्षेप

## फूड प्वाइजनिंग से आधा दर्जन बीमार

प्रतापगढ़। उदयपुर थानान्तर्गत डड़वा भइयापुर दर्रा गांव में भोजन करने के बाद अचानक परिवार के आधा दर्जन लोगों के बीमार हो जाने से हडकंप मच गया। आननफानन में सभी को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी भेजवाया गया। बीमार लोगों की हालत खतरे से बाहर बतायी गयी है। गांव निवासी शिवबरन सिंह के घर में सोमवार की रात भोजन करने के बाद आधा दर्जन लोग बीमार हो गये। भोजन के करीब आधा घंटे बाद शिवबरन सिंह के पुत्र उन्नीस वर्षीय महेन्द्र, सत्रह वर्षीय सूरज व तेरह वर्षीय अतुल तथा बीस वर्षीय वीर सिंह पुत्र जयसिंह, चौदह वर्षीय अंकुश पुत्र राजू सिंह व अड़तीस वर्षीय नीलम पत्नी फूल सिंह को उल्टी व खुजली होने लगी। अचानक आधा दर्जन लोगों में उल्टी होते देख परिवार में हडकंप मच गया। आननफानन में सभी को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। जहां इलाज के बाद मंगलवार सुबह सभी को घर भेज दिया गया। परिजनों मे चर्चा के मुताबिक भोजन बनाने के दौरान कड़ाही में छिपकली गिर जाने से लोग बीमार हुए थे। सीएचसी डा. धर्मेश शुक्ला का कहना है कि फूड प्वाइजनिंग के चलते लोग बीमार हो गये थे। इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं।

## रंजिश में वृद्ध को किया घायल, दी तहरीर

प्रतापगढ़। रंजिश में वृद्ध को मारपीट कर घायल करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे दिकतन मंगापुर गांव निवासी बजरंग बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ जनवरी को सुबह करीब नौ बजे उसके पिता अवधपाल सिंह 90 गांव के पास मवेशी चरा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच धारदार हथियार लेकर गांव का राजेश मौर्य वहां पहुंचा और मारपीट कर वृद्ध को घायल कर दिया। घायल वृद्ध का एम्स रायबरेली में इलाज जारी है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अज्ञात चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तुलापुर निवासी रेनू सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पचीस दिसंबर को घर से बाजार जाते समय लीलापुर साहबगंज मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार ने उसके पति अवनीश प्रताप सिंह को जोरदार टक्कर मार दिया। इलाज के दौरान एक्स रायबरेली में छब्बीस दिसंबर को अवनीश की मौत हो गयी। श्राद्ध कर्म के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के इदिलपुर गांव निवासी सुधाकर विश्वकर्मा पुत्र राम नारायण विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर चार जनवरी को सुबह करीब आठ बजे परिवार के दिवाकर, सुमन पत्नी प्रेमशंकर समेत तीन लोगों ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। क्षेत्र के अमांवा गांव में मकर संक्रान्ति पर सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। वहीं हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम दरबार की आरती उतारी। देर शाम तक श्रद्धालु भजन संकीर्तन के बीच प्रसाद ग्रहण करते दिखे। भण्डारे का आयोजन शिवशरण पाण्डेय पिंटू व रामशरण पाण्डेय ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री संतोष पाण्डेय, अधिवक्ता सिंटू मिश्र, बीडीसी धीरेन्द्र पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, श्यामशरण पाण्डेय, सुनील पाण्डेय आदि रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में छह बदमाश गिरफ्तार

## चार के पैर में लगी गोली

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने बिसरख इलाके में मुठभेड़ के बाद छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन बदमाशों में से दो को सोमवार रात और चार को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस बालाजी किचन इक्विपमेंट कंपनी में चोरी के मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की मौजूदगी की सूचना पर सोमवार रात पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद शाहरुख और आकाश त्यागी नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अवस्थी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को यह भी सूचना मिली कि इस चोरी में उनके चार अन्य साथी भी शामिल थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आज सुबह चिपियाना की पंचविहार कॉलोनी में अन्य आरोपियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू की इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन आता दिखा। जब वाहन का पीछा किया गया तो उसमें सवार लोगों ने पुलिस दल पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई के दौरान पुलिस की गोली दो आरोपियों के पैर में लगी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अवस्थी ने बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान मुनाफ, गुलजार, आजाद और गोलू उर्फ अंकुश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इनके पास से चोरी का सामान, वारदात में इस्तेमाल वाहन तथा हथियार बरामद किए गए हैं।

## एसएसबी ने नेपाली किशोरी को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया

बहराइच। उत्तर प्रदेश में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक टीम ने 17 वर्षीय एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

किशोरी को कथित तौर पर तस्करी कर बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि किशोरी को नेपाल के एक गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया और आरोपी तस्कर को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बताया, प्रयागराज महाकुम्भ के मद्देनजर जारी ऑपरेशन अलर्ट के तहत हमने भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी हैं। सुरक्षा जांच को तेज कर दिया है। कुमार ने बताया कि सोमवार शाम एसएसबी जवानों ने आरोपी और किशोरी को रुपईडीहा सीमा चौकी पर उस समय रोका जब वे भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार हो रहे थे। उनकी हरकतें संदिग्ध प्रतीत होने पर जब उनसे पूछताछ की गई तो वे सही से जवाब नहीं दे सके जिससे हमारा शक और गहरा हो गया। जांच में पता चला कि किशोरी नेपाल के कालीकोट जिले की निवासी किशोरी को वहीं के निवासी पारस बिष्ट (21) ने शादी और बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। दोनों सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे। बेंगलुरु में काम करने वाले पारस ने कथित तौर पर किशोरी को उसके परिवार को बताए बिना घर से भागने के लिए मनाया और उसे भारत ले आया। किशोरी को नेपाल पुलिस की मौजूदगी में नेपाल के गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया। यह अभियान 42वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन के नेतृत्व में चलाया गया। महाकुम्भ और गणतंत्र दिवस के आगामी समारोह के मद्देनजर, दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हाल ही में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में मानव तस्करी और अन्य तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी और संयुक्त गश्त बढ़ाने पर सहमति बनी थी।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं की मौत की झूठी खबर पोस्ट करना पड़ा भारी

बलिया। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के स्नान में 11 श्रद्धालुओं की मौत से संबंधित झूठी खबर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में एक युवक के विरुद्ध मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, पकड़ी थाने में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह की तहरीर पर लालू यादव संजीव नामक युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अवकाश कुमार सिंह ने शिकायत की थी। सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी से जुड़े आरोपी ने फेसबुक पर गलत जानकारी पोस्ट की थी। पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि महाकुंभ स्नान के दौरान ठंड लगने से 11 श्रद्धालुओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है और आईसीयू इमरजेंसी कैंप में मरीजों की भीड़ लगी हुई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रयागराज में महाकुंभ से संबंधित झूठी पोस्ट के कारण लोगों में दहशत फैल गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी को जांच सौंपी गई। कुरैशी ने मंगलवार को बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जोधपुर झाल में 62 प्रजातियों के 1,335 जलीय पक्षियों की पहचान

मथुरा। मथुरा-आगरा सीमा पर स्थित जोधपुर झाल आर्द्रभूमि में जलीय पक्षियों की गणना के दौरान नौ लुप्तप्राय प्रजाति समेत 62 प्रजातियों के 1,335 पक्षियों का पता लगाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जिला वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल ने बताया कि यह गणना वेटलैंड्स इंटरनेशनल द्वारा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, वन विभाग और जैव विविधता अनुसंधान एवं विकास सोसाइटी के सहयोग से जलपक्षी जनगणना-2025 के तहत की गई। उन्होंने बताया कि यह गणना वेटलैंड्स इंटरनेशनल के उत्तर प्रदेश समन्वयक नीरज श्रीवास्तव की देखरेख में की गई और इसका नेतृत्व बीआरडीएस पक्षी विशेषज्ञ के पी सिंह ने किया तथा 13 सदस्यों की टीम ने इसमें योगदान दिया।

मित्तल ने बताया कि जलीय पक्षियों की गणना में 62 प्रजातियों की पहचान की गई है, जिनमें 29 प्रवासी व 33 स्थानीय प्रजातियां हैं। गणना में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की लुप्तप्राय सूची में शामिल नौ प्रजातियों की भी पहचान की गई, जिनमें सारस, काली गर्दन वाला सारस, जांघिल या ढोक, ओरिएंटल डार्टर, वुली-नेक्ड स्टॉर्क (ऐसा सारस जिसकी गर्दन पर बहुत ज्यादा बाल होते हैं), काली पूंछ वाली चंचुकी या ब्लैक-टेल्ड गोडविट, बड़ा चित्तीदार गिद्ध या ग्रेटर स्पॉटेड ईगल और ब्लैक हेडेड आइबिस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर झाल पर सर्वाधिक संख्या में 370 बार हेडेड गूज, 224 उत्तरी सींकपर व 220 मुर्गाबी मिले। इसके अलावा, गडवॉल, यूरेशियाई पतेरा (एक प्रकार की बत्तख), खोखार, पाइड एवोसेट, लिटिल स्टिंट, टैमिनिक स्टिंट, टिटहरी, खंजन, गजपांव, बैंगनी स्वैम्पेन, कॉमन स्निप आदि पक्षियों की पहचान की गईं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने नए जलीय आवासों का निर्माण करके आर्द्रभूमि क्षेत्र का विस्तार किया है। गणना के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया कि पक्षियों की गणना दो समूहों द्वारा की गई, जिनमें से प्रत्येक में आठ विशेषज्ञ सदस्य थे। तीन घंटे से अधिक समय तक उन्होंने लगभग 80 हेक्टेयर आर्द्रभूमि को कवर किया। मित्तल ने पक्षियों के आगमन में वृद्धि का श्रेय उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और वन विभाग की सतत निगरानी और संरक्षण प्रयासों को दिया।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 23 आरोपियों के खिलाफ क्रॉस केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डण्डे चले। कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में तेईस आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड़ तथा धमकी समेत कई गंभीर धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जेवई निवासी बसन्तलाल सरोज की पत्नी नीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस दिसंबर को ग्यारह बजे दिन में रास्ते में कंटीली झाड़ी हटाने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपी गांव के धर्मेन्द्र सरोज, राजू, राहुल, हरी लाल, गीता, सुषमा, निशा, सुमित्रा, विटान, मंजु, अंजु, विवेक कुमार, हरी लाल की पुत्री मंजू ने लाठी डंडे तथा कुल्हाड़ी से उसकी सास राजकली पर हमला बोल दिया। कुल्हाड़ी की चोट लगने से राजकली गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। वह मौके पर ही बेहोश हो गयी। बीचबचाव में पीडिता की पुत्रियों के साथ भी आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियो ने गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धर्मेन्द्र समेत बारह आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के धर्मेन्द्र सरोज की पत्नी निशा सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के बसंत लाल की पत्नी नीता, ज्योती, राजकली, आरती, कुसमा, आशा, गोग, पुतन, भुल्ली, गुडडी व बदलू ने लाठी डंडे तथा लोहे की राड से लैस होकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर पीडिता व उसकी जेठानी तथा ददिया सास पर जानलेवा हमला बोल दिया। मारपीट में वृद्धा बेहोश होकर गिर पड़ी। बीचबचाव को पहुंचे परिजनों के साथ भी आरोपियो ने घर में घुसकर मारपीट की। पीडिता के ससुर का दाहिना हाथ टूट गया। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नीता समेत ग्यारह के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## चंद्रशेखर तिवारी के जिलाध्यक्ष चयनित होने पर जतायी गयी खुशी



प्रतापगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की मंगलवार को यहां हुई संगठनात्मक बैठक में महासंघ के जिलाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी के चयन को लेकर खुशी जतायी गयी। बैठक में स्थानीय पत्रकारो ने चयन को लेकर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र तथा राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। वही बैठक मे छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर महासंघ द्वारा न्यायिक जांच की भी मांग उठायी गयी है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पत्रकार उत्पीडन निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र पत्रकार सुरक्षा कानून विधेयक के जरिए पत्रकारो की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय रहे। संचालन तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ. आशीष सिंह, सुरेन्द्र तिवारी सागर, बाबा नरेन्द्र ओझा, अखिलेश मिश्र, विनोद सिंह, जगत वर्मा, गौरीशंकर तिवारी, रामू मिश्र, शास्त्री सौरभ, संजीव त्रिपाठी, अनिल महेश, एसएस यादव, राजीव तिवारी, सरवर आलम, सुमित त्रिपाठी, अरविन्द दुबे, शुभम श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, शिवाकान्त मिश्र आदि रहे।

## साइबर अपराध के बारे में पुलिस ने किया जागरूक



बलरामपुर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर टीम द्वारा साइबर जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत साइबर जागरूकता टीम द्वारा आमजन को निम्न जानकारियां देकर जागरुक किया गया। साइबर अपराध से बचाव हेतु सावधानी एईपीएस फ्राड से बचने के लिए हमेशा आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। साइबर अपराधियों द्वारा आम लोगो का फिंगर प्रिन्ट क्लोन कर एईपीएस के माध्यम से धोखाधड़ी करके रुपया निकाल लिया जाता है, जिसके बचाव के लिए आवश्यक है कि आधार कार्ड का बायोमैट्रिक लाक करके रखें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बताये गये किसी एप को डाउनलोड न करें, साइबर अपराधियो द्वारा स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर अपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है। किसी अनजान के कहने पर पेमेन्ट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करें। साइबर अपराधियों द्वारा लोगो को यह बताकर कि पैसे आपके खाते में भेजे जा रहे रिसीव कर लीजिए, लोगो द्वारा रिसीव करने के लिए जैसे ही यूपीआई पिन डाला जाता है, पैसे खाते से कट जाते हैं। खरीदरी हमेशा किसी भी ई-कामर्श वेबसाइट की आफिशियल वेबसाइट अथवा अधिकृत एप से ही करें। सोशल मीडिया एकाउन्ट पर हमेशा टू-स्टेप वेरीफिकेशन आन रखें तथा मजबूत पासवर्ड बनायें।

## इंडो -नेपाल बॉर्डर पर किया गया पैदल गश्त



बलरामपुर। पुलिस बल द्वारा एस0एस0बी0 के साथ जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पुलिस टीम द्वारा रश्इ के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव में पैदलगस्त कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## आपसी राग- द्वेष छोड़ सुनहरे कल को अंजाम दें : अमर सिंह

- अखिल क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक संपन्न

बलरामपुर। जब चमन वीरान था तब लहू हमने दिया अब चमन आबाद है तो कहते हैं तेरा काम नहीं। अर्थात जब अंग्रेजो नें भारत माता के पैरों में गुलामी की बेडि यां डाल रखी थीं।



भारत भूमि की आजादी के दीवाने क्षत्रिय रण बांकुरे वतन के लिए लहू का एक-एक कतरा बहाया। अंग्रेजों से लोहा लेने का संग्राम इतिहास के गौरव गाथा में शुमार है। महाराणा प्रताप स्वाधीनता के लिए जंगलों में घास की रोटियां तक खाई। हल्दीघाटी की सोंधी माटी महाराणा प्रताप की जोहर का बखान करती है वीरांगना लक्ष्मीबाई स्वाधीनता के विशात पर रण मरण को चुना। आज इस क्षत्रिय समाज को छिछली राजनीति के कहर पर दरकिनार कर दिया गया है। अब वक्त पुकार रहा है कि क्षत्रिय समाज एकजुट होकर आपसी राग द्वेष को विराम देकर सुनहरे कल को अंजाम दें। यह बातसदवा पुर देवांश ढाबे पर अखिल क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष अमर सिंह ने कही। जिला अध्यक्ष अमर सिंह ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि समय समाज और वर्तमान परिवेश एक जुटता के लिए हमारे समाज को पुकार रहा है। हमें अपने समाज और गौरवशाली वजूद के लिए एक जुटता का पूरे मनो योग से संकल्प लेना ही होगा अन्यथा हमारे उदासीनता आपसी द्वेष, फूट, विखराव के लिए हमारी भावी पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगीं। हमें अपने क्षत्रिय समाज के उत्थान के लिए हर हाल में एक जुटता की कमर कसनी ही होगी। श्री सिंघानी आगे कहा कि हमारे क्षत्रिय समाज में भी लोग विपन्नता का जीवन जीते हैं उनके पाल्यों के लिए शिक्षा, बेटियों के ब्याह में आर्थिक कमजोरी बाधक बनती है। हालात गरीबी में पालने पढ़ने वाले बेटे बेटियों की भविष्य में अपार संभावनाएं होती हैं लेकिन आर्थिक मजबूरी में उनके सुनहरे सपने सुखद सोपान का पर नहीं चढ़ा पाते। ऐसे ही दूसरी विकट समस्या गरीबी और दहेज लोभी की गहरी खाई है। इस खाई के चलते गरीब क्षत्रिय परिवार की बेटियों के हाथ पीले होने में अधिक समय लग जाते है। बिरादरी में पनपी इस दहेज की खाई को हम आपको मिल जुल कर पाटनी ही होगी। ऐसे परिवारों को आर्थिक मदद देनी होगी। जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से जोरदार समर्थन किया। संगठन के मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह शिवा इतिहास के झरोखे को झाँकते हुए कहा कि सन 1857 में जब अंग्रेज का सेनापति होप ग्रांड अपनी विशाल ब्रता निया सेना लेकर उत्तर भारत की ओर अपना आधिपत्य विस्तार करते हुए बढ़ रहा था तो ओवरी की जंगल में 18 वर्षीय छैलारी सम्राट बिल भरभादरा सिंह के नेतृत्व में राजा अभी नहीं माधव सिंह दान बहादुर सिंह तात्या हीरा काका आदि क्षत्रिय रण बांकुरो नें देश के लिए जो बलिदान दिया।

## मकर संक्रान्ति पर जरूरतमंदों को बांटा गया कम्बल



प्रतापगढ़। मकर संक्रान्ति के पर्व पर क्षेत्र के गोड़वा के ककोरिहा गांव में जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया गया। बाला जी धाम पर परम्परागत आयोजन में सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए आयोजन समिति द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी कालिका प्रसाद पाण्डेय ने अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं पूर्व प्रधान केडी मिश्र, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, पूर्व जिपंस दीपक मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन फूलचंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सुभाषचंद्र पाण्डेय, सालिकराम तिवारी, महेन्द्र मिश्र, श्याम नारायण तिवारी, रामसेवक सरोज, कमला सरोज, मोती गुप्ता आदि रहे। इधर नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में भी विद्या मंदिर मार्ग पर मकर संक्रान्ति पर कंबल वितरण किया गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरूरतमंदो को कंबल बांटे। इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज, शिवम सिंह, विनोद सोनी, बाबूलाल सोनी, मनमोहन यादव आदि रहे।

## त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



बलरामपुर। राम बल इंटर कालेज में त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ हुआ। प्रबंधक राजेश कुमार यादव के द्वारा सर्वप्रथम खेल विधा दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया और अन्य खेल ऊंची कूद, गोला फेक, रस्सा कसी, रस्सी कूद व क्रिकेट आयोजित किए गए प्रत्येक खेल में प्रतियोगियों ने अपना पूरा दमखम लगाया जिसमें रामबल यादव इंटर कॉलेज के साथ- साथ अन्य विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं मंडल स्तरीय, जिला स्तरीय खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार वर्मा तथा सहायक अध्यापक गण राम झिनकान यादव, ताज मोहम्मद, अंकुश यादव, विनय कुमार यादव, उमेश कुमार वर्मा, चंदन जायसवाल, रामप्रताप वर्मा, रमाकांत पांडे, रामबचन यादव, जुबेर अहमद अताउल मुस्तफा, संजय प्रजापति, बाबूलाल वर्मा, दयाशंकर, सचिन गुप्ता, सुधा यादव, रागनी वर्मा, पूनम मौर्या, मनीषा वर्मा, सोनी मौर्य, नंदनी यादव, रीपा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी सहभोज से बढ़ेगा आपसी प्रेम : एडीजी

## नाथ नगरी में मकर संक्रांति पर खिचड़ी सहभोज के हुए भव्य आयोजन



बरेली। मकर संक्रांति के अवसर पर नाथ नगरी में उत्साह और उमंग के साथ खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी भोग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पुलिस और जिला प्रशासन ने कोतवाली परिसर में विशेष खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक और एसपी दक्षिण अंशिका वर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। एडीजी रमित शर्मा ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिचड़ी सहभोज से समाज में भाईचारा और प्रेम को बढ़ावा मिलता है। पुलिस प्रशासन ने बढ़ाई समरसताः

खिचड़ी वितरण के दौरान एडीजी, आईजी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं लोगों को खिचड़ी परोसकर समरसता का संदेश दिया। इस आयोजन को सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव की अगुवाई में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। पुलिस द्वारा जरुरतमंदों को कंबल वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि खिचड़ी सहभोज जैसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सकारात्मक संबंध मजबूत होते हैं। महाकुंभ स्नान की जानकारी भी दी गईः इस अवसर पर अधिकारियों ने महाकुंभ-2025 के प्रथम अमृत स्नान से संबंधित तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। ठंड और कोहरे को देखते हुए अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। शहर के प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर भी खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। श्यामगंज स्थित सर्व देव साईं मंदिर, राजेंद्र नगर का बांके बिहारी मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिर, मॉडल टाउन श्री हरि मंदिर और कालीबाड़ी स्थित मां काली मंदिर समेत कई स्थानों पर भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मंदिरों में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। खिचड़ी भोज में सहयोग देने वालों में रवि छाबड़ा, गोविंद तनेजा, संजय आयलानी, अनिल अरोड़ा, धीरज सेठी, और अमित पंत समेत अन्य स्थानीय लोग शामिल रहे।

## धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड में मकर संक्रांति के पर्व पर कराया खिचड़ी सहभोज



मीरगंज, बरेली। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जगह-जगह लोगों ने खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया। इसके साथ ही मीरगंज धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड मीरगंज में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। खिचड़ी सहभोज में चीनी मिल के यूनिट हेड संजय कुमार श्रीवास्तव एवं महाप्रबंधक गन्ना ओमप्रकाश वर्मा एवं कारखाना प्रबंधक अरविंद गंगवार ने खिचड़ी भोज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मिल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संत मंगल पुरी इंटर कॉलेज के उप प्रबंधक अरविंद गिरी एवं प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुभाष गंगवार ने भी इस मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी का वितरण किया। इसमें सैकड़ों की तादात में लोगों ने हिस्सा लिया।

# 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चढ़ाई खिचड़ी

## सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जताया सबका आभार



गोरखपुर। मकर संक्रांति के पुनीत पर्व पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर अपने और अपने प्रियजनों के लिए मंगलकामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर खिचड़ी पर्व के सफल आयोजन के लिए सबका आभार जताया है। एक्स पर सीएम योगी ने लिखा, ह्रदेश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक पर्व मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पुण्य अवसर पर आज श्रीगोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिवावतारी महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ जी को आस्था की पावन खिचड़ी चढ़ाई। पर्व के सफल आयोजन हेतु स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, नगर निगम गोरखपुर, सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवकों को साधुवाद। भगवान भास्कर सभी के जीवन में प्रगति का प्रकाश लाएं, यही प्रार्थना है।

### खिचड़ी मेला सामाजिक समरसता का भी मेला



गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला लोक श्रद्धा भाव के साथ सामाजिक समरसता का भी मेला है। अमीर-गरीब सभी नंगे पाव कतारबद्ध होकर बारी बारी भगवान गोरखनाथ को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ा रहे थे। कोई मुठ्ठी भर श्रद्धा का चावल लेकर आ रहा था तो कोई झोली भर। पर, महायोगी के प्रति भाव सभी का एकसमान था। न जाति का बंधन था न ही धर्म का। सोमवार से ही श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने पहुंच गए थे। मंगलवार को यह संख्या लाखों में हो गई। सुबह चार बजे ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार मंदिर परिसर से बाहर सड़क तक लग गई थी। अलग अलग गेट और बैडिकेडिंग से श्रद्धालुओं की भीड़ को संभाला जा रहा था।

### खिचड़ी सहभोज में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने की सहभागिता



मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धा के साथ सभी श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित करने के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। अमीर-गरीब, जाति, वर्ग का भेदभाव भुलाकर सबने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में आमंत्रित अतिथियों के लिए भी सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों, उद्यमियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। खिचड़ी चढ़ाने आए बच्चों को सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद मकर संक्रांति पर बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को सीएम योगी का आत्मीय सानिध्य मिला। सीएम ने उन्हें मकर संक्रांति की शुभकामनाएं और खूब आशीर्वाद दिया। बच्चों से संवाद करने के साथ ही उन्होंने चॉकलेट भी गिफ्ट किया।

## खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा



गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में आए लाखों श्रद्धालु योगी सरकार की तरफ से किए गए अभिवादन से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खिचड़ी मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस अभूतपूर्व स्वागत से हर्षित श्रद्धालुओं ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के खूब जयकारे लगाए और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में अभूतपूर्व रहा तो उनका स्वागत भी दिल जीतने वाला रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से अपने ऊपर स्वागत के फूल गिरते देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पुष्पवर्षा के साथ पहले से गुंजित गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे की गति तेज और ध्वनि गगनभेदी हो गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल हृदय को स्पंदित करने वाली है।

## मकर संक्रांति : हनुमान मंदिर पर हुआ खिचड़ी प्रसाद वितरित



चौरीचौरा, गोरखपुर। श्री हनुमान मंदिर सरैया सरदार नगर परिसर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर श्रद्धालुओं में खिचड़ी महा प्रसाद वितरण किया गया। बताते चलें कि मंगलवार को सरैया सरदार नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हनुमान मंदिर समिति द्वारा हनुमान जी को खिचड़ी महा प्रसाद का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मंदिर समिति के रमानिवास पांडेय, पवन सिंह, रमेश दीक्षित, किशन निगम, मनोहर सिंह, दयानंद पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, लाल वचन, विवेक दूबे, अभिषेक विश्वास, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा के उरूवां मंडल अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



उरुवा, गोरखपुर। भाजपा के उरुवा मण्डल के नव मनोनीत मण्डल अध्यक्ष विजेंद्र तिवारी का पार्टी के स्थानीय कार्यालय पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बबलू तिवारी, अरुण जायसवाल, सुरेश सिंह, गणेश शुक्ला, बैजनाथ सिंह, जितेंद्र तिवारी, कृष्ण मोहन सिंह, विकास पाठक, सुशील राय, सुरेंद्र त्रिपाठी, शिवकुमार सिंह, संदीप सिंह, विजेंद्र पाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, देवेंद्र तिवारी, मुरलीधर भारती, आशीष पांडे, अतुल पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तरकुलहा के व्यापारियों ने एमएलसी का किया स्वागत

### भाजपा एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह का व्यापारियों ने किया स्वागत अभिनंदन



चौरीचौरा, गोरखपुर। मकर संक्रांति पर्व पर तरकूलहा मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे भाजपा एमएलसी का स्थानीय व्यापारियों ने स्वागत-अभिनंदन किया तथा उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी डाक्टर धर्मेंद्र सिंह अपने जन्मदिन व मकर संक्रांति पर्व पर मंगलवार को मां तरकुलहा देवी का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा लोक-मंगल की कामना किया। तीन वही तरकुलहा धाम व्यापार मंडल एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों, व्यापारियों द्वारा अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ तथा मां तरकुलही के चित्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अभिनव जायसवाल तथा रविन्द्र नाथ जायसवाल द्वारा गरीबों में कंबल वितरित किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व चेयरमैन मुण्डेरा बाजार जेपी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अवधनारायण जायसवाल,, प्रभाकर, अनुभव वाजपेई, अरविंद निषाद, हिमांचल रणविजय शाही अभिनव जायसवाल, राजेश जायसवाल, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मृतक बृजेश पासवान के परिवार से मिला युवा शक्ति पासी संगठन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चकदेईया निवासी तथा कानपुर में ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों मृतक बृजेश पासवान के परिजनों से युवा शक्ति पासी संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात करके आर्थिक मदद दिया। तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए स्थानीय प्रशासन से भी परिवार को सहयोग देने की मांग किया। साथ ही साथ कहा कि परिवार की हालत बेहद खराब है। तीन बच्चे हैं। उनका भविष्य का निर्वहन कैसे होगा, इसपर विचार करते हुए पासी समाज को एकजुट होकर परिवार की मदद करना चाहिए। उक्त अवसर पर नीरज पासवान, अरुण पासवान, रामनाथ, गोविंद पासवान, रंजीत पासवान, आकाश पासवान, इंद्रजीत पासवान, विजय पासवान, धनंजय पासवान, विश्वजीत पासवान, अनीश कुमार पासी, अमित पासवान, नागेंद्र पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बाल सुधार गृह से फिर फरार हुए बाल अपचारी

चरगांवा, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर शाहबाजगंज स्थित बाल सुधार गृह से दो बाल अपचारी सुबह के समय भाग निकले। एक बाल अपचारी को कुछ दूर पर सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया लेकिन दूसरा भागने में सफल रहा। बाल अपचारी के भागने की सूचना बाल सुधार गृह के जिम्मेदारो ने गुलरिया पुलिस सहित को दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विगत 2 महीने पहले गुलहरिया थाना क्षेत्र के शिवपुर शाहबाजगंज में पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा संचालित बाल शिशु गृह में शासन द्वारा बाल सुधार गृह स्थानांतरित किया गया जिसके दूसरे दिन ही तीन बाल अपचारी भाग निकले। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार मकरसंक्रांति के दिन दुबारा सुबह के समय ही मौका देखकर दो बाल अपचारी भाग रहे थे कि सुरक्षा कर्मी की नजर पड़ने पर कुछ दूर तक दौड़ा कर एक बाल अपचारी को पकड़ लिया गया लेकिन दूसरा बाल अपचारी भागने में सफल रहा। भागने वाला बाल अपचारी पीपीगंज का बताया जा रहा है जो लड़की से छेड़छाड़ की घटना में बाल सुधार गृह में निरुद्ध है। बाल सुधार गृह से बार-बार बाल अपचारियों के भागने की घटना से बाल सुधार गृह की सुरक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इस घटना के बाबत गुलहरिया थाने के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि बाल अपचारी के फरार होने के घटना की जानकारी हैं व बाल सुधार गृह के अधीक्षक की ओर से तहरीर भी प्राप्त हुई है।

## मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया



इकदिल, इटावा। नगर में मकर संक्राति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह जगह खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। मकर संक्रांति पर नारायण दिव्यांग सेवा संस्थान इकदिल कार्यालय पर खिचड़ी बांटी गई जिसमें क्षेत्र की जनता व दिव्यांगजन आये और प्रसाद गृहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष जीपू शाक्य, संरक्षक डॉ.सुशील सम्राट, सिम्मी वर्मा, कमलेश शाक्य, राजू गोयल, राहूल शाक्य बारेलाल, चतुर सिंह, प्रकाश बाबू, जगदीश, अतरकली, जीतेन्द्र कुमार, चुन्नी लाल, हजूरी सिंह, विनोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी में भी खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर स्वामी नरेश्र्व महाराज, शरद शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, अवध विहारी तिवारी एड आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार नील कंठ ट्रेडर्स पर भी खिचड़ी का प्रसाद वितिरित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश तिवारी, सुधीर तिवारी, डॉ. सुशील सम्राट, अभिनंदन तिवारी, बृजनंदन तिवारी, अगम तिवारी, सुयश तिवारी, रिशल तिवारी, सुरुचिका तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची सेवा: महेश उमर



गोरखपुर। बड़हलगंज नगर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड व शीतलहरी को देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को सैकड़ों लोगों में कंबल का वितरण किया गया। सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों के सैकड़ों जरूरत मंद लोगों में कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि ठंड व शीतलहरी से कोई प्रभावित न हो इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची सेवा है। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय यादव, ईओ राम समुख, व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, लेखपाल अरविंद विश्वकर्मा, महेंद्र, मंजेश, सभासद दीपक शर्मा, सुनील यादव, जितेंद्र पासवान, ऋषि कुमार, राजीव मिश्रा, अमूल्य चतुर्वेदी, दीपक गौंड, सुदीप वर्मा, सुरेश उमर, दिनेश निगम, अमलेश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद रहें।

संक्षेप

### गुमटी में लगाई आग का आरोपी पकड़ा

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम भरईपुर में तीन दिन पूर्व गुमटी में आग लगाने वाले आरोपित को थाना पुलिस ने भरथना ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम भरईपुर में ऐक एक आरोपित ने तीन दिन पूर्व गांव में रखी परचूनी की गुमटी में आग लगा दी थी। मंगलवार को सूचना मिली कि गुमटी में आग लगाने वाला आरोपित भरथना वाईपास ओवरब्रिज के पास कही जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना पर उप निरीक्षक विनीत पाण्डेय को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा और वाहन का इंतजार कर रहे आगजनी का आरोपित मुरारी पुत्र रज्जन तिवारी निवासी ग्राम भरईपुर थाना बकेवर इटावा को पकड़कर जेल भेज दिया।

### महिला को पीटकर किया घायल

बकेवर, इटावा। कस्वा लखना के मातन मुहाल में पानी भर रही महिला को एक दम्पति ने लाठी डंडो से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल किया। कस्वा लखना के मातन मुहाल की रहने वाली रिजवाना ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह नल से पीने के लिए पानी भर रही थी कि तभी पड़ोस के ही नामजद एक दम्पति मौके पर आये और बिना बजह गाली-गलौज करने लगे जब महिला ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो एक राय होकर दम्पति गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर रिजवाना को गंभीर रूप से घायल कर दिया महिला की चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग बचाने मौके पर पहुँचे हमलावर दम्पति गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने घायल महिला के शिकायती पत्र पर मुना पत्नी नहीम व नहीम पुत्र रेमान निवासीगण मातन मुहाल कस्वा लखना थाना बकेवर इटावा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

### अश्लील हरकते करते पकड़ा

बकेवर, इटावा। 15 वर्षीय छात्रा के साथ अश्लील हरकते करने वाला आरोपित निवाड़ी कला के निकट काली मंदिर के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना क्षेत्र के ग्राम निवाड़ी कला निवासी महिला रंजीता ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कराया है कि गांव का ही एक नामजद युवक उसकी 15 बर्षीय पुत्री को विद्यालय आते जाते समय अश्लील हरकते करता था विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया उन्हे सूचना मिलीकि ग्राम निवाड़ी कला छात्रा के साथ अश्लील हरकते करने वाला आरोपित निवाड़ी कला लुधियानी मार्ग स्थित काली मंदिर के पास वाहन का इंतजार कही जाने के लिये कर रहा है सूचना पर चैकी इंचार्ज अहेरीपुर मान सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा और वाहन का इंतजार कर रहे गौरव पुत्र देव कमल निवासी ग्राम निवाड़ी कला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### तीन लोगों की हादसों में मौत

इटावा। तीन लोगों की अलग अलग स्थानों पर विभिन्न कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। वीरेन्द्र यादव पुत्र कुलदीप यादव दरवा कोआकोल नवादा बिहार अपने पिता के साथ बिहार से दिल्ली जा रहा था अचानक बेहोश हो गया आनन फानन में उसे इटावा स्टेशन पर उतारकर जिला अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धौलपुर निवासिनी दागश्री पत्नी बच्चीलाल उम्र 70 साल रेलवे ट्रैक पार कर रही थी तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई। चैबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुगलपुरा निवासी शिवम जाटव पुत्र रविन्द्र सिंह जाटव ने फांसी लगाकर जान दे दी।

### दबंगों पर मामला दर्ज

इटावा। 11 जनवरी की रात्रि सपा के जिलामहासचिव की यमुना पुल के समीप थाना बढ़पुरा के अंतर्गत जमीन पर कोहरे का फायदा उठाकर नामजद रामसिंह राठौर, मनुराज राठौर, हिमांशु राठौर, अर्जुन सिंह ने अपने 6,7 अज्ञात साथियों के साथ कब्जा करने के इरादे से बाहुबल से चारदीवारी को ध्वस्त कर करने के साथ साथ वहां पर रखा समान आदि उठा ले गए। शालू फिलिंग स्टेशन से रात्रि को ड्राइवर सोनू परिहार के साथ गाड़ी से वापस घर आ रहे पुत्र विकास भदौरिया ने जमीन पर हो रही हलचल को देखा तो पुत्र एवं ड्राइवर के टोकने पर नामजद लोगो ने पुत्र एवं ड्राइवर को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

## इटावा महोत्सव का भव्य समापन समारोह



इटावा। नुमाइश पंडाल में आयोजित हुआ समापन समारोह एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले की प्रबुद्ध हस्तियों और अधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अवनीश राय अध्यक्ष नुमाइश कमेटी, जिलाधिकारी व संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मशहूर शायर रौनक इटावी को उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया यह सम्मान उनके साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना के रूप में दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नुमाइश कमेटी के जनरल सेक्रेटरी विक्रम सिंह राघव, एसडीएम और जिले के अन्य प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे। नुमाइश कमेटी के सम्मानित सदस्यों ने भी समारोह को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कवि सम्मेलन, और विशेष भाषणों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन ने इटावा की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करते हुए सामाजिक एकता और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया। इस समारोह में न केवल इटावा के लोगों के लिए एक यादगार शाम प्रस्तुत की, बल्कि जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी नई ऊर्जा का संचार किया।

## शीतलहर सर्दी को देखकर बांटे कम्बल



इटावा। प्रशांत फाउंडेशन द्वारा भीषण सीत लहर सर्दी को देखते हुए शुरू किये गए महाअभियान के अन्तर्गत लगातार निरंतर विगत कई दिनों से प्रशांत फाउंडेशन द्वारा गरीबों असहाय और जरुरतमंदो की सहायतार्थ कंबलों का वितरण लगातार जारी। फाउंडेशन के सदस्य दृढ़संकल्प के साथ लगातार मदद कर रहे हैं। जिस को जहाँ भी जरूरत होती है फाउंडेशन के सदस्य मसीहा बनकर पहुंच रहे हैं। फाउंडेशन द्वारा सभी जरूरतमंद लोगों को एक ही ध्येय को ध्यान में रखते हुए। नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ मदद करके बचाने का प्रयास किया जा रहा है। फाउंडेशन का एक ही लक्ष्य है एक ही ध्येय और एक ही नारा है प्रशांत फाउंडेशन ने ठाना है हर गरीब को सर्दी से बचाना है। फाउंडेशन के संरक्षक मान सिंह यादव और संस्थापक डॉ. रिपुदमन सिंह यादव और प्रशांत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार यादव द्वारा शुरू किये गए जनकल्याणकारी महाअभियान की हर ओर खूब वाहीवाही एवं तारीफें हो रहीं हैं और लोगों की बहुत दुआयें मिल रही है। फाउंडेशन के इस महाअभियान में जो भी समाजसेवी लोग सम्मलित होना चाहे और गरीबों की मदद करना चाहे तो फाउंडेशन परिवार सभी का हार्दिक स्वागत करता है। और जो इस पुन्य कार्य में निरंतर लगातार निस्वार्थ सेवा भाव से लगे हुए हैं। उनको प्रशांत फाउंडेशन परिवार बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ एवं हार्दिक आभार प्रकट करता है। कंबल वितरण कार्य के दौरान समाजसेवी कौशलेन्द्र यादव, शैलेश यादव, अजय यादव, बबलू यादव, नितिन यादव व सुमित यादव मौजूद रहें।

## राधा - वल्लभ मंदिर पर खिचड़ी उत्सव



इटावा। शहर के छैराहा स्थित वृंदावन धाम राधाबल्लभ मंदिर पर मकर संक्रांति का पावन पर्व मंगलवार को परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर राधाबल्लभ लाल जी महाराज का गर्म पोशाक धारण कराकर आकर्षक श्रंगार किया गया और पंचमेवा औषधीय खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। त्यौहार के मौके पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। पूरे दिन मंदिर व आसपास के क्षेत्र में भगवान राधा वल्लभ लाल व राधा रानी के जयघोष गुंजायमान होते रहे। मंदिर आने वाले भक्तों ने विशेष खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। ब्रज में खिचड़ी उत्सव काफी उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्यों कि भगवान राधा वल्लभ लाल को अन्य व्यंजनों के साथ खिचड़ी काफी प्रिय है। उसी परंपरा के अनुसार यहां पर भी उल्लास के साथ खिचड़ी उत्सव मनाया जाता है। ठाकुर जी के लिए विशेष प्रकार की खिचड़ी तैयार की जाती है। वैसे तो यह खिचड़ी शुद्ध घी में मूंग की दाल व चावल की बनी होती है। लेकिन इस खिचड़ी में लोंग, इलायची, केसर, काली मिर्च, जायफल, जावित्री, पिस्ता, बादाम, छुहारा, गरी, किसमिस, अदरक, मुनक्का भी डाला जाता है, इसी औषधि युक्त खिचड़ी का भोग भगवान को अर्पित किया जाता है। त्यौहार के मौके पर ठाकुर जी के चरण सेबक गोपाल प्रकाश चंद गोस्वानी व प्रथम शर्मा ने सुबह मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान ठाकुर जी का विशेष पूजन अर्चन करने के बाद गर्म नई पोशाक धारण कराकर श्रंगार किया। इसके बाद दोपहर 12 बजे विशेष पंचमेवा खिचड़ी के साथ अन्य कई प्रकार के व्यंजनों का भोग ठाकुर जी कोअर्पित किया। सुबह से शाम तक ठाकुर जी के पूजन अर्चन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे सभी ने भगवान के आकर्षक श्रंगार को भी निहारा। खिचड़ी उत्सव के मौके पर ठाकुर जी को विशेष रजाई भी ओढ़ाई गई।

## किसान को दिखा तेंदुआ गांव में फैली दहशत

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के एक गांव में फसल की रखवाली को जाने के दौरान रात्रि समय एक किसान को सेंट जेवियर्स स्कूल के पास खेत पर तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। कुछ ही समय में समीपवर्ती खेतों पर लेते किसान एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 100 पुलिस व सैंकुअरी की टीम ने मौके की स्थिति का जायजा लेते हुए किसान को सचेत रहने की चेतावनी दी। तेंदुआ दिखने से किसानों सहित ग्रामीण भयभीत है। गनियावर गांव निवासी किसान रूप सिंह सोमवार रात्रि समय करीब 11 बजे अपने घर से खेत की रखवाली के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गांव के बाहर बने सेंट जेवियर स्कूल के समीप में किसान को खेत मेड़ पर अचानक तेंदुआ दिखाई दिया, तो किसान दंग रह गया। किसान की चीख-पुकार के बाद समीपवर्ती खेतों के मचान पर लेटे पिंटू चैहान, अमन चैहान, सत्यम सिंह, नेक सिंह सहित दर्जन भर किसान एकत्रित हो गए और शोरगुल करने पर तेंदुआ खेतों की तरफ भाग गया। तदोपरांत दूरभाष की सूचना पर डायल 100 पुलिस व सैंकुअरी की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करते हुए किसानों को सचेत रहने की सलाह देते हुए कुछ दिन में जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। इन दिनों चकरनगर क्षेत्र में तेंदुओं का खासा खौफ देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिन में तीन गांव में चार बकरियां मार चुके है और चैथे दिन किसान की जान बाल-बाल बच गई। क्षेत्र के गांवों में तेंदुए के द्वारा की जा रही लगातार वारदातों से क्षेत्र की जनता बुरी तरह भयभीत है। क्षेत्र की जनता ने सरकार से तेंदुओं का हाल खोजने की अपील की है। विशुनपाल सिंह चैहान, सैंक्चुअरी दरोगा चकरनगर ने बताया कि गनियावर में एक किसान को तेंदुआ दिखाई दिया था, हम लोगों को नहीं दिखा है, किसानों को सचेत किया गया है।

संक्षेप

## वारंटी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना नीमगांव पुलिस द्वारा, वारंटी अभियुक्त रामकिशोर पुत्र श्याम सुन्दर को गिरफ्तार किया गया मंगलवारको थाना नीमगांव पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में वारंटी अभियुक्त रामकिशोर पुत्र श्याम सुन्दर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। उ0नि0 सिद्धांत पवार थाना नीमगांव, हे0का0 संजय सिंह शामिल रहे।

## आज साढ़े दस बजे से विद्यालय खुलेंगे आज

लखीमपुर खीरी।14 जनवरी तक शीत लहर के चलते परिषदीय विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक पहले से बंद चल रहे थे। 15 जनवरी से कक्षा 1 से कक्षा 8 तक विद्यालय नई समय सारणी से खोलने के निर्देश दिए गए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा 1 से कक्षा 8 तक जनपद के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रातः 10:30 बजे से खोले जाएंगे ।दोपहर 3:00 बजे विद्यालय बंद किए जाएंगे।शीत लहर के चलते नई समय सारणी जारी की गई है। आदेश का पालन न करने पर संबंधित विद्यालय के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से युवक की मौत

सीतापुर।कोतवाली देहात इलाके के नेवादा प्रेम सिंह गांव निवासी सचिन उम्र 21 वर्ष घर में ही बिजली के तार दुरुस्त कर रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। घटना को देख परिजनों ने किसी तरह से लाइन काटकर सचिन को बिजली के तार से अलग किया। लेकिन तब - तक उसकी हालत बिगड़ चुकी थी।परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद सचिन को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने इसकी सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी है।

## तीन हत्यारे गिरफ्तार

बहेड़ी, बरेली। पुलिस ने अकबराबाद के युवक के हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों ने अलाव को लेकर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया। अकबराबाद गांव के सोनू पुत्र धर्मपाल का शव मितापुर गांव की नगर मिला था।इस मामले में सोनू के पिता धर्मपाल ने गांव के ही विशाल, जीशान और नासिर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें पिता का कहना है कि उसके पुत्र सोनू की आग तापने को लेकर लड़ाई हो गई थी।जिसके बाद तीनों ने उसके पुत्र की हत्या कर शव मितीडंडी की नहर में फेंक दी थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि नासिर के घर के सामने सोनू ने अलाव लगाया था। इसी को लेकर उनमें कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद सोनू नासिर के घर जाकर गालियां देकर आया था। यह बात नासिर को नागवार लगी और उसने जीशान और विशाल के साथ मिलकर हत्या कर दी। विशाल ने बहाने से बुलाया फिर उसको जमकर शराब पिलाई। उसके बाद तीनो ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी और लाश नहर में फेंक दी।

# तीर्थ पर चबूतरा और सीढ़ियां बनाने में आई तेजी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर निर्माण को लेकर मंगलवार को मकर संक्रांति वाले दिन मलबा हटाए जाने का काम बंद रहा। क्योंकि सुबह तड़के से ही मकर संक्रांति होने के कारण श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो गया था।

भीड़ ज्यादा होने के कारण किसी अनहोनी से बचने के लेकर मलबा हटाए जाने का काम बंद करना पड़ा। इधर गोकर्ण तीर्थ और नीलकंठ मैदान के बीच चबूतरा बनाने को लेकर काम तेजी से होता हुआ दिखाई दिया। सोमवार को मुख्य आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला और उनकी टीम ने पौराणिक शिव मंदिर परिक्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्माण के बारे में जानकारी दी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि जनवरी के अंतिम या फरवरी के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिव मंदिर कारिडोर का शिलान्यास कर सकते हैं। हालांकि अभी गोकर्ण तीर्थ के साथ स्टेशन और पीलीभीत धर्मशाला के सामने के मार्ग बनाए जा रहे हैं। मुख्य मार्ग स्टेशन मार्ग की ओर से ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से बनाया जाना प्रस्तावित है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम चरण का ध्वस्तीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। ध्वस्त दिए गए परिक्षेत्र के चारों तरफ एक बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। ध्वस्तीकरण को लेकर मेला प्रशासनिक कार्यालय के पास बने मकान में रह रहे संजय लाला सहित विकास और शिवकुमार गुप्ता ने हाई कोर्ट की शरण ली है। जिसमें उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता का शपथ पत्र लिया गया है। जिसकी अगली तिथि 17 जनवरी 2025 को लगी है। इसी के साथ डल्लू राम धर्मशाला के पास स्थित बिंदु शाह का मकान बना रह गया है। जिन्हें उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने 15 जनवरी बुधवार को बातचीत के लिए बुलाया है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका मकान भी एक-दो दिन में ध्वस्त किया जा सकता है।

## डॉ.वेदप्रकाश की कृति 'पकड़ा गया प्रभात' का हुआ विमोचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द बाल उद्यान में एक समारोह में डा.वेद प्रकाश अग्निहोत्री की नव्य कृति पकड़ा गया प्रभात का विमोचन सभाध्यक्ष डा.गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर, मुख्यअतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि डा.नागेश पांडेय संजय, महेन्द्र भीष्म, शुभकार नाथ शुक्ल सहित स्थानीय साहित्यकारों ने किया।

कृति को डा. वेद ने अपने गुरुदेव कीर्तिशेष डा. गणेश दत्त सारस्वत को समर्पित किया है। कृति में लेखकीय आशीष श्रद्धेय प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित और दिविक रमेश ने दिया है। पुस्तक में इक्यावन गीतिकाओं का संग्रह किया गया है। सभी रचनायें बाल उपयोगी और सरल भाषा में रची गई है। इस अवसर पर अवधेश मिश्र, केके शुक्ल, डा.सौरभ दीक्षित, मधुकर सैदाई, सन्त कुमार बाजपेयी, श्रीकान्त तिवारी, रमेश पांडेय, नन्दी लाल, सुधीर अवस्थी, शशिकान्त मिश्र, ब्रजेश तिवारी मौजूद थे।

## किसानों ने जलाई कानून की प्रतियां



पिपरिया धनी खीरी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह सिंधू, जिला उपाध्यक्ष हरदयाल सिंह, तहसील अध्यक्ष फूल सिंह, कार्यालय अध्यक्ष अमरजीत सिंह,ब्लॉक कुंभी अध्यक्ष बलजिंदर सिंह, ब्लॉक मोहम्मदी अध्यक्ष अमरदीप सिंह, जिला प्रभारी सुखदेव सिंह, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष जगत सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मदी रणधीर सिंह, आदेश कुमार, शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू सिंह यादव आदि ने सोमवार की शाम रेहरिया कार्यालय पर काले कानून की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, अमीन नगर चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र त्रिवेदी, हेड कांस्टेबल पवन कुमार रावत, विवेक कुमार, रोहित कुमार, सुरेंद्र गोस्वामी आदि तैनात रहें हैं।

## एसपी खीरी ने कई थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा थाना नीमगांव, थाना मैगलगंज, थाना मितौली व चौकी कस्ता का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना प्रभारियों को शीत ऋतु के दौरान कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व बचाव के दृष्टिगत वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर चालकों को यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा थाना नीमगांव, थाना मैगलगंज, थाना मितौली व चौकी कस्ता का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। थाने पर लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न मुकदमों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण के संबंध में भी निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

## खिचड़ी दान के साथ मना मकर संक्रांति पर्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मकर संक्रांति पर्व पर क्षेत्र में खिचड़ी दान देने के साथ परम्परागत ढंग से हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जगह जगह खिचड़ी के भंडारे कर लोगों को खिचड़ी खिलाई गई।

मकर संक्रांति पर्व को लेकर सुबह से ही पौराणिक शिव मंदिर पर भक्तों की भीड़ लग गई। भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद गरीबों को खिचड़ी दान की। लखीमपुर रोड पर शुभम अग्निहोत्री, सहकारी गन्ना विकास समिति पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश श्री कृष्ण वर्मा की मौजूदगी में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। मोहम्मदी रोड पर कांग्रेस के विपुल गुप्ता ने खिचड़ी भोज कराया। शहर समेत पूरे इलाके में तमाम जगह भंडारे कर लोगों को खिचड़ी का प्रसाद दिया गया। यह सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।मकर संक्रांति पर्व पर किसानों के गन्ना भुगतान न होने का दर्द देखा गया। साथ ही सरकार द्वारा गन्ने का रेट घोषित न किए जाने से किसान निराश दिखे। किसानों ने कहा कि लगभग 14 माह व्यतीत हो रहे हैं बजाज ग्रुप की चीनी मिलों ने पिछले साल का बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया। इस सत्र का भी करोड़ों रुपये का गन्ना भुगतान बकाया हो गया है।उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक गन्ना मूल्य भी तय नहीं किया है। जिसे लेकर किसानों में असंतोष दिखा। इस मौके पर संतोष सिंह भदौरिया, शिवदयाल वर्मा, अनिल वर्मा, भारत लाल, जय सिंह यादव, राधेश्याम वर्मा, मुन्ना लाल, नत्थू लाल, राहुल समेत तमाम किसान मौजूद थे।

## दबिश डालने गई पुलिस टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध

बरेली।मीरगंज थाना क्षेत्र में दिल्ली पुलिस की टीम ने मीरगंज पुलिस के साथ दो वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी।लेकिन इस दौरान करीब 15 से 20 महिला और पुरुषों ने इसका विरोध किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। जिसका फायदा उठा कर वारंटी युवक मौके से फरार हो गए।इस मामले में थाना मीरगंज में 15 से 20 महिला और पुरुषों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है।घटना दिनांक 11 जनवरी की है ।दिल्ली पुलिस टीम थाना भलस्वा डेरी से संबंधित वारंटी अभियुक्तों आसिम पुत्र रहीश और इरफान पुत्र क्ली खान की गिरफ्तारी के लिए मीरगंज थाने आई हुई थे।दिल्ली की टीम मीरगंज पुलिस के साथ सबसे पहले दबिश देने ग्राम रईया नगला पहुंची, जहां आसिम पुत्र रहीश के घर पर दबिश दी गई, लेकिन अभियुक्त नहीं मिला।इसके बाद टीम ग्राम गुलडिया पहुंची, जहां इरफान पुत्र बली खान के घर का दरवाजा बंद था।दरवाजा खुलवाने पर एक व्यक्ति पीछे की दीवार कूद कर भाग गया।जानकारी करने पर उस व्यक्ति का नाम इरफान पुत्र वली खान पता लगा।इस दौरान लगभग 15 से 20 महिला एवं पुरुषों ने जबरदस्त विरोध किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली।इस विरोध के कारण पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार करने में नाकाम रही।

## शासन का एक्शनः सेमीखेड़ा चीनी मिल जीएम और सीसीओ पर गिरी गाज

देवरनियां, बरेली।जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।मिल अफसरों के बीच बनी गुटबाजी और राजनीति की गाज मिल के प्रधान प्रबंधक (जीएम) और मुख्य गन्ना अधिकारी (सीसीओ) पर गिरी है।दोनों को यहां से हटा दिया गया है।जीएम पद पर तो तैनाती हो गई है, मगर सीसीओ का पद अभी रिक्त है।

बरेली-नैनीताल हाईवे किनारे नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा सेमीखेडा में किसान सहकारी चीनी मिल स्थित है।जोकि, बरेली जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल है।पुरानी हो चुकी मशीनरी के कारण ठप होने वाले पेराई की वजह से सेमीखेडा चीनी मिल सुर्खियों में रहती है।सूत्रों के अनुसार मिल अफसरों में गुटबाजी चल रही थी और इसी को लेकर राजनीति की जा रही थी।एक वर्ष पूर्व तैनात हुए मिल के जीएम शादाब असलम खान के खिलाफ अंदरखाने मुहिम चल रही थी, और इसी को लेकर शासन में शिकायत की गई थीं।तीन माह पूर्व तैनात हुए सीसीओ भीम कुशवाह पर भी आरोप थे।इसके अलावा उन पर डबल गन्ना पर्ची तुलवाने जैसे संगीन आरोप भी लगे थे।शासन ने मिल में चल रही गुटबाजी का संज्ञान लेते हुए जीएम शादाब असलम खान को हटाकर फरुर्खाबाद जिले की कायमगंज किसान सहकारी चीनी मिल में जीएम बनाया गया है।जबकि सीसीओ भीम कुशवाह को लखनऊ चीनी मिल मुख्यालय अटैच किया गया है।बदायूं चीनी मिल के जीएम पद से रिटायर किशन लाल को सेमीखेडा चीनी मिल का जीएम बनाया गया है।उनकी नियुक्ति संविदा के आधार पर ग्यारह माह के लिए शासन ने की है।काम अच्छा होने पर यह आगे भी बढ़ सकती है।जबकि, सीसीओ पद पर अभी किसी की तैनाती नहीं की गई है।मिल यहीं कार्यरत कुमार मनीष को सीसीओ को चार्ज दिया गया है।बदायूं से मंगाया गया सॉफ्ट हुआ रिजेक्ट, सेमीखेडा मिल? पूरी तरह हुई ठपःशनिवार देर शाम कोहलू नम्बर एक का साफ्ट अचानक टूट जाने से सेमीखेडा चीनी मिल कुछ घंटे ठप होने के बाद बाइपास कर धीमी गति से चलाई जा रही थी।मगर सोमवार रात मिल पूरी तरह बंद हो गई, हालांकि मंगलवार देर शाम मिल प्रबंधन द्वारा धीमी गति से मिल चलाने का दावा किया जा रहा था।इधर बदायूं चीनी मिल से मंगवाया गया साफ्ट को रिजेक्ट कर दिया गया है।अब मझौला या गाजियाबाद से नया साफ्ट मंगवाया गया है।सामान्य रुप से मिल चलने में समय और लगेगा।

## नगर पंचायत धौरहरा में अलाव के नाम पर हो रही फर्ज अदायगी

धौरहरा खीरी।नगर पंचायत धौरहरा में कड़ाके की ठण्ड में आम आदमी भले ही कंपकंपा रहा हो, लेकिन निकाय के लिए अलाव जलवाना सिर्फ फर्ज अदायगी भर देखा जा सकता है।सूत्रों की माने तो नगर पंचायत धौरहरा में अलाव के नाम पर महज दिखावा किया जा रहा है।शासन के निर्देश हैं कि असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण और आबादी के बीच सार्वजनिक अलाव जलाए जाएं, लेकिन यह दोनों काम प्रशासन के लिए फर्ज अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं हैं।नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव जलवाने की जिम्मेदारी निकाय की होती है।नगर पंचायत के कर्मचारी गाड़ी भरकर लकड़ी और भूसी लेकर निकलते तो हैं, लेकिन अलाव जैसे अलाव नहीं जलते।कुछ लकड़ी, थोड़ी धान की भूसी डालकर उसमें जलता हुआ कागज फेंकने के बाद निकाय का फर्ज पूरा हो जाता है।नगर पंचायत में कई जगहों पर पंचायत के कर्मचारी भूसी लकड़ी महज अदायगी भर की रखते है लेकिन लोगों ने बताया वाह भी लकड़ी गीली होती है जो कभी जलती ही नहीं है।और तो और कागज पर कुछ और हकीकत में कुछ और है।सूत्रों की माने तो कुछ खास मोहल्लो व नुक्कड़ों पर अलावा जलते है।

## लापता किशोर को ढूंढ पुलिस ने भेजो किशोर कल्याण बोर्ड

मीरजापुर।थाना ड्रमंडगंज क्षेत्र के चंद्रगढ मुड़ेल स्थित घर से निकले लापता एक आठ वर्षीय किशोर को पुलिस ने खोजते हुए सोमवार को लहुरियादह गांव के पास से बरामद कर बाल कल्याण न्यायालय भेज दिया।इस संबंध में किशोर के बाबा श्रीचंद्र पाल ने रविवार को देर शाम थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।दी गई तहरीर में उन्होंने बताया था कि उनका आठ वर्षीय नाती मानस पाल पुत्र सुरेश पाल रविवार को सुबह बिना कुछ बताए घर से निकला था।काफी देर तक जब वह वापस घर नहीं आया तो परिजन आसपास उसकी खोज करने लगे।जब शाम तक भी किशोर घर नहीं लौटा तो उसके बाबा ने पुलिस को इसकी तहरीर दी। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी। सोमवार को सुबह सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज ने लहुरियादह के पास स्थित एक दुकान के सामने से उसे बरामद कर लिया।पुलिस के पूछने पर उसने बताया की वह अपने नानी के घर जाने के लिए घर से निकला था।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोर बाल कल्याण न्यायालय भेजा गया है।

## साल भर से बिछड़ी महिला को परिजनों को सौंपा

जौनपुर।जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा गांव से एक वृद्ध और मंदबुद्धि की 60 वर्षीर्या महिला को पुलिस ने उसके निवास स्थान का पता लगाकर उसके मंगलवार को उसके परिजनों को सौंप दिया । चांदपुर नई बस्ती जिला बलिया निवासी सुशीला पासवान पत्नी दद्दन पासवान जो कि अपने घर से एक वर्ष पूर्व लापता हो गई थी। और भटकते- भटकते थाना क्षेत्र के नेवादा गांव स्थित यादव कटरा में निवास कर रही थी।बृद्धा अपनी पहचान नही बता पा रही थी।जफराबाद पुलिस ने भी उस महिला के पता जानने के लिए ठान लिया था।पुलिस उक्त महिला के संबंध में पता लगाते-लगाते बलिया पहुंच गई, और वहां से उसकी संपूर्ण जानकारी व रिश्तेदारों को सूचना देकर वापस चली आई थी ।मंगलवार को उस महिला के रिश्तेदार भांजा अरविंद पासवान और दामाद रामबाबू पासवान जाफराबाद थाने पर पहुंचे पुलिस ने वृद्ध सुशीला पासवान को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## युवा अध्यक्ष अवनीश केशरवानी ने ली शपथ




जौनपुर। जेसीआई युवा के नवचयनित अध्यक्ष अवनीश केशरवानी को अध्यक्ष आकाश केशरवानी ने पद की शपथ दिलाई तत्पश्चात अध्यक्ष ने लेडी चेयरपर्सन रश्मि केशरवानी सहित पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।नगर के एक होटल में डॉ0 आलोक अरुण प्रकाश मौर्य एवं अभिनव गुप्ता के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका चेयरमैन दिनेश टंडन, आलोक सेठ, उपाध्यक्ष सोमेश्वर केशरवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आकाश केशरवानी द्वारा सभी कार्यक्रम निदेशकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया, जिसमें बेस्ट मेंबर अवनीश केशरवानी एवं श्रेयश जायसवाल, बेस्ट न्यू मेंबर आर्यन सेठ एवं अमन साहू, बेस्ट ऑफिसर सचिव नयन श्रीवास्तव मोहित एवं वर्ष पर्यंत सर्वश्रेष्ठ सहयोग के लिए शिवेंद्र गुप्ता को मिला।वर्ष पर्यंत सभी संयोजक को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के हाथों अवार्ड देकर सम्मानित किया गया ।मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्थाएक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिससे जुड़ कर आप बहुत कुछ सीख सकते हैं ।विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका चेयरमैन दिनेश टंडन ने कहा कि जेसीआई युवा से सभी युवाओं को जुड़ना चाहिए और व्यक्तित्व विकास की संस्था से बहुत कुछ अपने जीवन में उतार सकते हैं ।

## भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

फतेहगंज पूर्वी, बरेली।क्षेत्र में स्थित रामगंगा घाट नगरिया, कादरगंज पढ़ेरा, मानपुर में पौष पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गंगा स्नान करने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।इस दौरान भक्तों ने हर हर गंगे बोलकर आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ प्रमुख घाटों पर काफी दुकानें सजी।जिनमें खाने पीने के व्यंजन समेत पान प्रसाद की दुकानें शामिल थी।जहां श्रद्धालुओं ने खरीदारी की।वहीं मां गंगा को धूप दीप प्रज्ज्वलित कर परिवार को सुख शांति की कामना की।गंगा स्नान मंगलवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जारी रहा, इस दौरान मंगलवार को खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया।साथ ही नेशनल हाईवे किनारे स्थित हनुमान मूर्ति पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया।

# तो मैं खुद को घटा कर निकल जाऊंगा...




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में विराट कवि सम्मेलन किया गया। कवि सम्मेलन की शुरूआत बृजेश तिवारी बृजेश की मधुर वाणी वंदना से हुई -शारदे मां तुम्हें मनाऊं मैं, हाथ खाली है क्या चढ़ाऊं मैं।

इसके बाद स्वामी विवेकानंद पर काव्य पाठ करते हुए गेंदनलाल कनौजिया ने कहा- भारतीय दर्शन की जिसने गहरी धाक जमाई, पाश्चात्य संस्कृति के गौरव की धज्जियां उड़ाई। संत कुमार बाजपेई संत ने स्वामी जी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा-जगत प्रसिद्ध विवेकानंद, जब तक जिए जिए सानंद, पहुंच शिकागो पाया मान, बनी अलग उनकी पहचान। बाल साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ.नागेश पांडेय ष्संजयष् ने काव्य पाठ करते हुए कहा-मैं निरा पाषाण था तुमने तराशा और मेरा रूप मनभावन गढ़ा है, हूं प्रखर संपूर्ण इसका श्रेय तुमको क्या कहूं यह अनुग्रह कितना बड़ा है। रमेश पांडे शिखर शलभ ने सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी- सच कहूं प्रश्न यदि जोड़ने का उठा, तो मैं खुद को घटा कर निकल जाऊंगा। डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने स्वामी जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा- शांति पथ सद्भाव के प्रेरक विवेकानंद थे, विश्व में युव क्रांति के नायक विवेकानंद थे।इसके अतिरिक्त सृष्टि पांडे, शुभकार नाथ शुक्ल,महेंद्र भीष्म,शशिकांत मिश्रा, श्रीकांत तिवारी, मधुकर शैदाई,बेनीराम अनजान, नंदी लाल निराश, डॉ गंगा प्रसाद गुण शेखर आदि ने काव्य पाठ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गंगा प्रसाद गुण शेखर ने की और संचालन शिप्रा खरे ने किया। आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रधानाचार्या शशिबाला राबड़ा ने ज्ञापित किया।

## कार खाई में पलटी भाई-बहन की मौत, चार घायल

जिला संवाददाता(vol)

बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र में तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। हल्द्वानी से लौअ रही एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गई, जिसमें भाई-बहन की मौके पर मौत हो गई और परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसे की बजह चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के भंडसर निवासी 30 वर्षीय मुन्ने अपनी बड़ी बहन खुशनुमा से मिलने हल्द्वानी गए थे। आज सुबह वह कार से वापस आ रहे थे।जैसे ही उनकी कार तड़के चार बजे के समय हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सेथल रोड पर कर्बला के निकट पहुंचीं चालक का नींद की झपकी आ गई, कार अनियंतत्रित होकर खाई में गिर कर पलट गई। जिससे कार में सवार मुन्ने उनकी 30 वर्षीय बहन मुस्कीन की मौके पर मौत हो गई।वहीं चालक युनुस, मुन्ने के भाई मेंहदी हसन, बन्ने बख्श और उनकी पत्नी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

जैसे ही हादसा हुआ घायलों की चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों केशव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया।मृतक मुन्ने की पत्नी बबली का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गया।

## राशन कार्ड न बनाए जाने पर वकीलों ने व्यक्त की नाराजगी

### पूर्ति निरीक्षक पर लगाया मनमानी का आरोप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सोमवार को तहसील के अधिवक्ता सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में परिसर में बने पूर्ति निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां अधिवक्ताओं ने पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के कर्मचारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जरूरतमंद और निर्धनों के राशन कार्ड न बनाए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। अधिवक्ताओं का कहना है कि जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं ,जबकि अन्य लोगों के सुविधा शुल्क लेकर राशन कार्ड बना दिए जा रहे हैं।

राशन कार्ड आवेदन पत्रों को कर्मचारी किसी रजिस्टर पर नहीं चढ़ाते हैं। जरूरतमंद लोग आए दिन कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। लेकिन उन्हें कुछ न को कुछ कमी बताकर कर टरका दिया जाता है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं और पूर्ति निरीक्षक के बीच नोक झोंक भी हुई। हालांकि पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में खड़े शिवपुर सांडा निवासी नितेश कुमार शुक्ला ने बताया कि उनका राशन कार्ड काट दिया गया था।जिसे दोबारा बनवा जाने को लेकर कई बार पूर्ति निरीक्षक कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं।कुछ ना कुछ कमी बता कर वापस कर दिया जाता है। अमीर नगर क्षेत्र निवासी रामदेवी ने बताया कि राशन कार्ड बनवाए जाने को लेकर पिछले दो महीने से लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों के चक्कर लगा रहे हैं।लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं बन पाया है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि किसी का राशन कार्ड शिकायत के आधार पर काटा जाता है। एक प्रक्रिया के तहत नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

संक्षेप

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

मीरजापुर ।अदालहाट थाना क्षेत्र के बारीजीवनपुर कतीया गांव के पास घरेलू कलह के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मृतक धर्मेंद्र पटेल की 06 माह पुर्व शादी हुई थी, वह राजमिस्त्री का करता कार्य था ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## लालसा पांडेय को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आजमगढ़। इमरजेंसी के दौरान सरकार के नितियों के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लालसा पांडेय सोमवार को जिंदगी की लड़ाई हार गए। ज्ञात हो कि लालता पांडेय का 3 दिन पहले हार्ट अटैक के बाद बीएचयू में इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया, मंगलवार को उनके निवास नसरुद्दीनपुर सठियांव में नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। 1975 में लालसा पांडेय को गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया गया था। काफी कम उम्र में सरकार की इमरजेंसी नीति के खिलाफ लालसा प्रसाद पांडेय ने साथियों के साथ लड़ाई लड़ी थी। स्व. ललित पांडेय के दो पुत्र योगेश व मुकेश पांडेय तथा दो पुत्रियां अंजू ओझा, संजू पाठक के साथ पत्नी भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। ज्ञात हो कि 65 वर्षीय लालता पांडेय के 1975 में इंदिरा सरकार की इमरजेंसी के खिलाफ काफी कम उम्र में नीतियों का विरोध कर लड़ाई लड़ें थे। इस मौके पर मुबारकपुर प्रभारी निहार नंदन, रामजी पांडेय, विशाल ओझा, अजीत कुमार पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, प्रणव गोपाल पांडेय, अजीत पांडेय, अभिषेक यादव, कमला पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जानलेवा मांझा के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

जौनपुर। मकरसंक्रांति के पर्व पर पतंग उड़ानें के लिए प्रयोग में लाये जा रहें प्रतिबंधित नायलान धागा, सिन्थेटिक लेपन युक्त धागा, नान बायोडिग्रेडेबल मांझा, प्लास्टिक धागा, तांत धागा का उपयोग न करने के लिए मुफ्तीगंज बाजार में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विकास तिवारी की अगुवाई में जागरूकता अभियान चलाया गया, तथा बाजार क्षेत्र मे जानलेवा मांझा पर प्रतिबंध लगे नाम का पोस्टर लगाकर लोगों से उक्त प्रकार के धागा का उपयोग न करने का आग्रह भी किया गया। भ्रमण के बाद स्थानीय पुलिस चैकी पर पहुंचकर चैकी प्रभारी से मिलकर बाजार में बिक रहे प्रतिबंधित धागे पर रोक लगाने की मांग की ।विकास तिवारी का कहना है कि पतंग उड़ानें वाले प्रतिबंधित धागे पर रोक के बावजूद भी भारी संख्या में लोग इसे खरीद और बेच रहे हैं। खरीदने और बेचने वालों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत 5 साल तक की सजा और ?1 लाख तक का जुमार्ना व भारतीय दंड संहिता (प्च्ब) की धारा 188 (सरकारी आदेश का उल्लंघन) के तहत 6 महीने तक की सजा या जुमार्ना है ।बंद के लगभग आठ साल बाद भी मांझे से मौत के मामलों का सामने आना निश्चित रूप से आम जनता और जिम्मेदार अथॉरिटीज की ओर से इसे लागू करने में इच्छाशक्ति की कमी दिखाता है। आलोक राय, करूणेन्द्र सिंह , नीरज पाठक, आलोक राय , शुभम राय, शशिकांत प्रजापति, नवीन यादव, गोविन्द यादव, अनन्त मोदनवाल, अनिल मोदनवाल आदि रहे।

## खिचड़ी सहभोज भंडारे का किया आयोजन

जौनपुर ।नरेंद्र मोदी विचार मंच के जिला अध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के नवाब युसूफ रोड पर खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। तमाम जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी के दिन प्रयोग होने वाले सामान लाई चूड़ा गट्टा आदि पैकेट में बनकर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर कोतवाल मिथलेश कुमार मिश्रा ने फीता काटकर व मा भारती ने किया। जिला अध्यक्ष द्वारा अंग वस्तावरण देकर सम्मानित किया गया । सहभोज में लगभग 500 से अधिक लोगों ने खिचड़ी का आनंद उठाया। वही इस मामले में है जिला अध्यक्ष ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया है लोगों ने खिचड़ी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया है आपसी भाईचारा और एकता बनाए रखना के प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा जिसमें सभी की सहभागिता है।

# मण्डलायुक्त पहुंचे अटल आवासीय विद्यालय

## मचा हड़कम्प, उप श्रमायुक्त व श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक ने अपने औचक निरीक्षण के क्रम में सोमवार को तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम गंभीरवन स्थिति अटल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया जहॉ अनेक अनियमिततायें पाई गयीं। उन्होंने देर सायं तक चले निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पाई गयी भारी अनियमितताओं पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उप श्रमायुक्त राजेश कुमार एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेन्द्र सिंह को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही विद्यालय के नोडल अधिकारी सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार सोनकर के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने तथा प्रधानाचार्य ब्रज किशोर नरायन सिंह को विद्यालय से हटाने की संस्तुति प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालय में तैनात एक लिपिक आशुतोष राय जिसे लाइब्रेरियन का भी दायित्व सौंपा गया था, के विरुद्ध कई गंभीर शिकायतें मिलने पर मण्डलायुक्त ने उसकी सेवा को तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाने का भी निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त विवेक ने विद्यालय में



छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर पठन पाठन, आवासीय सुविधाओं, भोजन, हास्टल में मिलने वाली सुविधाओं, पाठ्य सामग्री की उपलब्धता, खेलकूल, स्टेशनरी, विद्यालय और हास्टल की साफ सफाई आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अपने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले कतिपय कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा लिया। उनके द्वारा पूछे गये सामान्य प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

**गड़बड़ी उजागर**

कक्षाओं के बच्चों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें एक साल में 12 कापियॉ तथा दो कलम ही दिये गये हैं। इसके अलावा जो बैग दिये गये थे वे फट गये हैं, पीने के लिए आरओ का पानी उपलब्ध नहीं होता है। खेल के मैदान में जमीन से काफी कंकर निकल रहे हैं, जिससे खेलने में प्रायः चोट लग जाती है। छात्र छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि हास्टल की हफ्ते में दो तीन बार ही सफाई होती है, जबकि प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए। यह भी बताया गया कि साफ सफाई के लिए झाड़ू, नहाने के लिए साबुन, शैम्पू तथा तेल, ब्रश, टूथपेस्ट आदि भी नहीं दिया जा रहा है। छात्राओं द्वारा बताया गया कि भण्डार पाल द्वारा पहले उन्हें 6-6 साबुन दिये गये थे, परन्तु बाद में 2-2 साबुन वापस ले लिए गये गये। इसके अलावा छात्र छात्राओं द्वारा भोजन मीनू के अनुसार नहीं दिये जाने तथा भोजन की क्वालिटी अत्यन्त खराब होने आदि सहित कई अन्य शिकायतें की गयी। मण्डलायुक्त ने छात्र-छात्राओं से प्राप्त शिकायतों की पुष्टि के लिए पूरे टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को प्रिन्सिपल के चैम्बर में एकत्र कर सम्पादित कार्यो की समीक्षा किया तो कई अनियमिततायें प्रकाश में आईं तथा छात्र छात्राओं द्वारा की कई अधिकांश शिकायतों की पुष्टि हुई। मण्डलायुक्त विवेक ने इसके बाद ब्वायज हास्टल एवं गर्ल्स हास्टल का भी मुआयना किया, जहॉ साफ सफाई की स्थिति अन्यन्त खराब पाई गयी।

ब्वायज हास्टल के शौचालय में लगे चार वाश बेसिन में से एक की टोंटी टूटी हुई थी, दो की मेन पाइप गायब थी, केवल एक वाश बेसिन संचालित था। इसी प्रकार शौचालयों का फ्लश खराब था, उसकी सफाई भी कई दिनों से नहीं की गयी थी। गर्ल्स हास्टल की भी साफ सफाई काफी खराब पाई गयी। कई बेडशीट काफी गन्दी मिली। हास्टल, डाइनिंग हाल, किचन आदि के निरीक्षण के समय यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि प्रधानाचार्य द्वारा सोमवार को आधे दिन की छुट्टी कर दी गयी है, जबकि इसके लिए न तो कोई शासनादेश निर्गत हुआ है और न ही उच्च स्तर से इसकी अनुमति ही प्राप्त की गयी है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति पर सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा इसे प्रधानाचार्य द्वारा मनमानी किए जाने स्वेच्छाचारिता का दोषी माना। यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि नोडल अधिकारी सहायक श्रमायुक्त द्वारा गत 3 दिसम्बर को विद्यालय का निरीक्षण किया गया था, परन्तु एक माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उनके द्वारा निरीक्षण आख्या उच्च अधिकारी को प्रेषित नहीं की गयी है। मण्डलायुक्त द्वारा तीन घण्टे से अधिक समय तक उक्त अटल आवासीय विद्यालय के किए गये निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर बैठ कर विद्यालय के समस्त स्टाफ के समक्ष पुनः छात्र छात्राओं से उनकी समस्याओं की जानकारी की तो उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं द्वारा अपनी शिकायतों को पूरे स्टाफ के सामने दोहराया गया। मण्डलायुक्त विवेक ने विद्यालय में पाई गयी अनियमितताओं पर गंभीर रुख अपनाया तथा नियमिति रूप से विद्यालय का निरीक्षण नहीं किए जाने, विद्यालय की व्यवस्थाओं के प्रति उदासीनता बरतने के कारण उप श्रमायुक्त राजेश कुमार तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेन्द्र सिंह को इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## डीएम ने गरीबों-असहायों को बांटे कम्बल



मीरजापुर ।सिंचाई विभाग कालोनी फतहां, मीरजापुर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से कम्बल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गरीबो असहायों व विकलांगजनों को ठंड बचाव हेतु कम्बल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क कम्बल का वितरण किया जाएगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा और अधिशासी अभियन्ता प्रमोद कुमार व हरिशंकर प्रसाद, नसीम सिद्दीकी ने बुके व मा विन्ध्यवासिनी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया। समस्त कार्यकम लल्लू तिवारी पूर्व अध्यक्ष देख-रेख व संचालन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें संजय पाण्डेय, पवन तिवारी, राजीव पाण्डेय, सतीष, चन्द्रप्रकाश, शशिधर दूबे, जितेन्द्र, डिप्लोमा इं0 प्रशान्त गुप्ता अध्यक्ष, अरविन्द चौहान, राधेश्याम श्रीवास्तव, अनिल सोनकर, कृष्णानन्द यादव, रवि कुमार, मंजू प्रियदर्शिनी व पूजा प्राची समस्त सिंचाई विभाग अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## उत्तर प्रदेश दिवस व राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने की डीएम ने परखी तैयारी



मीरजापुर ।आगामी 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकायिों को निर्देशित करते हुये कहा गया कि जिसे जो सहभागिता सुनिश्चित की गयी हैं वह उसे पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ सुनिश्चित कराते हुये भव्य रूप से उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन सुनिश्चित करायें। उन्होने स्थल चयन के उपरान्त सभी विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार हेत प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिये गय उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुपालन में आगामी 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में भी जारी आदेश में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। मतदाता दिवस पर्व को वृहद रूप से मनाये जाने हेतु मतदाता जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों एवं आयोजनों के लिये पूर्व की भातिं कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ कार्यक्रम के अन्तर्गत दिलायी जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## रामलीला और लव कुश कांड देख भाव विभोर हुए भक्त



आजमगढ़। श्री बालाजी ट्रस्ट सेवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामायण महोत्सव का शहर से सटे श्री बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण में भक्तिमय शुभारम्भ हुआ।

महोत्सव का शुभारंभ विनय त्रिपाठी महाराज महंत शीतला धाम चैकिया, मुक्तामणि शास्त्री भगवत कृपा सेवा आश्रम, श्री अयोध्या धाम कीनाराम आश्रम के महंत 1008 श्री विनय दास महाराज, चंद्रमा ऋषि आश्रम के महंत बाबा भंवरनाथ मंदिर के प्रबंधक विपिन सिंह, पीतांबरा धाम के विवेकानंद पाराशर आदि द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र के दरबार के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और पुष्पाजंलि अर्पित कर रामायण महोत्सव शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री व सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह का श्री बालाजी ट्रस्ट सेवा समिति के ट्रस्टी राठौर उमेश दास ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। महोत्सव के प्रथम दिन का शुभारंभ भगवान श्री रामचंद्र जी की स्तुति द्वारा प्रारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन अमित संगीत महाविद्यालय के बच्चों ने श्री रामचंद्र जी की स्तुति व अरुण सिंह, राहुल मिश्रा द्वारा हनुमान चालीसा किया गया। मुख्य रूप से वाराणसी की धरती से चलकर आए सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेंद्र सुगम जी द्वारा नाही बाटे नारियल चुनरी ने भक्तों को खूब झुमाया तो वहीं भदोही जनपद से आए दीपक तिवारी ने राम भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। सुप्रसिद्ध एवं अंतरराष्ट्रीय गायक राजन तिवारी ने श्री रामचंद्र जी के गीतों को जैसे ही प्रस्तुत किया। पूरा पंडाल करतल ध्वनियों से गूंज उठा। गोरखपुर से आए अरुण संगम, जय हिंद, ज्योति, भीमसेन, सज्जू ने राम भजन गाकर सबको राम में कर दिया। राजू माही की टीम ने भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन पर रामलीला का मंचन करते हुए लोगों को रामराज्य का संदेश दिया तो वही इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लव कुश कांड के हम कथा सुनाते हैं, राम सकल गुण धाम की पर मंचन कर सभी को स्तब्ध कर दिया।

## गरीबों में बांटी लाई, चूड़ा और पतंग

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। लायंस क्लब क्षितिज ने मकर संक्रांति के अवसर पर संस्था प्रकाश डालते हुए कहा यह माना जाता है कि भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उनके घर जाते हैं और शनि मकर राशि के स्वामी है।



अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में चाकपुर बस्ती में बच्चों को पतंग वितरित की व सभी को खिचड़ी के अवसर पर लाई, चूड़ा, गट्टा आदि बांटा गया।

कार्यक्रम संयोजक वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था प्रतिवर्ष इस मोहल्ले में खिचड़ी के अवसर पर लाई, चूड़ा व पतंग वितरित करती है। दिलीप सिंह ने मकर संक्रांति पर्व पर इसलिए इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। पवित्र गंगा नदी का भी इसी दिन धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए भी मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता हैं। विष्णु सहाय, , धर्मेंद्र सेठ, , अजीत सोनकर, , दीपक साहू, , अतुल सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, संजय बैंकर, दिलीप जायसवाल, सुनील कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## छह चोरी की मोटर साइकिल के साथ तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना खुटहन पुलिस व स्वाट टीम ने सार्वजनिक शौचालय रसूलपुर के पास से चोरी की आधा दर्जन मोटर साइकिल व तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधी क्षक डा0 कोस्तुभ ने बताया कि उक्त अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर चोरी की मोटर साइकिल का फर्जी नम्बर लगाकर बेचने के फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार किया एवं शेष तीन अभियुक्तगण मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तों में शनि पाल पुत्र ओमप्रकाश पाल निवासी खजुरन थाना बदलापुर जनपद जौनपुर , अमित चैहान पुत्र दलगंजन निवासी खरौना थाना बक्शा जनपद जौनपुर एवं सिकन्दर निषाद उर्फ लड्डू पुत्र महेन्द्र निषाद निवासी पिलकिछा थाना खुटहन जनपद जौनपुर को विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

## चौकियां माई का श्रृंगार महोत्सव 23 जनवरी से

जौनपुर। सिद्धपीठ माता शीतला मंदिर चौकियां धाम का श्रृंगार महोत्सव 23,24,25 जनवरी को होगा ।



जिसमें लाखों भक्त दर्शन करने आते है ।प्रातः 5 बजे मंदिर खुलने से रात्रि 9 बजे तक दर्शन पूजन श्रद्धालु कर सकेगें। महोत्सव का शुभ उद्घाटन 23 जनवरी को शाम 6 बजे होगा। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द, पुलिस अधिकारी डॉ0 कौश्तुभ भी दर्शन करने आयेंगे। आयोजन श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा जिसमें मंदिर श्रृंगार, सजावट, संस्कृति कार्यक्रम भजन संध्या प्रसाद भंडारा आदि शामिल होगा। इसमें प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह , राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव सहित प्रदेश के कई मंत्री अधिकारी शामिल होंगे। चौकियां मंदिर के मंहत विवेकानंद विवेक ने बताया कि कोलकाता के अच्छे कारीगरों द्वारा दिव्य श्रृंगार सजावट किया जाएगा। महोत्सव का सारा खर्च श्री शीतला जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा किया जाता हैं। ज्ञात हो कि कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि श्रृंगार महोत्सव भंडारा आदि के नाम पर कुछ लोग चंदा वसूली करते है जो गलत हैं। ट्रस्ट ने भक्तो से चौकियां धाम मंदिर के नाम पर किसी को भी किसी प्रकार का चंदा नहीं देने की अपील किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष विकास पड़ा, प्रबंधक अजय पंडा, पुजारी लल्लन पंडा, राजेष श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, ने महोत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है।

## मानव सेवा सर्वाधिक पुनीत कार्यः सुनील

आजमगढ़। अघोराचार्य बाबा कीनाराम की पावन तपोस्थली क्रीं कुण्ड के तत्वावधान में स्थापित सर्वेश्वरी समूह के अधीन अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम जी के निर्देश पर अघोर संस्थान के मानव कल्याण पर आधारित 19 सूत्री कार्यक्रम में से एक वंचितों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम माँ महामैत्रायणी योगिनी के परिनिर्वाण दिवस पर, सदर शाखा द्वारा, सिंहपुर ग्राम में यूनियन बैंक के सामने सम्पन्न हुआ जहाँ लगभग 250 गरीबों को कम्बल वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर श्री सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि जनसेवा ईश्वर की सेवा है जहां लोकसेवा के माध्यम से अधिकारी वर्ग सुशासन के कार्य में लगा होता है वहीं ऐसी पवित्र संस्थाओं के माध्यम से ही जनसेवा वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकती है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामजन्म सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बाबा सिद्धार्थ गौतम के 19 सूत्री कार्यक्रम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए उन्हें बाबा किनाराम का अवतरण बताया ।कीनाराम जन्मस्थल रामगढ़ चंदौली से आये मेजर अशोक सिंह ने कहा कि पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के निर्देश पर जनसेवा के कार्यक्रम निरन्तर जारी रहेंगे ।इस अवसर पर रामपुर निवासी सर्वेश्वरी समूह के सर्वकालिक मंत्री रहे स्व उदयभान सिंह नन्दी जी के प्रति श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक सदर शाखा के प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के निर्देश पर अघोर पीठ और सर्वेश्वरी समूह के जनकल्याण आधारित कार्यक्रम जनपद और बड़े पैमाने पर होते रहेंगे।

## आस्था के साथ मनाया गया मकर संक्रान्ति

जौनपुर। जिले में मकर संक्रांति के मौके पर गोमती के घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। लोगों ने कड़ाके की ठण्ड के बीव डुबकी लगायी और दान पुण्य किया।

सुबह से ही नगर के हनुमान घाट, गोपी घाट, अचला देवी घाट और सूरज घाट आदि प्रमुख घाटों पर भीड़ है. लाखों की भीड़ उमड़ी रही लोग खिचड़ी लाई चूड़ा और गुड़ व तिल के बने खाद्य पदाथ के साथ खिचड़ी का भी सेवन किया। दरअसल, मकर संक्रांति के स्नान का अपना ही महत्व माना जाता है। सूर्य के उत्तरायण होने के इस पर्व को बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ हर कोई मनाता है। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही मौसम में भी परिवर्तन शुरू हो जाता है और सूर्य दक्षिण से धीरे-धीरे उत्तर दिशा की तरफ बढ़ना शुरू कर देता है। जिसके बाद शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। आज के बाद से शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी और शादी विवाह एवं अन्य कार्यों को भी शुरू कर दिया जाएगा। मकर संक्रांति के मौके पर बड़ी संख्या में दान लेने वालों की भीड़ रही। बच्चों ने पतंगबाजी किया और गोमती में नौका विहार का आनन्द लिया। एक ज्योतिषाचार्य के अनुसार मकर संक्रांति पर देवता धरती पर अवतरित होते हैं। तुलसीदास ने भगवान श्री राम के बाल्यकाल का जिक्र करते हुए रामचरितमानस में लिखा है कि राम इक दिन चंग उड़ाई,



इंद्रलोक में पहुंची जाई ये श्लोक इसी दिन भगवान राम की ओर से उड़ाई गई पतंग का वर्णन करते हुए लिखा गया था की प्रभु ने अपने भाइयों के साथ मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण होने पर अयोध्या में पतंग उड़ाई थी। बताया जाता है कि इसी दिन भगवान राम और भगवान हनुमान की मित्रता भी हुई थी। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति पर दक्षिण धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन स्नान। दान के साथ ही भगवान सूर्य की पूजा का विशेष महत्व है।. पदम पुराण के अनुसार, मकर संक्रांति में दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान सूर्य को लाल कपड़े, गेहूं, गुड़, मसूर दाल, तांबा, स्वर्ण, सुपारी, लाल फूल, नारियल, दक्षिणा आदि देने का शास्त्रों में विधान है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



मीरजापुर ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गइ।

बैठक में मुख्यमी युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिला ग्रामोद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आवंटित लक्ष्य 100, प्रधानाचार्य पालीटेक्निक मीरजापुर को 500, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 मीरजापुर को 500, जिला समन्वयक कौशल विकास मीरजापुर को 800, जिला ग्रामीण आजिविका मिशन 500, मुख्य चिकित्साधिकारी मीरजापुर 200, निदेशक आर0से0टी0 को 400 एवं उद्योग विभाग 600 शासन द्वारा लक्ष्य किया गया हैं। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार पात्रता की जांच करते हुए चयन किया जाए किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्य योजना बनाते हुए समय से लक्ष्य की पूर्ति करें। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य पालीटेक्निक को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछले 05 वर्ष डाटा उपलब्ध कराएं ताकि उन लोगो को खोज कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जा सके। उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में एम0 वाई0 एस0 वाई, ओ0 डी0 ओ0पी0 कालीन, ओ0डी0ओ0पी0 पीलत के बारे में चर्चा की गई। उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इंडस्टीरियल सीमा में कुछ जर्जर विद्युत पोल है जिस पर उनके द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जर्जर विद्युत पोलो कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्धित लम्बित आवेदन पत्रो का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सहायक मैनेजर उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंको द्वारा जितने भी प्रकरण उनकी सूची बनाते हुए बैंको से वार्ता कर उसका निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने प्रबन्धक लीड बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में जिन बैंकर्स के द्वारा कार्य नही किया जा रहा उनके विरूद्ध में शासन में पत्राचार कर अवगत कराएं। कमेटी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि मेसर्स श्याम कार्पेट प्रा0लि0 भूखण्ड द्वारा उनी कालीन दरी हेतु आवंटित किया गया था जिसे ई आक्सन में रूपेश कुमार बर्नवाल द्वारा 08 दिसम्बर 2021 ले लिया गया ईकाई कार्यरत पायी गई परन्तु अभी तक कोई स्वामी द्वारा रजिस्ट्री नही कराई गई है जिस पर उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि एक माह के अन्दर सभी दस्तावेज उद्योग विभाग को उपलब्ध कराएं अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## टू लेन का होगा गोधना जरौना- रामपुर मार्ग

जौनपुर। मड़ियाहूं क्षेत्र के गोधना से जरौना होते हुए रामपुर जाने वाले मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। 27 किलोमीटर का यह मार्ग टू लेन किया जाएगा। फिलहाल इसकी लंबाई महज 4 मीटर है जिसे बढ़ा कर 9 मीटर की सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए 27 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ है। सड़क निर्माण से 50 गांव के करीब 4 लाख लोगों को इसका लाभ होगा। जौनपुर से मिजार्पुर को जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 135 ए तथा मछलीशहर-वाराणसी एनएच 731 बी को य लिंग मार्ग जोड़ेगा। जिसकी लंबाई 27 किलोमीटर है। इस लिंक मार्ग से रोजाना 5 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। अक्सर मछलीशहर से वाराणसी और भदोही जाने वाले लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। सिंगल होने के नाते इस मार्ग पर हादसे का डर रहता है। बीच-बीच में यह मार्ग कई जगह से क्षतिग्रस्त भी है। गोधना-जरौना-रामपुर तक मार्ग चैड़ा होने से अगहुआ, किसान नगर, मीरगंज, जरौना, कटवार, निगोह, राजापुर, परियत, सेहरा, सपही, सधीरनगंज, रामपुर जैसे बड़े बाजार का विकास होगा। वही 50 गांव के लोगो का आवागमन में सहूलियत मिलेगी जिसकी आबादी करीब 4 लाख है। शहर के कालीकुत्ती-रुहट्टा मार्ग व जौनपुर जंक्शन रोड की मरम्मत की जानी है।

## भारतीय संस्कृति को बचाने में ब्राह्मणों की अहम भूमिका



जौनपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) का सम्मलेन शुक्ला मैरेज हाल, हरबसपुर, जौनपुर हुआ जिसमें जनपद के गणमान्य ब्राह्मणों का जमावड़ा हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ ।इस कार्यक्रम में लखनऊ में हुए ब्राह्मण महाकुंभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों को माल्यार्पण कर पुष्प-गुच्छ एवं अंगवस्त्रम्‌से सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार करते हुए प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीएस उपाध्याय ने कहा आज के जनबल के युग में ब्राह्मणों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने की जरूरत है ।समाज के सुख दुख में साथ देने की भावना रखनी होगी ।विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि सर्वप्रथम ब्राह्मण बनिए और ब्राह्मण होने पर गर्व करिए।अपने शास्त्रों के अध्ययन एवं शास्त्रोचित आचरण से ही ब्राह्मण अनिन्द्य एवं अवध्य था और आज भी इस मार्ग पर चलने से अनिन्द्य एवं अवध्य होगा।भौतिक सुख ब्राह्मणों के लिए तुच्छ होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में रूपसेवा संस्थान के प्रबंधक रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि वैदिक मंत्र संगच्छध्वं के सूत्र को अपनाना होगा।अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीपति उपाध्याय 'भयवा' ने सभी गणमान्य ब्राह्मणों का अभिवादन किया और कहा ब्राह्मणों ने तमाम झंझावातों से लड़ते हुए भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण रखा।भारतीय संस्कृति बची हुई है इसमें ब्राह्मणों की अहम भूमिका है। इस अवसर पर डॉक्टर विनय तिवारी, डॉक्टर ज्ञानप्रकाश मिश्र, राजेन्द्र त्रिपाठी, पंडित रामदयाल द्विवेदी, डॉक्टर भारतेंदु मिश्र, नीलम मिश्र, , सभाजीत द्विवेदी प्रखर, अरविंद कुमार मिश्र, डॉक्टर रामजी तिवारी, डॉक्टर रामचंद्र चौबे, कृष्णाननद उपाध्याय, विपुल पाठक, जयंत शुक्ल, डॉक्टर पीपी दुबे, जिलाध्यक्ष रवींद्र मिश्र, महिला जिलाध्यक्ष प्रीती त्रिपाठी, गिरजाशंकर पाठक, अशोक कुमार मिश्र, महेंद्र मिश्र, सुनीता शुक्ला, साधना, अर्चना ,विनीता, रीता, सविता, रानी, उषा आदि को सम्मानित किया गया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव प्रेमशंकर यादव एवं पत्रकार देवी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही ।कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य अजय कुमार त्रिपाठी ने कुशल मंच संचालन किया।

संक्षेप

## मनुष्य ही कर सकता है अन्य जीवों की मदद

**अमेठी।** आवास विकास स्थित कॉलोनी में चल रही सामूहिक श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को जीवन के सत्य के बारे में बताते हुए भगवान राम के जन्म प्रसंग का वर्णन किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। अमेठी की आवास विकास कॉलोनी में सामूहिक रूप से आयोजित श्री राम कथा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। अयोध्या से आए कथा व्यास पंडित कृष्णानंद जी महाराज ने कहा कि यह जीवन क्षणभंगुर है। इस जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है कि कब किसके साथ क्या हो जाए। कथा व्यास ने कहा कि सभी योनियों में सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि है और मनुष्य ही एक ऐसा जीव है जो दूसरों जीवों की मदद कर सकता है ।दान पुण्य और धर्म कर सकता है । दान और पुण्य मनुष्य के अतिरिक्त और कोई भी जीव नहीं कर सकता ।इसलिए मनुष्य को यह चाहिए कि वह अधिक से अधिक धर्म के कार्यों को करते हुए अपने जाति ,समाज, देश और राष्ट्र के हित में काम करें । कथा व्यास ने भगवान राम के जन्मोत्सव का भी वर्णन किया। आयोजक मंडल में संतोष चतुर्वेदी , रमेश तिवारी, भगवत प्रसाद मिश्र, अंशु श्रीवास्तव ने आए हुए लोगों का स्वागत किया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

## नदी घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब और आयोजित किया गया खिचड़ी भोज



**कुशीनगर।** स्नान-दान का पावन पर्व मकर संक्रान्ति मंगलवार को श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बादल और शीतभरी हवा के बावजूद लोगों ने हर हर गंगे के जयघोष से स्नान कर नया वस्त्र धारण किया। अन्नदान करने के बाद लाई, चूरा, रेवड़ा, तिलवा, मिठाई का सेवन किया। जगह - जगह खिचडी भोज का आयोजन किया गया। बच्चे सुबह से ही रंग बिरंगे कपड़े पहन कर छत और खुले मैदान में पतंग उड़ाने में मशगूल हो गए हैं। जनपद के बासी घाट, शिवाघाट, नारायणी नदी, हेतिमपुर छोटी गण्डक नदी, रगडगंज, समेत अन्य घाटों पर लोगों ने स्नान किया। नारायणी घाट, शिवाघाट व बासी घाट पर पुरोहित ने स्नानार्थियों को संकल्प दिला कर पूजा पाठ कराया। मकर संक्रान्ति के दिन दोपहर में चावल, दाल मिश्रित खिचड़ी खाने की मान्यता है। जिसके नाते घर घर खिचड़ी बनाई गई। रात में पूड़ी, कचौड़ी, खीर आदि का लोग सेवन करेंगे। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहा। आज भी बहुत से लोगों ने बहू बेटियों को खिचड़ी भेजने की परम्परा को कायम रखा। सड़कों पर बाइक, साइकिल पर लोग बोरियों में खिचड़ी का सामान लेकर जाते देखे गए। जगह जगह पतंगबाजी होती रही।

**देवी-देवताओं को खिचडी चढाने की है प्राचीन परम्परा:-** मकर संक्रांति भारतीय परंपरा और संस्कृति का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे हर वर्ष 14 अथवा 15 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देवता मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जो इस पर्व को विशेष महत्व प्रदान करता है। इस पर्व को लोग बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं। मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और देवी-देवताओं को इसका भोग अर्पित करने की प्राचीन परंपरा है। यह शुभ माना जाता है और इससे जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**सूर्यदेव को खिचड़ी का भोग**

हिंदू धर्म में सूर्यदेव को प्रत्यक्ष देवता और सौर मंडल का अधिपति माना गया है। वह सभी ग्रहों के स्वामी होते हैं और उनकी कृपा से जीवन में खुशहाली और समृद्धि आती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन सूर्यदेव को खिचड़ी का भोग अर्पित करने से जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और जीवन की कठिनाइयों का समाधान होता है। खासकर जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, उनके लिए यह उपाय अत्यधिक लाभकारी हो सकता है।

**शनिदेव को खिचड़ी का भोग**

शनिदेव को कर्म और न्याय के देवता माना जाता है। वे व्यक्ति के अच्छे और बुरे कर्मों के आधार पर फल प्रदान करते हैं। मकर संक्रांति पर शनिदेव को खिचड़ी का भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। यह माना जाता है कि ऐसा करने से शनिदेव के अशुभ प्रभावों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। इस दिन शनिदेव की विशेष पूजा करने से आर्थिक स्थिति में सुधार और खुशहाली का अनुभव होता है।

**भगवान विष्णु को खिचड़ी का भोग**

भगवान विष्णु को खिचड़ी का भोग अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। किवदंती है कि भगवान विष्णु को खिचडी अत्यंत प्रिय है। इस दिन उन्हें खिचड़ी अर्पित करने से उनके आशीर्वाद की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, यह भी माना जाता है कि इस उपाय से व्यक्ति को गुरुदोष से मुक्ति मिलती है और जीवन में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। मकर संक्रांति पर इन देवी-देवताओं को खिचड़ी का भोग अर्पित करना न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक शांति का भी स्रोत है।

### कई जगह हुआ खिचड़ी भोज व कबल वितरण

मकर संक्रांति पर जिले में गरीबों को कंबल वितरण, खिचड़ी भोज और भंडारों का आयोजन दिनभर चलता रहा। कंबल वितरण कार्यक्रम में लोगों की भीड़ दिखी। जनपद के तरया सुजान थाना क्षेत्र तरया लच्छीराम गांव के निवासी व पत्रकार संयोग श्रीवास्तव ने गरीब व निराश्रित लोगो को कंबल भेट किया। उन्होंने कहा कि गरीब और निराश्रित लोगो की हर संभव मदद करना वह अपने पिता स्व. डॉ. बृजेश चंद श्रीवास्तव से सीखे है। उन्होंने कहा पिताजी हमेशा दीन-दुखियो की सेवा और मदत करते थे उनके पदचिन्हो पर चलने का हम प्रयास कर रहे है।

# आर्मड फोर्स वेटरन्स डे का हुआ आयोजन



**कुशीनगर।** मंगलवार को आर्मड फोर्स वेटरन्श डे, अपर जिलाधिकारी प्रेम कुमार राय व विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अ0प्रा0, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें वीर नारियों तथा पदक विजेताओं को अंग वस्त्र एवं उपहार तथा सर्टिफिकेट एवं मालावों से सम्मानित किया गया। समारोह में श्रीमती सीमा मिश्रा पत्नि शहीद श्रीधर मिश्रा, श्रीमती परभावती देवी माता स्व० अतुल कुमार शाही, धर्मशिला देवी पत्नी सिपाही सन्तोष यादव, मेजर डा० महेश बर्नवाल, कैप्टन एलबी त्रिपाठी, कैप्टन नागेन्द्र पाण्डेय, कैप्टन डीएस पाण्डेय, कैप्टन शमशुद्दीन, सुबेदार हरेन्द्र राय, हव० अनिल सिंह, हव० एस०पी० गुप्ता, मोसिम आलम आदि उपस्थित थे। आयोजन का कियान्वयन कार्यालय के स्टाफ देवेन्द्र नाथ गुप्त, व० सहायक, प्रभाकर नाथ तिवारी, क०सहायक, राजेश कुमार गुप्त एवं पूरे स्टाफ द्वारा किया गया।

## एकजुटता का संदेश देते हैं हमारे पर्व : शशांक मणि

**देवरिया ।** भारतीय संस्कृति की पहचान हैं हमारे पर्व और त्यौहार । मकर संक्रांति जैसे महापर्व हमारे समाज में एकजुटता और आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं । उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने शहर के नई बाजार सब्जी मंडी में आयोजित खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में कहीं । उन्होंने उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों और ऋषि मुनियों ने भारतीय त्यौहारों को मनाने की जो परंपरा बनाई है उसमें वैज्ञानिकता छुपी हुई है ।मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने की परंपरा के पीछे धार्मिक, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक कारण छिपे हैं, खिचड़ी में दाल, चावल, और सब्जियों का संतुलित मिश्रण होता है, जो ठंड के मौसम में शरीर को गर्म और ऊजार्वान बनाए रखता है ।तिल और गुड़ के साथ इसका सेवन पाचन और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है । उन्होंने गोरखपुर रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे सब्जी व्यवसाई सेवा समिति द्वारा आयोजित सेवा व दान कार्यक्रम एवं कंबल व महाप्रसाद वितरण के कार्यक्रम में लोगों को खिचड़ी खिलाई और गरीबों को कंबल वितरित किया ।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, दिवाकर मिश्रा, दीपक वर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## प्रभारी निरीक्षक ने मकर संक्रांति के अवसर पर वृद्धजनों में वितरित किये कंबल व मिष्ठान

**देवरिया।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भलुअनी थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय द्वारा बारीपुर मंदिर के पास स्थित सुबास वृद्धाश्रम पहुंचकर समाज सेवा के तहत वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच कंबल और मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि समाज के कमजोर और असहाय वर्गों की सेवा करना हमारा नैतिक दायित्व है, और यह कार्य हमें आत्मिक संतोष प्रदान करता है ।कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की और प्रभारी निरीक्षक के इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी से अपील की कि वे समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान थाना के कर्मचारीगण एवं अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# बुद्ध के जीवन पर आधारित बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य के प्रकाशन की हो रही है तैयारी

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश शाखा जनपद अमेठी के महामंत्री केपी सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक गौरीगंज द्वारा रचित बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य के प्रकाशन की तैयारी इस समय चल रही है। इस समय इसके टाइपिंग का काम चल रहा है। मूलतः कौशाम्बी जनपद के निवासी इस काव्य ग्रंथ के रचनाकार कवि केपी सविता बौद्ध ने बताया कि यह ग्रंथ 55 सर्गों में लिखा गया है जिसमें बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध के जन्म से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं का उल्लेख दोहा चौपाई में किया गया है ।बुद्ध के कुछ प्रमुख शिष्यों बौद्ध भिक्षुओं का भी उनसे संबंधित यत्र तत्र वर्णन किया गया है। इसकी शुरूआत बुद्ध सुनो इक विनय हमारी। करो कृपा हम शरण तुम्हारी।। चौपाई से हुई है। पहले सर्ग में मंगलाचरण व सामान्य परिचय से हुई है। फिर सिद्धार्थ के रूप में बुद्ध के जन्म का वर्णन, बाल वर्णन विद्यारंभ, यशोधरा से शादी पुत्र राहुल का जन्म, गृह त्यागी होना, ज्ञान के लिए तपस्या बोधगया में ज्ञान प्राप्ति धम्म चक्र प्रवर्तन, धर्म दीक्षाओं का दौर सहित बुद्ध से संबंधित तमाम कथाओं का समावेश किया गया है। काव्य के अंत में बुद्ध चरित मानस की आरती भी लिखी गई है। जिसके बोल हैं - आरति बुद्ध चरित मानस की। गाथा जिसमें बुद्ध सुयश की। बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद हुई प्रथम बौद्ध संगीति के बाद इस प्रबंध काव्य का समापन किया गया है। ग्रंथ में दोहा चौपाई के साथ ही यत्र-तत्र सोरठा सवैया हरिगीतिका गीतिका कुंडलिया आदि कई छंदों का प्रयोग मिलता है। पचपनवें सर्ग का समापन कुंडलिया छंद से हुआ है। सभी सर्गों में चौपाइयों ओर दोहों का ही प्रयोग किया गया है। अंत में अंतिम छंद बदल दिया गया है। कुछ सर्गों के शुरू की प्रथम लाइनें यहां दी जा रही हैं। 33 वां सर्ग- भिक्षाटन हित मुनि तैयारा। समय रहत उन्ह तहँ पगु धारा। 34 वां सर्ग बुद्ध ख्याति जब फैलन लागी। अपराचार्यन लागी आगी। 37 वां सर्ग- दोउ गुटों से मुख को मोड़ा। कौशांबी को मुनि ने छोड़ा। 42 वां सर्ग- बिम्बिसार जन ईश हटाई। तासु सुवन ने गद्दी पाई। 43 वां सर्ग- बुद्ध रुके जब आ श्रावस्ती। पुलकित हो गइ सारी बस्ती। 45 वां सर्ग- बुद्ध चारिका करते बढ़ते। नित निर्धारित दूरी चढ़ते। 47 वां सर्ग - करत चारिका मुनि फिर आये। जेतवने श्रावस्ती छाये। 48 वां सर्ग- अब आगे की बात बताऊँ। अंगुलिमाल चरित मै गाऊँ। 49वां सर्ग - ईसा पूरब पॅच शत तीना। सुनो बावरी कथा नवीना। 52 वां सर्ग - अब आगे की कथा सुनीजै। अंतिम साल बुद्ध का लीजै। 53 वां सर्ग- दिनमणि की फैली जब लाली। बुद्ध पहुँचते हैं वैशाली। 54 वां सर्ग- भंडग्राम गौतम अब आये। संघ सहित मुनि यहँ पर छाये। 55 वां सर्ग - पँच शत भिक्षु महासँघ साथा। महकाश्यप की गाऊँ गाथा। बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य का समापन कुंडलिया छंद से हुआ है जिसकी पहली लाइन है - केपी सविता बौद्ध का, पूर्ण हुआ ग्रंथ। जो दोहा की पहली लाइन है। कुंडलिया छंद एक दोहा व एक रोला छंद को जोड़ कर बनता है ।इस प्रकार छः लाइनों का यह छंद होता है। दो लाइन दोहा की व चार लाइनें रोला की। काव्य की अंतिम लाइन है - महकाश्यप के ही के वश की। आरति बुद्ध चरित मानस की।।

# बिहार भेजी जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के क्रम में में 13 जनवरी को थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर उ0नि0 अंकित सिंह हे0का0 सहनवाज अली द्वारा ग्राम बंकुल के बंकुल पुल के पास से अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र स्व0 मोहन भगत ग्राम खलवा थाना नौतन जनपद सिवान, (बिहार) को अवैध देशी शराब ब्रान्ड बन्टी बबली प्रत्येक पाउच 200 टछ कुल 63 लीटर व एक अदद मोटरसाइकिल हीरो होन्डा स्प्लेन्डर प्लस वाहन के साथ पुलिस टाम द्वारा गिरफ्तार करते हुए थाना श्रीरामपुर पर मु0अ0सं0- 09/2025 धारा झ 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज 14.01.2025 को श्रीरामपुर पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्रीरामपुर श्री कल्याण सिहं सागर, उ0नि0 बलराम सिहं , हे0का0 हरिकेश गुप्ता, हे.का. मनीष राय, हे.का. मुकेश कुमार यादव एवं का. उमेश चौहान द्वारा ग्राम बासोपट्टी के पास से अभियुक्तगण क्रमशः- कृष्णा कुमार पुत्र स्व0 सुरेश राय साकिन लोधीपुर चिराग थाना डोरीगंज सारन जनपद छपरा बिहार शैलेश राय पुत्र बच्चा राय साकिन लोधीपुर चिराग थाना डोरीगंज सारन जनपद छपरा बिहार को एक 10 पहिया वाहन टाटा ट्रक पर फर्जी न. प्लेट लगाकर 64 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ब्रान्ड 8 ढट व्रिक पैक (42 पेटी) व ब्रान्ड आफिसर च्वाईस टेट्रा पैक (22 पेटी ) प्रत्येक पेटी मे कुल 48 पाउच प्रत्येक पाउच 180 टछ कुल 552 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए थाना श्रीरामपुर पर मुअसं- 10/2025 धारा - 318(4), 338, 336(3), 340(2), 341(2), 61(2) बीएनएस व 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## जबरन नाली निर्माण की शिकायत डीएम से

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार गांव में जबरन सहन से नाली निर्माण कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित देवी शंकर यादव मामले की शिकायत डीएम रायबरेली से की है। देवी शंकर का कहना है कि गांव के ही जितेंद्र व हितेंद्र पुत्र गण राज बहादुर और भोलानाथ यादव उनके सहन से पूरे करबती निवासी राजेश फौजी व राजबहादुर की मदद से नाली का निर्माण कराना चाहते हैं। रविवार को नायब तहसीलदार और कानून गो राजेंद्र प्रजापति को लेकर प्रतिपक्षी मौके पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और जबरन उनके सहन पर बने पांच पक्के खंबे व छप्पर तोड़ दिया।

## दुष्कर्म के प्रयास के मामले मे तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के एक मुहल्ले मे एक अल्पवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का उलाहना देने पर मारने पीटने के आरोप मे पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है ।बालिका के मां द्वारा थाने मे घटना का सारा घटनाक्रम लिखते हुए लिखी है कि घटना के बाद उलाहना देने के दौरान मुझे आरोपियों द्वारा मारा पीटा गया और घटना के बारे मे बालिका को चेतावनी दिया गया कि घटना के सम्बन्ध मे किसी को बतायी तो पुरे परिवार को समाप्त कर दिया जायेगा ।इस मामले मे पिता पुत्र व अन्य युवक के विरुद्ध धारा -75 बी एन एस 115(2) बी एन एस 352बी एन एस 351(2)बी एन एस लैंगिक अपराधों बालकों का संरक्षण अधिनियम 9एम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षक अधिनियम10 के अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।अल्पव्यस्क 9 वर्षीय बालिका एक स्कूल मे कक्षा -3की छात्रा है ।

## श्रम विभाग के शिविर में 36 प्रतिष्ठानों ने कराये पंजीकरण

**आगरा।** आगरा व्यापार मंडल, फेडरेशन ऑफ उद्योग व्यापार एसोसिएशन और इलेक्ट्रिक कान्ट्रेक्टर्स एंड मर्चेंट एसोसिएशन के संयुक्त सहयोग से श्रम विभाग ने श्रम पंजीकरण शिविर लगाया। जिसमें सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी देने के साथ ही 36 व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने श्रम पंजीकरण भी कराया। बेलनगंज में श्रम विभाग द्वारा आयोजित शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारी और व्यापारी नेता। बेलनगंज स्थित मीनाक्षी काम्प्लेक्स में श्रम पंजीकरण शिविर का उदघाटन आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल एवं उप श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर प्रभारी अशोक लालवानी के अनुसार 20 दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान, 12 प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना तथा 4 व्यापारी प्रधानमंत्री मानधन योजना में पंजीकरण हुए। इस मौके पर हरेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राकेश गुप्ता, कन्हैयालाल राठौड़, राजेश अग्रवाल, नीतेश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, दुष्यंत गर्ग तथा श्रम विभाग के एसके सिन्हा, बंगबहादुर तथा विजय शंकर तिवारी उपस्थित रहे।

# चोरी के एटीएम कार्ड से 2 लाख 35 हजार निकालने वाला गिरफ्तार

- 197500रुपये, एटीएम कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद



कुशीनगर। जिले के चौराखास व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी कर एटीएम कार्ड से रुपए निकालने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से 01 लाख, 97 हजार, 05 सौ रुपए, एटीएम कार्ड व मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि चौराखास थाना क्षेत्र के बेलवा आलम दास निवासी उमेश कुशवाहा द्वारा बीते दिनों थाना पर तहरीर दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका एटीएम कार्ड चोरी कर उनके खाते से अलग-अलग दिनांक में 02 लाख, 35 हजार रुपये निकाल लिया गया। तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 10/2025 धारा 303 (2) बी0एन0एस0 व धारा 66डी आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने बताया कि चौराखास व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त बुद्धदीप पुत्र सुग्रीव प्रसाद निवासी ग्राम चितहाँ थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए एटीएम कार्ड से निकाले गये 02 लाख, 35 हजार रुपये में से 01 लाख, 97 हजार, 05 सौ रुपये, संबंधित एटीएम कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद किया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उक्त मुकदमे में धारा 317(2) की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

**पूछताछ में अभियुक्त ने पुलिस को बताया**

अभियुक्त बुद्धदीप द्वारा पूछने पर बताया गया कि दिनांक 24.12.2024 को नव जीवन ज्योति हास्पीटल जटहाँ रोड पड़रौना के बाहर चाय की दूकान पर एक व्यक्ति के पैन्ट के पिछले जेब से एटीएम कार्ड दिख रहा था। जिसको मैने चोरी से निकाल लिया था, एटीएम के रैपर पर एटीएम का पिन नम्बर लिखा हुआ था, जिसका इस्तेमाल करके मैने पिपरा बुजुर्ग, खेशिया आदि एटीएम से काफी रुपये निकाला हूँ। जिसमे से कुछ रुपये खर्च हो गया है, एक लाख सत्तानबे हजार पाँच सौ रुपये शेष बचे है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा, मनोज कुमार पन्त साइबर सेल, उपनिरीक्षक वेदप्रकाश सिंह, नबीस अहमद, देवीलाल यादव, प्रशान्त स्वरुप राय, सिपाही दिलीप कुमार, नन्दकिशोर सिंह, राहुल सिंह कुशवाहा, विजय कुमार चौधरी साइबर, अखिलेश गुप्ता साइबर, प्रशान्त मिश्रा साइबर सेल शामिल रहे।

# आर्मी वीरता और विशिष्ट पदक विजेताओं को सम्मानित किया

**फिरोजाबाद।** नौवें आर्म्ड फोर्सेज वेटरेंस डे पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सुहाग नगर,फिरोजाबाद स्थित प्रो. राजेन्द्र सिंह सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पर वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेताओं को सम्मानित किये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित वीरनारियों तथा विशिष्ट पदक विजेताओं को मोमेन्टों, शॉल एवं सम्मान प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित पूर्व सैनिक राम बहादुर एवं नेत्रपाल सिंह को भी भूमेन्टों मैट कर सम्मानित किया गया। कैप्टन आई. एन.आशीष कुमार मित्तल अप्रा०जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आप सभी सैनिकों ने विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर पारिवार से दूर रहकर देश सेवा की है। इस जनपद के पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान की हर कीमत पर रक्षा की जायेगी, किसी समस्या या कठिनाई का अनुभव होने पर वीरनारी एवं भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवार अबिलम्ब समस्या से अवगत करा सकते हैं एवं आश्वासन दिया गया कि ससमय हर समस्या का निराकरण कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरपीसिंह, निदेशक, प्रो. राजेन्द्र सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुहाग नगर फिरोजाबाद ने सबका आभार व्यक्त किया एवं पदक बिजेता ऑनरेरी कैप्टन रामवीर सिंह द्वारा सेना के बलिदान एवं बहादुरी व देश सेवा में सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। वीर नारी संगीता देवी एवं रूबी राठौर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के दौरान प्रो.आरपीसिंह आकांक्षा शर्मा प्रधानाचार्या, कै. आईएनआशीष कुमार ऑनरेरी कैप्टन,रामवीर सिंह, नायब सूबेदार बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

- मतदाता दिवस का वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमथीम पर होगा आयोजन

**कुशीनगर।** एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमथीम पर जनपद व तहसील स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 25 जनवरी, 2025 को पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक बूथ पर विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नए मतदाताओं को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि जनपद में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाए जाएंगे। इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ने आए मतदाता शपथ लेंगे। इसके लिए बी.एल.ओ. द्वारा बूथ पर, निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीआरसी पर तथा जिला मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी / उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर तथा अन्य वर्गों के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाय और अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने बताया कि मतदाता दिवस के आयोजन तहसील, कालेजों, महाविद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाए जाने साथ-साथ स्कूल-कालेजों में प्रभात फेरी, स्लोगन, राइटिंग, निबंध लेखन, गीत, स्क्रिप्ट्स तथा आनलाइन प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नए मतदाता को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अधिक मतदाता जागरुकता के लिए प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। इसके अलावा ईवीएम, वीवीपैट तथा पंजीकरण समावेशन आदि से संबंधित समारोह भी आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिविल सोसाइटी नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वीप कोआर्डिनेटर, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वॉलेंटियर्स एवं मीडिया का भी सहयोग लिया जाय। इस संबंध में बैठक कर रणनीति भी सुनिश्चित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम काम करने वाले बी.एल.ओ. को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाता दिवस की थीम को पोस्टर, बैनर आदि के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये। मतदाता दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित की जाय। अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों, समस्त बैंक प्रबंधकों, पोस्ट मास्टर, प्राचार्य /प्राचार्या समस्त राजकीय / सहायता प्राप्त / स्व वित्त पोषित महा विद्यालय / संस्थान एवं माध्यमिक विद्यालय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा है कि मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्यह्य थीम पर कार्यक्रम को मनाया जाय। तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स नोडल अधिकारी स्वीप को उपलब्ध करा दिया जाय।

# व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं: आरपीएन

- शहर के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील : मनीष
- उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारिक संवाद आयोजित




**कुशीनगर।** व्यापार और व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की है किसी भी शहर व नगर में निर्बाध रूप से व्यापार का संचालन वहां के खुशहाली और नगर को विकसित करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।

यह कहना है पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह का। श्री सिंह उद्योग व्यापार मंडल पड़रौना द्वारा नगर के एक होटल में आयोजित "व्यापारिक संवाद" कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अब तक किए गए तमाम प्रस्तावित कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि जाम की समस्या को समाप्त करने के लिए बाई पास रोड का निर्माण हो रहा है उसमें और गति लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में इस कार्य को पूरा करा लिया जायेगा ताकि बरसात के पहले यह रोड चालू हो सके। उन्होंने बताया कि मैं सतत प्रयत्नशील हूं कि नगर खूबसूरत शहर के रूप में विकसित हो। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पासपोर्ट कार्यालय भी चालू हो जाएगा जिससे इस क्षेत्र को अत्यधिक लाभ होगा तमाम विकास की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए देश की मोदी और सूबे की योगी सरकार लगातार प्रयासरत है।

विशिष्ट अतिथि सदर विधायक मनीष जयसवाल ने शहर मे हो रहे विकास कार्यों की प्रगति से उपस्थित व्यापारिक समुदाय को अवगत कराते हुए बताया शीघ्र ही रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तथा जेल का निर्माण का कार्य चल रहा है। हम लगातार प्रयास में है कि मंडी समिति का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा हो जाए। सदर विधायक ने आश्वस्त किया कि पडरौना शहर के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दीप नारायण अग्रवाल और संचालन प्रांतीय मंत्री तथा नगर महामंत्री जगदम्बा प्रसाद अग्रवाल ने किया। इस दौरान उप चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जगदंबा प्रसाद टिबडेवाल, संरक्षक आनंद कुमार टिबडेवाल कोषाध्यक्ष, सौरभ कुमार टिबडेवाल, मंत्री, अजय कुमार सराफ, सतीश जिंदल, अनिल कुमार सिंह, सुभाष चंद्र रूंगटा, प्रमोद जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल लखानी, अजय कुमार अग्रवाल और संजय कुमार मारोदिया सोशल मीडिया आशुतोष कुमार बंका आदि व्यापारी गण उपस्थित थे।

संक्षेप

## दिवंगत पत्रकार संतोष दीक्षित के परिजनों को मदद

सीतापुर। महोली क्षेत्र के दिवंगत पत्रकार संतोष दीक्षित के परिजनों की सुधि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने ली। पवन सिंह चौहान द्वारा सीतापुर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वीरेश शुक्ला को भेज कर स्मृति चिन्ह साल व सांत्वना धनराशि दी गई। इस मौके पर किसान नेता वीरेश शुक्ला ने दिवंगत पत्रकार के परिवार से मिलकर सांत्वना दी। विदित हो कि संतोष दीक्षित एक दैनिक अखबार में पत्रकार थे। वह बहुत ही नेक व जुझारू इंसान थे। कुछ समय पहले संतोष दीक्षित का आकस्मिक निधन हो गया था। जब पत्रकार के निधन की सूचना एमएलसी पवन सिंह चौहान को प्राप्त हुई तो उन्होंने अपने खास कार्यकर्ता को दिवंगत पत्रकार के यहां भेज कर दुख हल्का करने का सराहनीय कार्य किया। दिवंगत पत्रकार की बुजुर्ग माता को तथा पत्नी को शाल स्मृति चिन्ह के साथ सांत्वना धनराशि देकर दुख दर्द कम कम करके सराहनीय कार्य किया। दिवंगत पत्रकार के परिवार की सहायता करने पर एमएलसी पवन सिंह चौहान को अनेक लोगों ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिमन्यु मिश्रा, उत्कर्ष शुक्ला पुनीत दीक्षित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नौवें दिन नहर से बरामद हुआ पत्नी का शव

जौनपुर। सिंचाई के दौरान लापता हुए दंपती में पत्नी का शव घटना के नौवें दिन शारदा सहायक नहर से पुलिस ने बरामद किया। उधर पति के शव की तलाश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि घटना में खुटहन पुलिस ने बगल के चार चकदारों के खिलाफ अपहरण व हत्या का मुकदमा दर्जकर एक आरोपी को जेल भी भेज दिया। पत्नी का शव मिलने के बाद पुलिस और अधिक सक्रियता से पति का शव तलाशने में जुटी हुई है। बरामद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पांच जनवरी को गांव निवासी 58 वर्षीय रामचरित्तर गौतम उसकी 56 वर्षीया पत्नी किस्मत्ती देवी के साथ घर से 400 मीटर दूर खेत में सिंचाई करने गए थे। जहां से दोनों गायब हो गए थे। घटना की छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी हुई कि बगल के गांव अकबरपुर निवासी पूर्व प्रधान कमलेश सिंह व उनके भाइयों का दंपती जिस खेत की सिंचाई कर रहे थे उसी से सटा उक्त आरोपितों का भी खेत हैं। जिसकी सुरक्षा हेतु नंगे तार की बाड़ घेर उसमें करंट दौड़ाया गया था। गायब दंपती की पुत्री ने भी थाने में दी गई तहरीर में ऐसी ही आशंका जाहिर की थी। सात जनवरी को आरोपित पूर्व प्रधान कमलेश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रधान ने स्वीकार किया कि रविवार की सुबह तार में दौड़ रहे करंट से दंपती की मौत हुई है। साक्ष्य छुपाने के लिए दोनों का शव वाहन में लादकर बासूपुर गांव की नहर में फेंक दिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस लगातार शवों की तलाश कर रही थी। सोमवार को वहां से करीब दो किमी दूर शेखाईं गांव में नहर से किसमत्ती देवी का शव पुलिस ने बरामद किया।

## अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष की जेल

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने चंदवक क्षेत्र में किशोरी का अपहरण करके दुष्कर्म करने के दोषी संजीव को 20 साल कारावास व 64,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट ने जुर्माने की समस्त धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। मामले में पीड़िता के भाई ने चंदवक थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। वादी के अनुसार, घटना के एक दिन पहले आरोपी संजीव ने पीड़िता को मोबाइल से फोन किया था कि अगर उसके साथ नहीं गई तो उसके पापा व भाई को जान मार देगा। 25 जून 2023 को वह सुबह घर के पास आया। फोन करके पीड़िता को घर के बाहर बुलाया और बाइक से उसे लेकर पहले अपने घर गया और वहां से लुधियाना ले गया। जहां पीड़िता 10 दिन तक रही। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। संजीव शादीशुदा था। 26 जुलाई 2023 को लुधियाना से लाकर पीड़िता को घर के पीछे छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया। विवेचना करके कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट में गवाहों का बयान अंकित कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संजीव को दोषी पाते हुए बीस वर्ष की सजा सुनायी। साथ ही 64,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

# भतीजे की हत्या कर चाचा ने की आत्महत्या

## गुब्बारा व टाफी दिलाने के बहाने ले गया था साथ



सकरन/सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई एक गांव में मंद बुद्धि चाचा ने अपने पांच वर्षीय भतीजे की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया उसके बाद उसी पेड़ से लटक कर चाचा ने भी आत्महत्या कर ली सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों का पंचायतनामा भर कर उन्हे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

बताते चले कि सकरन थाना क्षेत्र के अदवारी गांव निवासी अजय कुमार 30 पुत्र नन्दराम अपने भतीजे अनुराग 5 पुत्र कपिल को लेकर मंगलवार की सुबह करीब 8,30 बजे गांव में एक परचून की दुकान पर गया था। जहां उसने अनुराग को वलून व टापी खरीद कर दी थी। उसके बाद वहां से अजय गांव के दक्षिण स्थित अपने खेत गया जहां पहले अपने भतीजे अनुराग का गला दबा कर हत्या कर दी उसके बाद उसके शव को आम के पेंड की डाल में गमछे से गला बांध कर लटका दिया। उसके बाद अजय ने उसी पेंड की डाल में रस्सी को गले में बांध कर आत्महत्या कर ली खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी दोनों शवों को एक ही डाल पर लटका देख चीख पुकार मच गई ग्रामीणों के अनुसार मृतक की शादी दो वर्ष पूर्व लखीमपुर के खीरी थाना क्षेत्र के जगसड़ा गांव निवासी अनीता के साथ हुई थी शादी के कुछ दिनों बाद से अनीता ससुराल नही आ रही थी।

अनीता को बिदा कराने उसके मायके गये अजय को ससुराल वालों ने मारा पीटा था उसके बाद अनीता ने अजय व उसके परिजनों पर दहेज प्रताडना का मुकदमा दर्ज करवा दिया था उसके कुछ दिनों बाद से अजय की मानसिक हालत खराब हो गई थी अजय मंद बुद्धि का हो गया था। मृतक अजय तीन भाइयों में बीच का था बड़ा भाई कपिल व छोटा भाई छोटेलाल है कपिल के एक तीन साल का लड़का अभिषेक और है मृतक के पिता की मौत बीस वर्ष पूर्व लखीमपुर गल्ला मडी में बोरी के नीचे दबने के कारण हो गई थी। घर की माली हालत ठीक नही है तीन भाइयों पर केवल आठ बीघा जमीन है। ममजदूरी के सहारे परिवार का भरण पोषण होता है घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर उन्हे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## पुलिस ने आठ नामजद लोगों के खिलाफ केस किया दर्ज

महमूदाबाद/सीतापुर। महाठग गीता पाठक व उसके साथियों द्वारा करीब एक सैकड़ा लोगों को शिकार बनाकर करीब दो करोड़ से अधिक रुपए हड़पने व मांगने पर मारपीट करने के मामले में आखिरकार उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद रामपुर मथुरा पुलिस ने घटना के तीसरे दिन आठ नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिछले कई महीनों से टेरवा मनिकापुर गांव से बाहर बने आश्रम में गीता पाठक अपने अन्य साथियों के साथ सीतापुर समेत आसपास के कई अन्य जिलों के करीब एक सैकड़ा भोलेभाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर रकम तीन गुणा करने का लालच करीब दो करोड़ रुपए ठग लिए। गीता पाठक ने बाकायदा सभी को एक एक बैग बंद करके दिया जिसमें उसने बड़ी चालाकी से अखबार की रद्दी भर दी और कहा था कि इसे 41वें दिन खोलना। समय पूरा होने पर बैग खोलने पर उन्हें मामले की जानकारी हुई। लोगों ने 11 जनवरी को गीता पाठक के चालक नीरज सिंह को रामपुर मथुरा कस्बे में दौड़ाया तो वह थाने के अंदर घुस गया। पीड़ितों का आरोप है कि थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया और पूरी रात महिलाएं खुले आसमान के नीचे बैठी रहीं। अगले दिन पुलिस ने महज शांतिभंग की आशंका में एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसके बाद एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी नीरज सिंह को 14 दिन की अभिरक्षा में भेज दिया था। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें गीता पाठक द्वारा पैसा वापस करने के लिए आश्रम पर बुलाया गया किंतु वहां पहुंचने पर गीता पाठक व उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और गाड़ी में ईंट-गुम्मे चलाकर तोड़फोड़ की। सोमवार की रात तक पुलिस घटना की जानकारी से इनकार करती रही। मंगलवार को सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि रामपुर मथुरा के केवड़ा की कामिनी पत्नी कनौजी लाल की तहरीर पर गीता पाठक, इनके पति हुलासी पाठक, बेटा मुरारी, मोहित, चालक नीरज सिंह, राम कुमार, जगदीप, रमाकांत समेत आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, छल कपट से पैसा ठगने व मांगने ओर मारपीट समेत छह धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## लकड़ी ठेकेदारों ने वन कर्मियों से की अभद्रता, वन दारोगा ने दी तहरीर

सकरन/सीतापुर। दबंग लकड़ी ठेकेदारों ने वन कर्मियों से की अभद्रता वन दरोगा ने दी मामले की तहरीर। सकरन थाना क्षेत्र के कोंशर गांव में सोमवार को बगैर परमिट के प्रतिबंधित प्रजाति के जामुन, शीशम, आम के पेंडो का कटान बगैर परमिट के करवाया जा रहा था ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना वन विभाग को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव से पेंड काट रहे ठेकेदारों ने बदसलूकी करते हुए दौडा लिया वन दरोगा ने लकडी ठेकेदार दिलीप व धर्मेन्द्र निवासी कोंशर तथा शाहिद निवासी ओडाझार थाना सकरन के बिरूद्ध वन कर्मियों से बदसलूकी तथा सरकारी कार्य में बाधा से सम्बंधित तहरीर दी है द्यवन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव ने बताया घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## आज वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन के कस्बा बिहार स्थित बाबा गौरीशंकर मंदिर प्रांगण मे 15 जनवरी बुधवार को एक दिवसीय बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रांतीय स्तर की होगी, जिसमें रायबरेली स्पोर्ट्स कॉलेज, आरपीएफ टीम लखनऊ, बाबू केडी सिंह स्टेडियम लखनऊ, गोरखपुर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, बाराबंकी, बांदा सहित 10 टीमें भाग लेंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा, और टीमों का पंजीकरण केवल सुबह 10 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु 15,000 और द्वितीय पुरस्कार ?11,000 घोषित किया गया है ।इस प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों और ग्रामीणों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है ।प्रतियोगिता स्थल बाबा गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

## खिचड़ी भोज कर गरीबों को बांटे कम्बल

सकरन/सीतापुर। मकर संक्रान्ति के अवसर पर खिचडी भोज कर गरीबों को बितरित किए कम्बल सकरन क्षेत्र के धनपुरिया गांव निवासी प्रधान कृष्णचन्द्र मिश्र



द्वारा मकर संक्रान्ति के पावन अवशर पर विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया उसके बाद गांव व क्षेत्र के गरीब असहाय बे सहारा लोगों को कंबल बितरित किए गये यह आयोजन विगत कई वर्षों से होता चला आ रहा है इस मौके पर हरिश्चन्द्र मिश्र, अभयप्रताप, उदयभान, कौशुभ मिश्र, हर्षित मिश्र, अक्षय प्रताप, आकांक्षा मिश्रा के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति पर अन्नू टंडन ने निभाई दान की परंपरा



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। मकर संक्रांति के अवसर पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने पाटन तहसील के दलित बाहुल्य गांव मौहारी पहुंचकर मकर संक्रांति के दान की परंपरा को निभाते हुए ग्रामीणों के साथ यह पर्व मनाया।

उन्होंने ग्रामीणों को खिचड़ी, कंबल, और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। यह परंपरा अन्नू टंडन विगत 25 वर्षों से निभाती आ रही हैं, जिसमें वे उन्नाव के किसी ग्रामीण क्षेत्र का चयन कर, वहां सभी ग्रामीण परिवारों के बीच दान करती है। मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अन्नू टंडन ने कहा, ‘मकर संक्रांति का यह पर्व हमें दान, सेवा और एकजुटता का संदेश देता है। जब हम जरूरतमंदों की सहायता करते हैं, तो समाज में समानता और सौहार्द का भाव बढ़ता है।

यह पर्व हमें यह सिखाता है कि अपने हिस्से का थोड़ा-सा अंश दान करके किसी की मुस्कान का कारण बन सकते हैं। मैं पिछले 25 वर्षों से इस परंपरा को निभा रही हूं और आपके बीच आकर मुझे हमेशा एक आत्मीयता का अनुभव होता है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए अन्नू टंडन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। मकर संक्रांति पर दान की परंपरा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इसे आगे बढ़ाते हुए अन्नू टंडन ने इस वर्ष पाटन तहसील के दलित बाहुल्य मौहारी गांव का चयन किया, जहां ग्रामीणों ने उनके साथ खिचड़ी पर्व मनाया। यह दान कार्य न केवल जरूरतमंदों के लिए सहायता है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों में फुलदुलारी गौतम, छेदाना, रामरती कुरील, संजय कुरील आदि ने कहा कि पूर्व सांसद अन्नू टंडन की यह सेवा भावना और सामाजिक कार्यों में सक्रियता उन्हें जनता के बीच एक प्रेरणास्रोत बनाती है। उनके इस कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंकित सिंह परिहार, विवेक शुक्ला, मंजीत यादव, अमित शुक्ला, रूप नारायण पटेल, शिव नारायण, रवि सभासद, संजय निगम, धर्मेंद्र पटेल, सुनील गौतम, सत्येंद्र यादव, निर्मल वर्मा, गौरव वर्मा, विजय सिंह, उमाशंकर यादव, विमल मेहरोत्रा आदि लोग उपस्थित थे।

## सशस्त्र सेना सेवानिवृत्त सैनिक दिवस का आयोजन

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में सशस्त्र सेना सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को मकर सक्रांति एवं वेटरन्स दिवस की बधाई दी। उसके बाद



सेवानिवृत्त सैनिक दिवस समारोह का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कमांडर राजीव पाठक (अ0 प्रा0), सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, ने सभी उपस्थिति महानुभावों का स्वागत किया एवं वेटरन्स दिवस के प्रयोजन की महत्वता के बारे में आवश्यक जानकारी दी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर जनपद के सभी सैनिकों की सेवा, वीरता एवं बलिदान की सराहना की। उन्होंने उपस्थिति जिलाधिकारी ने पदक विजेताओं एवं वीर नारियों को प्रशस्ति पत्र व शाल कम्बल देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सैनिक हमारे देश का गौरव हैं और आश्वस्त किया कि जनपद में उनकी एवं उनके आश्रितों की सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण वरीयता से किया जाएग। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने भी सभी की कुशलता की जानकारी लेते हुए शुभकामनाएं भी दीं।

## हिन्दू विरोधी मानसिकता से ग्रसित है सीतापुर सांसदः विकास हिन्दू



सीतापुर । वर्तमान सासद की प्रेस.वार्ता के बाद पलटवार करते हुए राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने सोमवार को हिन्दू शेर सेना के सीतापुर शहर के सिविल लाइन स्थित केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने प्रेसवार्ता में सांसद से प्रश्न करते हुए कहा कि क्या एक धर्म के केवल भू माफिया है क्यों आप उन दूसरे भू माफियाओं के खिलाफ बोलने से डरते है या उन्हे इन लोगों से कोई मोटी सुविधा मिल रही है ? विकास हिन्दू ने एक दर्जन से ऊपर ठेकेदारों के नाम लेते हुए शहर के उन तमाम भू माफिया के नाम उजागर किये जो वर्तमान कांग्रेस सांसद के करीबी हैं। विकास हिन्दू ने सांसद से प्रश्न करते हुए कहा कि जो आपके भाई अनुपम प्रॉपर्टी डीलिंग करते हैं वो क्या नियमानुसार करते हैं । उनकी भी जाँच होनी चाहिए। उन्होंने सांसद को भी भूमाफिया बताते हुए कहा कि घर के पड़ोस मे नजूल की करोड़ों की जमीन पर कब्जा करके गाड़ियां खड़ी करते हैं वो क्या जायज है अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि जिस दिन सांसद चुनाव जीते थे उसी दिन मतगणना स्थल पर कुछ भू माफिया का नाम लिए थे। उनको कौन सी नदी मे स्नान करवा कर पवित्र कर दिया जो अब उनके खिलाफ चुप्पी साधे हैं।

### हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी की लिस्ट

हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने मैं प्रेस वार्ता में नवी रसूल, शराफत प्रधान, शकील ट्रडर्स, शकील टुंडा, कमल अंसारी, एलसिया नासरु आदि की भी संपत्ति ओर उनकी कमाई की न्यायिक जाँच की मांग करते हुये कहा कि वर्तमान सांसद को हिन्दू विरोधी मानसिकता से उबरना चाहिए और एक जनप्रतिनिधि के नाते सभी के साथ एक समान व्यवहार रखना चाहिए।

## विधानसभा प्रभारी ने बांटे कंबल



पाटन, उन्नाव। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र भगवंत नगर के प्रभारी अंकित सिंह परिहार के द्वारा अपनी चिर -परिचित समाजसेवी कार्यक्रमों की कड़ी में अपने निवास काका कुटीर झगरपुर में मकर संक्रांति पर्व के दिन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जरूरतमंद परिवारजनों को शीत लहर से राहत देने के उद्देश्य से अपने परिवार जनों मे ताऊ पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं निदेशक जिला सहकारी बैंक उदय प्रताप सिंह, अरविंद प्रताप सिंह और छोटे भाई प्रधान प्रतिनिधि रिशू सिंह के साथ सम्मान स्वरूप कंबल वितरण किया गया।

## खैराबाद पालिका अध्यक्ष ने बांटे कंबल



खैराबाद /सीतापुर। नगरपालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने मकर सक्रांति पर्व पर मंदिर जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

मंदिर के पुजारी को खिचड़ी कम्बल व दक्षिणा प्रदान किया। इसके बाद शांतिनगर में खिचड़ी भोज का आयोजन कर गरीब तबके के लोगों को कंबल वितरित किये। इस मौके पर करीब 1100 लोगों को कंम्बल बाटे। इसी क्रम मे नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने हटौरा गौशाला आकर गौ पूजन किया। साथ ही स्टाफ व जरूरत मंदो को कंम्बल भी बाटे। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, मनोज राणा, सभासद विष्णु गौतम, कुलदीप जायसवाल आदि ने विधि विधान से गौ पूजन कर गौ वंशो को गुड़ चना खिलाकर गौ वंशो को सरंक्षित करने पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि समाज में सबल लोगों को गरीबों की मदद के लिए स्वतः आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार गरीबों का विशेष ध्यान रख रही है। देश व प्रदेश में तेजी से विकास का पहिया घूम रहा है।

## 77वीं प्रांतीय स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम डोकरई में सुभाष स्पोर्टिंग क्लब द्वारा 77वां प्रांतीय स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक, क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी सूरज सिंह और आंसू बाजपेई ने झंडारोहण और फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया ।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच रावतपुर कला और डोकरई की टीमों के बीच खेला गया।

बेस्ट ऑफ वन के इस रोमांचक मुकाबले में रावतपुर कला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। प्रतियोगिता में गैर जनपद से आई 12 टीमों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी पवन पुत्र श्यामू की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर समाजसेवी सूरज सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ‘खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

खेल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भावना भी स्थापित करते हैं।’ वहीं, शिववीर व आंसू बाजपेई ने कहा कि खेल भावना से खेलना हर खिलाड़ी का कर्तव्य है ।समिति द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस आयोजन में राम करन सिंह, डॉ. एस. पी. सिंह, आशू सिंह, सुमित बाजपेई, गुड्डू श्रीवास्तव, वीरू सिंह, विक्रम सिंह, अनुज वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का संचार किया।

# गन्ना लदे वाहन हादसे को दे रहे न्योता

## मिल प्रशासन की चेतावनी के बाद भी ठेकेदार मनमानी पर उतारू

महमूदाबाद/सीतापुर। दि किसान सहकारी चीनीमिल महमूदाबाद के गन्ना क्रय केंद्रों से गन्ना उठाकर मिल को आपूर्ति करने के कार्य में ट्रकों के स्थान पर दर्जनों ट्राला सड़कों पर राहगीरों के लिए भारी मुसीबत का सबब बन रहे हैं।

ट्रैक्टर-ट्राला द्वारा ट्रकों से ज्यादा गन्ना भर कर चीनीमिल लाने का काम किया जा रहा है। कुछ ट्रैक्टर ऐसे भी सड़कों पर चल रहे हैं जिनकी ब्रेक तक नहीं लगती है। जिससे दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ रही हैं। क्षेत्र में गन्ना लदे ओवरलोड वाहन हादसा को न्योता दे रहे हैं। मिल प्रशासन द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद भी ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। पूर्व में ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा चुका है। क्षमता से अधिक ट्रैक्टर-ट्राला रास्ते में हिचकोले लेकर चलने वाले वाहन दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी नहीं लगे हुए हैं किन्तु जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दि किसान सहकारी चीनीमिल शुरू होने के बाद गन्ना क्रय केंद्रों से मिल तक गन्ने की ढुलाई के लिए मिल प्रशासन ने कायार्देश जारी किया। मिल ने इसके लिए ट्रकों को



अधिकृत किया गया। किन्तु मिल में गन्ना ढुलाई में लगे ठेकेदार गन्ना क्रय केंद्र से शुगर मिल तक गन्ना ढोने के लिए बड़े-बड़े ट्राले कर इस्तेमाल कर रहे है। मिल प्रशासन द्वारा इसके लिए पूर्व में 11 जनवरी को चेतावनी जारी करते हुए कहा गया था कि ट्रैक्टर ट्राला से गन्ने की ढुलाई कराना शर्त संख्या सात का उल्लंघन है और यह गन्ना उठान के नियमों के विपरीत है। किन्तु ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। लगातार बड़े बड़े ट्रालों से गन्ने की ढुलाई का काम किया जा रहा है। ट्राले की क्षमता 200 क्विंटल की होती है, लेकिन मनमानी के चलते 400 क्विंटल से भी अधिक गन्ना इनमें लाद लिया जाता है। जोखिम भरे रास्ते में हिचकोले खाते हुए किसी तरह यह वाहन गंतव्य तक पहुंचते हैं। इसी प्रकार ट्रक में भी 200 से 250 क्विंटल की क्षमता होती है। लेकिन इनमें भी गन्ना लादते समय यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

कई बार अधिक वजन के चलते वाहन पलट भी जाते हैं। शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर गन्ना लेकर निकलने वाले ट्राले मौत को दावत दे रहे हैं। ट्रकों की तुलना में ट्रैक्टर-ट्राला दुर्घटना की दृष्टि से अधिक खतरनाक माने जाते हैं। कई बार नगर में तमाम स्थानों पर गन्ने से ओवरलोड ट्राला मार्ग अवरुद्ध कर देते हैं। गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राला शारदा सहायक नूरपुर पुल पर आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। शारदा सहायक नहर पर बना पुल पुराना होने के चलते काफी जर्जर है। पुल के आसपास पुलिस तो मौजूद रहती है किंतु गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राला चालक उद्दंडता में अक्सर पुलिस की व्यवस्था को भी दरकिनार कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या दिन में कई बार उत्पन्न हो जाती है। ज्यादातर ट्रैक्टर-ट्राला के पीछे कोई रिफ्लेक्टर, जिससे कोहरे में बचा जा सके। मानकों को दरकिनार कर चल रहे ट्रैक्टर-ट्रालों से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नगर के रामकुंड चैराहा से रोडबेज बस स्टॉप तक उस समय जाम की समस्या बढ़ जाती है, जब स्कूलों में छुट्टी पाकर छात्र-छात्राएं घर जाने लगते हैं। इसबीच नगर में घंटों जाम की समस्या बनी रहती है, जिसमें हजारों की तादात में राहगीर फंसे रहते हैं।

संक्षेप

## खड़े ट्रक में बाइक सवारों ने मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

बांदा। जिले के तिंदवारी पपरेंदा मार्ग पर बीती देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। रात को तीन युवक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे यह घटना घटी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल तिंदवारी, सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे में शामिल ट्रक और उसके चालक को पुलिस ने हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसे में मृत युवक की पहचान सोनू के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हे बांदा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान ही घायल एक दूसरे युवक की भी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र के परसौंडा गांव में सुनैना कश्यप ने फांयी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि सुनैना का शव उसकी ससुराल में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के पिता मोतीलाल ने दामाद रामनरेश पर हत्या का आरोप लगाया है। मोतीलाल ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व बेटी की शादी रामनरेश से की थी। आरोप है कि दामाद शराब का आदी है और नशे में अक्सर सुनैना के साथ मारपीट करता था। सुनैना घर का खर्च चलाने के लिए ट्यूशन पढ़ाती थी और इसी से अपने बच्चों का भरण-पोषण करती थी। पिता ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन रामनरेश ने शराब के नशे में पुत्री से झगड़ा किया था और उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया।

## मकर संक्रांति पर लगा परंपरागत मेला

ललितपुर। मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर मंगलवार को नगर के हृदय स्थल गोविंद सागर बाँध पर परंपरागत तरीके से अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों द्वारा सुबह से ही शुभ मुहूर्त में नदी, तालाबों, पोखरों में जाकर स्नान किया गया और भगवान की आराधना की गयी। वहीं तिल का दान किया गया, जगह-जगह खिचड़ी का वितरण भी किया गया। मकर संक्रान्ति के पर्व गोविंदसागर बांध की तलहटी में स्थित सीतापाठ के धार्मिक स्थल पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सीतापाठ मंदिर पर स्थित माता सीता मंदिर, बालाजी सरकार समेत हजारिया महादेव का अभिनव श्रृंगार किया गया तो वहीं यहां पर हजारों लोगों ने पहुंच कर गोविंदसागर बांध व सीतापाठ जलाशय में स्नान कर सूर्यनमस्कार किया। तो वहीं लोगों ने मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया व खिचड़ी का वितरण किया गया। इधर रणछोर में भी महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस दौरान मेला भी लगा। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी धार्मिक क्रियायें मन्दिर के महन्त की देखरेख में सम्पन्न हुईं। कस्बा राजघाट में मकर संक्रान्ति पर्व पर मेला लगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। ब्रह्मलीन सीतापाठ धाम के महन्त अमावशगिरी महाराज की समाधि स्थल पर भी लोगों ने पूजन-अर्चन किया।

## ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी का खुलासा

# तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार



ललितपुर। बानपुर में पुलिस थाना के सामने ज्वैलरी की दुकान में हुयी चोरी के मामले का पुलिस ने पटाक्षेप करते हुये तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से सोने-चांदी की ज्वैलरी के अलावा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर साइकिल बरामद की गयी है। थाना बानपुर पुलिस ने सर्विलांस और स्वाट टीम की मदद से मामले का पटाक्षेप किया है। गौरतलब है कि बीती पच्चीस दिसम्बर को बानपुर निवासी पवन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने बार रोड स्थित उसकी ज्वैलरी की दुकान में पीछे की दीवाल तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305, 334 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। प्रकरण की जांच के दौरान कुछ संदिग्ध लोगों के नाम प्रकाश में आये। चूंकि कुछ ही महीने पहले शिकायतकर्ता के गोदाम से गल्ला भी चोरी हुआ था, जिसमें कुछ लोग पकड़े गये थे, जिन पर पुलिस का शक गया था। लेकिन जांच की गहराई में जाने पर पुलिस ने पाया कि इस बार घटना को अंजाम देने में अन्य लोगों का हाथ है। जांच में पुलिस के समक्ष ग्राम मैनवार में रहने वाले धनीराम पुत्र चन्दन कुशवाहा, पुष्पेन्द्र पुत्र रामदास अहिरवार और रामगोपाल पुत्र भईयन कुशवाहा को हिरासत में लिया है। पूछताछ करने पर पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि वह सभी विगत दो वर्ष पहले पाली के ग्राम चन्देरा निवासी शिवम कुशवाहा पुत्र जानकी प्रसाद कुशवाहा के साथ पवन जैन की दुकान में लकड़ी फर्नीचर की दुकान में काम करने आये थे, जिसके बाद रुपयों की जरूररतों को पूरा करने के लिए उन्होंने उक्त दुकान की रेकी की और संगठित गिरोह बनाकर 25 दिसम्बर की रात पल्सर मोटर साइकिल से आये और रात करीब 12 बजे दुकान की दीवार के सहारे चढ़कर सीसीटीवी की दिशा बदल दी और दीवार तोड़कर अंदर घुस गये। ज्वैलरी की दुकान में रखे जेवरात व 15 सौ रुपये की चोरी की थी। इसके अलावा सीसीटीवी की डीवीआर को छपरट नदी में फेंक दिया था। बताया कि शिवम नाम का युवक उनसे सामान लेकर भाग गया। इस महत्वपूर्ण खुलासे में प्रशिक्षु सीओ सुनील भारद्वाज, उप निरीक्षक स्वाट प्रभारी अतुल तिवारी व सर्विलांस प्रभारी आलोक कुमार सिंह शामिल रहे।

## किसान ड्रिप सिंचाई के माध्यम से सब्जियां उद्यान, फसलों की खेती शुरू : हरिओम




ललितपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र में पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन, योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी समितियों के उपाध्यक्ष हरिओम निरंजन द्वारा की गयी। कार्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु वैज्ञानिक पशुपालन डा0 अनुज कुमार गौतम एवं वैज्ञानिक डॉ0 दिनेश तिवारी द्वारा कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के विभिन्न गॉवों से आये 50 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिन्हे पोर्टेबिल स्प्रिंकलर, मिनीमाइक्रो स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई पद्धति के संचालन व रख-रखाव का प्रशिक्षण दिया गया एवं इनके उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी दी गयी। प्रगतिशील कृषक महेश द्वारा बताया गया कि उन्होने 1 एकड़ भूमि में ड्रिप सिंचाई पद्धति के साथ मल्चिंग का उपयोग कर टमाटर की खेती की जिसमें उन्होने लगभग 1 हजार क्रेट टमाटर का उत्पादन प्राप्त हुआ जिसका भाव 1400 रू0 प्रति क्रेट्स तथा न्यूनतम 250 रू0 प्रति क्रेट्स प्राप्त हुआ जो कि औसतन 400 रूपया क्रेट्स की दर से प्राप्त हुई बाजार में बेचने पर लगभग 4 लाख की आमदनी प्राप्त हुई जिसमें 1.5 लाख की लागत को घटाकर शुद्ध मुनाफा 2.5 लाख प्राप्त हुआ। सस्य वैज्ञानिक डॉ0 दिनेश तिवारी द्वारा खेती की लागत कम करने के लिए जैविक संशाधनों के सदुपयोग पर बल दिया गया जबकि डॉ0 अनुज गौतम द्वारा कृषकों को एक-एक पशु पालने का आहवान किया गया।

## गौशालाओं में मकर संक्रांति पर गौवंशों को खिचड़ी भोज




बांदा। मकर संक्रांति के अवसर पर अनेक ग्राम पंचायतों में संचालित अस्थाई गौशालाओं में गौवंशों को खिचड़ी, गुड़ व पूड़ी का भोज कराया गया। विकास खंड महुआ की ग्राम पंचायत बड़ोखर बुजुर्ग में ग्राम प्रधान राजकुमारी, सचिव रश्मि मिश्रा ने गौवंशों को खिचड़ी, गुड़ व पूड़ी का भोज कराया। इस दौरान गांव के लेखपाल, क्षेत्रीय दरोगा, गौ सेवक रामजी द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, अरूण कुमार, अभय प्रताप सिंह, नीरज निगम, ग्राम रोजगार सेवक कमलेश, जितेन्द्र व कई ग्रामवासी मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सौंता श्योंढ़ा में ग्राम प्रधान तीरथ प्रसाद, ग्राम रोजगार सेवक अरविंद कुमार व ग्रामीण और ग्राम पंचायत बनसखा में ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार रैकवार व ग्रामीणों की मौजूदगी में संचालित अस्थाई गौशाला में गौवंशों को गुड़ व खिचड़ी भोज कराया गया। बड़ोखर खुर्द की ग्राम पंचायत जारी में भी गौवंशों को गुड़ और खिचड़ी का भोज कराया गया। बताते चलें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल के चलते बीते कई वर्षों से गौशालाओं में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी व गुड़ खिलाने की परंपरा शुरू की गयी है।

## अधिकारी, कर्मचारी टीम के रूप में कार्य करें: कुलपति



बांदा। कृषि विश्व विद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो0 एस. वी. एस. राजू ने विश्व विद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने कहा कि यह विद्यालय और यहां के अध्यापक मेरे लिए नये नही हैं, हमें योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा जिससे हम शिक्षा के क्षेत्र में सफल हो सकें। यहां पर कुछ कमियां हैं जिसे हमें चुनौती मानकर कार्य करना होगा तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का नैक से उच्च श्रेणी में मान्यता लेना प्रमुख लक्ष्य है। भविष्य में सभी से उनके सुझाव व उनके अनुभवों को जानना चाहूंगा। जिससे हम विद्यालय को और शिखर तक ले जा सकें। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उन्हे पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कुल सचिव डॉ एस के सिंह ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से संचालित सभी गतिविधियों के बारे में कुलपति को अवगत कराया। निदेशक प्रसार डॉ एन के बाजपेयी के नेतृत्व में विश्व विद्यालय का वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया। जिसका विमोचन कुलपति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, अधिष्ठाता, इकाई प्रभारी के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं अध्यापक उपस्थित रहे। इस आशय की जानकारी विद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डॉ वी. के. गुप्ता ने दी।

## सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन करना पड़ा महंगा, एफआईआर दर्ज

- छह नामजद व 20-25 अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया गया मामला

ललितपुर। राख से भरे ट्रक की टककर से पल्सर सवार की मौत होने से गुस्साये लोगों ने परिजनों के साथ मिलकर मुख्य मार्ग पर शव को रखकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जाम लगने पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया, जहां लोगों को समझाने के बाद जाम खुल सका और यातायात सामान्य हो गया। प्रकरण को लेकर उप निरीक्षक अजहर इशरत की तहरीर पर जाम लगाने वाले छह नामजद व 20-25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। उप निरीक्षक अजहर इशरत के अनुसार 11 जनवरी को शाम करीब 4 बजे रजवारा गांव के पास ट्रक की टक्कर से पल्सर सवार युवक की मौत हो गयी थी। सूचना मिलने पर वह और कोतवाली से कां.नरेश कुमार, कां.कान्ता प्रसाद मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त टीकमगढ़ के चन्देरा थाना अंतर्गत वार्ड नं.8 निवासी छोटू अहिरवार पुत्र बालाराम अहिरवार के रूप में की गयी थी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के उपरान्त 12 जनवरी को परिजनों ने शव को रजवारा नहर चैराहा के बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां मृतक के परिजनों को बताया गया कि प्रकरण में ट्रक नं. यू.पी.93 सी.टी. 5574 के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। लेकिन परिजनों ने जाम नहीं खोलने दिया। जिसकी सूचना उन्होंने आलाधिकारियों को दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय व एसडीएम सदर ने मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर भीड़ में शामिल लोगों ने उग्र होकर नारेबाजी शुरू कर दी। बार-बार समझाने पर मृतक के चाचा धनीराम अहिरवार पुत्र बोटू अहिरवार व अन्य परिजन मान गये।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पं.शर्मा



ललितपुर। आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी पं. बृजनन्दन शर्मा की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा बृजनंदन शर्मा सुपर मार्केट में स्थित उनके मूर्ति स्थल पर आयोजित की गयी। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पं. बृजनन्दन शर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शमार्जी का देश के लिए किया गया बलिदान अतुल्यनीय था जिन्होंने देश के लिए अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। वह एक ऐसे सेनानी थे जिन्होंने 14 वर्ष की किशोर उम्र में जेल जाकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ विगुल बजा दिया। वे अंग्रेजो की क्रूर यातनाओं के सामने नही झुके तथा पूरी ताकत से स्वतंत्रता संग्राम में अपना सक्रिय योगदान देते रहे। वे साढ़े छः साल जेलों में रहे। पूर्व नपाध्यक्ष ने कहा कि पं.बृजनन्दन शर्मा एक ऐसा व्यक्तित्व थे जो आज की पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी इसलिए एकत्र हुए हैं क्योंकि उनका जीवन हमें कर्मठ योद्धा बनने की प्रेरणा देता है। जो कोई भी उनके सानिध्य में आया उसमें सरलता और गलत का विरोध करने का गुण अपने आप आ गया। जनपद के विख्यात चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे ने कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय है। हम सभी को अपनी धरा पर मर मिटने वाले ऐसे सेनानी पर गर्व होना चाहिए। वह बुन्देलखण्ड के ऐसे सपूत थे जिन्होंने इस क्षेत्र का मान बढाया। सभा की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने की व संचालन लायंस क्लब के अध्यक्ष डी.एस विवेक ने किया। इस दौरान नेहा तिवारी, प्रो.सुधाकर उपाध्याय, गोविन्द व्यास, पत्रकार पवन संज्ञा, महेन्द्र शुक्ला, विजय तिवारी, पत्रकार जसपाल बंटी, पत्रकार मनोज पुरोहित, असलम खान, मो. आसिफ, उवेश खान, प्रेम नामदेव, सचिन नामदेव, अजय तोमर, पवन विश्वकर्मा, राजकुमार नायक, अक्षय जैन, हरीबाबू शर्मा, शिवांश तिवारी, मोहित चैधरी, मोहित तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## प्रशासन ने सपा के जिला कार्यालय की भूमि को बताया अवैध, नोटिस किया चस्पा



बिजनौर। प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर नोटिस चस्पा कर कागजात पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। अफसरों का मानना है कि सपा कार्यालय को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाया गया है। प्रशासन ने 23 सितंबर को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नाम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर एसडीएम/नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र अवनीश त्यागी के निर्देश पर तहसीलदार सदर ने सोमवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर नोटिस चस्पा किया है। प्रशासन द्वारा दिये गए नोटिस में कहा गया था कि समाजवादी पार्टी कार्यालय बिना मानचित्र पास कराए बनाया गया है। इस नोटिस के जवाब में पार्टी के जिला पदाधिकारियों की ओर से जवाब दाखिल किया गया लेकिन प्रशासन इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ। सोमवार को फिर से सपा कार्यालय पर नोटिस चस्पा किया गया। नोटिस में कहा गया है कि स्थलीय निरीक्षण से पता चला है कि जिस भूमि पर सपा कार्यालय बना है, वह सरकारी भूमि है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए भूमि की मांग की जा रही है। इसलिए इस भूमि को खाली किया जाए। समाजवादी पार्टी कार्यालय के स्वामित्व के संबंध में 15 दिन के भीतर साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने पर राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



बिजनौर। मकर संक्रांति उत्तरायणी के पावन पर्व पर कुमाऊनी सांस्कृतिक भ्रात मण्डल द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैन धर्मशाला बिजनौर में बीती रात्रि हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मकर संक्रांति उत्तरायणी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का स्वागत शुभारम्भ कुमाऊनी मण्डल समिति के गणमान्य पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं वैदिक मंत्रोंउच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कुमाऊनी भ्रात मण्डल समिति द्वारा आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराने में समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों का कुशल मार्गदर्शन एवं विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कुमाऊनी महिला मण्डल की उत्तराखंड संस्कृति पर प्रदर्शित वेशभूषा महत्वपूर्ण रही साथ ही भूमिका भी अग्रणी रही। उपरोक्त कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया तथा जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के मेधावी सदस्यों द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में गणमान्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार भी रखे व मकर संक्रांति उत्तरायणी की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर विशेष रूप से आमंत्रित अन्य जनपदों से आये सदस्यगण परिवार, गणमान्य सहित समिति के समस्त वर्तमान पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी एवं समिति समस्त सदस्य परिवार व समस्त महिला मंडल सदस्य संग मंडल परिवार उपस्थित रहे।

## पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

### सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी गायब होने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री बीती 18 दिसम्बर 2024 की रात करीब 11 बजे अचानक घर से गायब हो गयी थी। रात में उन्होंने मोहल्ले के अलावा स्टेशन व बस स्टैण्ड इत्यादि पर खोजबीन की, लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। सुबह होने पर उन्होंने घर में देखा तो उसकी पत्नी का हार, चैन, दो सोने की अंगूठी जिनका वजन करीब 9 तौला व दो लाख रुपये नकदी गायब थे। यह भी बताया कि उसकी पुत्री के खाते में करीब एक लाख रुपये थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को पुराना एप्लाईमेंट कार्यालय आजादपुरा निवासी शुभम रावत पुत्र स्व.प्रदीप रावत, उसकी मां सुमन रावत, भाई शिवम रावत बहला-फुसला कर शुभम रावत के साथ भगा दिया है। जब उनके घर अपने पुत्र प्रिंस के साथ गया तो शुभम की मां मिली और उन्होंने जानकारी की तो उन्होंने कहा कि उसकी पुत्री उनके घर की बहू हो गयी है। बहुत समझाने पर वह नहीं मानीं और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये पुलिस में शिकायत न करने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि वह शिवम की बहन मध्य प्रदेश के बीना अंतर्गत पुष्प बिहार कालोनी निवासी शिवांकी के घर पहुंचे, जहां जानकारी की तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

## त्यौहारों पर नगर में भाईचारा बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें: सीओ



नगीना, बिजनौर। थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन सीओ नगीना की अध्यक्षता व राजकुमार विश्नोई के संचालन में किया गया। बैठक में सभासद, ग्राम प्रधान व गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। नगीना थाना प्रांगण में बीती शाम अयोयोजित आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में बोलते हुए नगीना सीओ भरत सोनकर ने कहा कि आने वाले त्यौहारों पर शहर में भाई चारा बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा त्यौहारों को शांति पूर्वक मिल जुलकर मनाये जाएं। जिसको दोनों धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ बनाएं ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे शहर की अमनो अमान खराब ना हो। बैठक में शहर इमाम मुफ्ती उवैस अकरम, मदरसा नबीनान के खादिम मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, कारी अतीक सिद्दीक मुल्तानी, वहाब मुल्तानी व शहर व आस पास के ग्रामों के ग्राम प्रधान व थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, दरोगा सरवेज खान, थाना नगीना का समस्त स्टाफ व नगर पालिका परिषद के सभासद बदर मुनीम, उस्मान जैदी, गोपाल शर्मा, मौ असलम सिद्दीकी, सद्दीक मुल्तानी, शरीक, मुफ्ती नबील, प्रधान आफताब अंसारी, अतुल विश्नोई, तनवीर अख्तर, शेख इंतजार सहित सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

महोबा। अरुणोदय संस्थान द्वारा महोबा के अंबे पैलेस में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में महोबा, बांदा, गौरिहार तथा अजयगढ़ के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता तथा 16 प्राकृतिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजन के साथ स्वागत गीत हुआ। प्रशिक्षण का संचालन रिजवाना खान द्वारा किया गया। परिचय सत्र के बाद प्रशिक्षण का उद्देश्य बताएं गए तथा प्रतिभागी कार्यकर्ताओ और किसानों से उनकी अपेक्षा को समझा गया। ट्रेनिंग का मुख्य आधार प्राकृतिक खेती व क्रॉप वाटर बजटिंग, जैविक खाद और किटनाशक आदि बनाने की विधियां रहीं। फसल क्रॉप वाटर बजट का निरीक्षण संजय द्वारा दिया गया जिसमे ग्राम में उपलब्ध पानी को खेती के क्षेत्र के अनुसर खर्च करना व उसका बेहतर प्रबंधन किस प्रकार किया जा सकता है इस प्रति विस्तार से जानकारी दी। संसाधन व्यक्ति के रूप में उद्यान विभाग के सुलेमान द्वारा बागवानी और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पत्रकार सुमित तिवारी जी ने कार्यकताओं को रिपोर्टिंग और डॉक्यूमेंटेशन के तरीकों की जानकारी दी। रिजवाना खान द्वारा प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया गया की प्राकृतिक खेती क्यों जरूरी है, जहर मुक्त खेती से बच सकते हैं साथ ही खेती में लगने वाले लागत को कम कर सकते हैं, भूमि को बंजर होने से बचा सकते हैं उसके साथ ही प्राकृतिक




खेती के 7 चरणों की जानकारी दी। संस्थान के संस्थापक सदस्य प्रतीक मिश्रा द्वारा कार्यकताओं को संस्थान के कार्यों को विस्तार में समझाया तथा हमें जिम्मेदारी पूर्वक करने को कहा गया। किसानों का फीडबैक लेने के बाद प्रशिक्षण का समापन कर दिया गया।

## सविता सेन समाज ने किया खिचड़ी भोज



महोबा। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंगलवार के दिन मकरसंक्रांति पर्व के अवसर सविता सेन समाज सेवा प्रसार समिति के तत्वावधान में शहर की पुरानी धर्मशाला में समाज के जिलाध्यक्ष बलवीर सेन उर्फ बल्लू के संयोजन में विशाल खिचड़ी भोज एवं मंगौड़े का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सविता सेन समाज के खिचड़ी एवं मंगौड़े कार्यक्रम में नगर व कस्बों से करीब दो सैकड़ा स्वजातीय बंधु की उपस्थिति रही। जहां पर समाज के सभी लोगों ने खिचड़ी व मंगौड़े का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के पूर्व सविता सेन समाज सेवा प्रसार समिति के अध्यक्ष व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलवीर सेन उर्फ बल्लू, शिवनारायण एड, खूबचन्द्र एड,सुनील सेन शिक्षक, आदि अतिथियों ने मां सरस्वती व सैन जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने भाईचारे की मिशाल पेश करते हुए उपस्थित जनों का टीका कर मकरसंक्रांति की सभी को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग के लिए अपेक्षा की। खिचड़ी एवं मंगौड़े का कार्यक्रम सुबह 10 से प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक चला। इस दौरान राजू मासूम, मोहनलाल सेन, केशव सविता कबरई, रमाशंकर सेन पूर्व प्रधान सुरहा कबरई, हरिचन्द सेन कबरई, बिक्की सेन, लालबहादुर उर्फ पप्पू चालीस, रामकुमार वर्मा, सिद्धगोपाल सेन, विनीत सेन, विजय ओमरे, बिंदादीन सेन, देवेशराज उर्फ रिंकू सेन, उत्तम बापू, तुलसीदास सेन, राहुल सेन सभासद, कुंजा सेन, बी डी बंशल, नंदकिशोर सेन, जयकरन उर्फ पप्पू सेन, छंगा सेन, गोली सेन, बाबूलाल उर्फ बब्बू सेन, शिवराम सेन, रोहित सेन सहित दो सैकड़ा से अधिक सविता सेन समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम पश्चात आगामी भारत रत्न कपूरी ठाकुर जयंती को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श हुआ जिसकी सभी ने सहयोग के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम की भव्यता को देख उपस्थित सभी ने जिलाध्यक्ष बलवीर सेन उर्फ बल्लू की भूरि भूरि प्रशंशा की और हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया।

## यातायात पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

ललितपुर। प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एन.एच.-44 हाइवे पर स्पीड रडार गन से वाहनों के गति की जांच की गई और अनुमन्य गति सीमा से अधिक गति पाए जाने पर 30 वाहनों का एम.वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। वाहन चालकों, परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें फॉग लाइट का क्रियाशील होना और उचित प्रयोग, हाई बीम लो बीम का उचित प्रयोग, लेन ड्राइविंग, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना एवं त्यौहार आदि के दृष्टिगत ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवारी आदि न बैठाने के लिए जागरूक किया गया।

# उम्मीदों को झटका

भारत सरकार देशवासियों को लंबे समय से विकसित भारत का सपना दिखा रही है। अपनी बात को और पुख्ता तरीके से लोगों के मनोमस्तिष्क में उतारने के लिए आर्थिक प्रगति और जीडीपी के आंकड़ों को लेकर बार-बार यह दावा करती रही है कि भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है। लेकिन राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसओ) ने चालू वित्तीय वर्ष में जीडीपी का जो अनुमान लगाया है, वह विकसित भारत का सपना देखने वाले करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसद की दर से प्रगति दर्ज की थी। भारत के आकार-प्रकार, डेमोग्राफी और आर्थिक पिछड़ेपन के मद्देनजर 8.2 फीसद का विकास कोई बहुत बड़ी बात नहीं है, लेकिन एक ऐसे माहौल में जब भू-राजनीति स्थितियां पूरी तरह अनिश्चित हों ओर इससे बहुत गहराई से जियो-इकोनॉमिक्स प्रभावित हो रही हो, तब प्रगति की यह दर संतोष जनक कही जा सकती है। लेकिन पिछड़े साल के मुकाबले चालू वित्तीय वर्ष में जीडीपी की दर में करीब-करीब दो या पौने दो फीसद की गिरावट का अनुमान गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि एक वित्त वर्ष या एक तिमाही के आंकड़ों से अर्थव्यवस्था के पूरे परिदृश्य का आकलन करना जल्दबाजी होगी और वह भी तब जब चालू वित्त वर्ष में ही लोकसभा का चुनाव हुआ हो। इस साल गर्मी भी सामान्य से अधिक पड़ी।



**चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में पौने दो फीसद गिरावट का अनुमान विकसित भारत का सपना देख रहे लोगों के लिए झटका है।**

लेकिन फिर भी चालू वित्त वर्ष की प्रथम और दूसरी तिमाही की जीडीपी में जो शिथिलता आयी है, उस पर सरकार और आरबीआई दोनों को गंभीरता से गौर करना चाहिए। 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में आर्थिक विकास दर 6.7 फीसदी रही, दूसरी तिमाही में हालात और खराब हुए और यह घटकर 5.4 आ गयी। जीडीपी में इस भारती गिरावट के कारण आरबीआई को अपने पूर्व के अनुमान 7.2 फीसद में साठ बेसिस प्वाइंट की कटौती करनी पड़ी और अब उसका अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसद से आगे बढ़ेगी। हालांकि एसबीआई, एनएसओ और तमाम वैश्विक एजेंसियां इस आंकड़े पर भी सहमत नहीं हैं। एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.4 फीसद की विकास दर अनुमानित की है और यह जीडीपी में बड़ी गिरावट है। पहली और दूसरी तिमाही के आंकड़ों से आरबीआई के सारे अनुमान ध्वस्त हो चुके हैं और फिलहाल देश की आर्थिक प्रगति की दर बीते सात तिमाहियों में सबसे नीचे पहुंच गयी है। कृषि, विनिर्माण, औद्योगिक उत्पादन, होटल, रियल एस्टेट, परिवहन आदि क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि दर कम हो रही है। जबकि निर्माण, इस्पात, निजी गैर-वित्तीय सूचीबद्ध कंपनियों, सेवा क्षेत्रों में ही स्थिति कुछ हद तक ठीक रही है। हालांकि समग्र रूप से आर्थिक विकास दर इतनी भी कम नहीं हुई है कि उलटी गिनती ही शुरू हो जाये। दो तिमाहियों का औसत छह फीसद से कुछ अधिक है। जो अब भी बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक है। लेकिन विकसित देशों की सकल अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है। यदि इस बढ़ोत्तरी को ही मानक मान लिया जाये अथवा हमारी जीडीपी इसी के इर्द-गिर्द रहे, तो 2047 तक भारत विकसित देश नहीं बन सकेगा। हालांकि एक-दो तिमाही के आंकड़ों को इतना विस्तारित करने की जरूरत भी नहीं है, लेकिन अर्थव्यवस्था की लय बनाये रखने और इसको हर-हाल में आठ फीसद की वृद्धि दर से आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि सरकार लगातार विकास को गति देने वाले उपाय करती रहे। विकास दर में कमी की दो बुनियादी वजह बताई जा रही है। एक तो निजी मांग और खपत में कमी आई है। मांग कम होगी, तो बाजार का भी संकुचन होगा। उसका प्रत्यक्ष प्रभाव उत्पादन पर पड़ता है। इसलिए सरकार और आरबीआई को इसे ठीक करना चाहिए।

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# चीन की बड़ी साजिश है 'ब्रह्मपुत्र पर बांध'



शाहिद ए चौधरी

**चीन द्वारा इस बांध को बनाने की योजना आश्चर्य के रूप में नहीं आयी है। जब मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) गठित की थी, जिसमें उसने क्लाइमेट व ऊर्जा सुरक्षा के महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे, तब स्पष्ट रूप से यारलुंग के निचले हिस्सों में हाइड्रोपॉवर विकास को वरीयता दी थी।**

अब यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि चीन यारलुंग त्संगपो नदी जो अरुणाचल प्रदेश में आकर ब्रह्मपुत्र नदी बन जाती है पर विशाल हाइड्रोइलेक्ट्रिक बांध बनाने जा रहा है। ब्रह्मपुत्र संसार की सबसे बड़ी नदियों में से एक है। प्रस्तावित बांध की अनुमानित लागत 137 बिलियन डॉलर है और इससे 60 गीगावाट्स बिजली का उत्पादन होगा। इसका अर्थ यह है कि यह थ्री गोर्जेस डैम (चीन की यांगतजी नदी पर बना यह बांध 22,250 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है जोकि दुनिया में सबसे ज्यादा है) से भी ढाई गुना से अधिक बड़ा होगा। इस बांध का भारत पर बहुत गहरा असर पड़ेगा। सवाल है चीन यह बांध क्यों बना रहा है? साथ ही यह भी कि इस संदर्भ में भारत को क्या करना चाहिए? यह बांध बीजिंग के विशाल ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों का हिस्सा है या सीमा वार्ता पर नई दिल्ली को बैकफुट पर करने की गहरी साजिश? प्रश्न यह भी है कि उत्तरपूर्व में नई दिल्ली को अब जल प्रबंधन के संदर्भ में क्या करना चाहिए?

चीन द्वारा इस बांध को बनाने की योजना आश्चर्य के रूप में नहीं आयी है। जब मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-2025) गठित की थी, जिसमें उसने क्लाइमेट व ऊर्जा सुरक्षा के महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे, तब उसने स्पष्ट रूप से यारलुंग के निचले हिस्सों में हाइड्रोपॉवर विकास को वरीयता दी थी। इसलिए अगर भारत में आज इस बात को लेकर आश्चर्य हो रहा है तो इसका मतलब है कि चीन के दीर्घकालीन इरादों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। तथ्य यह है कि यारलुंग को लेकर चीन की महत्वकांक्षी योजनाएं बहुत पुरानी हैं। अपनी 12वीं पंचवर्षीय योजना (2011-2015) में बीजिंग ने यारलुंग के ऊपरी व बीच के हिस्सों में अनेक बांध बनाना प्रस्तावित किया था, जिसमें डागू डैम (640 मेगावाट), जन्गामू डैम (510 मेगावाट) व जीअचा डैम (320 मेगावाट) के अतिरिक्त एक अन्य जेक्सु डैम भी था। जन्गामू डैम चल रहा है, जबकि तीन अन्य डैम रुके हुए हैं क्योंकि उनमें तकनीकी व लॉजिस्टिकल चुनौतियां बाधा बनी हुई हैं। ऊबड़ खाबड़ जमीन, तीव्र ढलान वाले



पहाड़ और गहरी खाइयां 'सुपर डैम' के निर्माण में बहुत बड़ी चुनौती हैं। इसलिए यह संभव है कि चीन की बड़ी घोषणा वास्तविक निर्माण की बजाय भारत को परेशान करने के लिए हो। चीन के लिए यह रणनीति लाभकारी हो सकती है कि वह भारत के साथ सीमा मुद्दों को उन नदियों से जोड़े जो दोनों देशों में बहती हैं। वह उम्मीद कर सकता है कि इस तरह दबाव डालने से भारत सीमा मुद्दों पर उसकी बात मानने के लिए तैयार हो जायेगा। सुपर डैम की घोषणा का समय मात्र संयोग नहीं है। इस घोषणा के साथ ही चीन ने यह भी जाहिर किया कि उसने दो नई काउंटी भी बनायी हैं, जिनमें विवादित रूप से लदाख के भी कुछ हिस्सों को शामिल किया गया है, जिसके बारे में भारत ने सख्ती से कहा है कि वह ह्यअवैध कब्जे में हैं।

दरअसल, सबसे अधिक डरावनी बात यह है कि तिब्बत में भूकंप के खतरे हमेशा बने रहते हैं। केवल 2024 में तिब्बत में 100 से अधिक भूकंप आये जिनकी तीव्रता कम से कम 3.0 थी। अभी कुछ दिन पहले तिनगरी के निकट 6.5 तीव्रता का भयंकर भूकंप आया जिसमें जान व माल का जबरदस्त नुकसान हुआ। मेडोग काउंटी जहां सुपर डैम बनाना प्रस्तावित है, वहां से तिनगरी लगभग 1,200 किमी के फासले पर है। क्या यह प्राकृतिक आपदाएं चीन की महत्वकांक्षी योजना को पटरी से उतार देंगी? नहीं। चीन सुपर डैम बनाने के लिए इन खतरों को अनदेखा कर देगा। उसकी अतीत की हरकतें बताती हैं कि वह प्रकृति की सम्प्रभुता की परवाह नहीं करता है। बीजिंग के लिए सीमाओं को पार करने वाली अन्य नदियों की तरह यारलुंग भी स्ट्रेटेजिक एसेट है। भारत के साथ सीमा विवाद में यारलुंग नदी उसके लिए राजनीतिक हथियार बन गई है। इसलिए भारत को तैयार रहना चाहिए, भले ही चीन सुपर डैम बनाये या न बनाये।

### ड्रैगन का दांव

यह कहना फिजूल है कि चीन का बांध अवैध है और चोरी छुपे बनाया जा रहा है। यह कहने से सिर्फ पब्लिक नैरेटिव ही बनता है कि चीन गैरजिम्मेदार और आक्रमक देश है। लेकिन यह निश्चितरूप से भारत का मुख्य उद्देश्य नहीं हो सकता। यह सही है कि चीन की भौगोलिक ऊपरी तटवर्ती वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता, लेकिन भारत की निचली तटवर्ती स्थिति भी आवश्यक रूप से पूर्णतः हानिकारक नहीं है। डाटा से मालूम होता है कि दोनों कम व अधिक जल प्रवाह के दौरान यारलुंग में पानी का वार्षिक आउटफ्लो ब्रह्मपुत्र से कम ही रहता है। इसलिए भारत जल संसाधनों के अनुप्रवाह विकासक के रूप में निर्णायक भूमिका अदा कर सकता है। सबसे पहली बात तो यह है कि भारत को उत्तरपूर्व क्षेत्र में अपनी क्षमता व गुंजाइश को निरंतर मजबूत करते रहना चाहिए। इसमें शामिल है कि चीन से जो नदियां आ रही हैं उनके जल प्रवाह की स्वयं निगरानी व पुष्टि को बढ़ा देना चाहिए, जिसके लिए बाढ़ के खतरे को मैप व भविष्यवाणी करने के लिए सुपीरियर सैटेलाइट्स प्रयोग करना चाहिए और टेलीमेट्री स्टेशनों को अपग्रेड करना होगा। दूसरा यह कि स्टोरेज सुविधाओं, तटबंध, बाढ़ के पानी को मोड़ देने व शमन के लिए और खेतों की सिचाई हेतु संकलित दृष्टिकोण के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करना होगा।

ब्रह्मपुत्र पर स्टोरेज सुविधाएं बनाना आवश्यक है, लेकिन इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जिसमें जगह के चयन, भूकंप की आशंका, इकोलॉजी और स्थानीय जरूरतों का ख्याल रखा गया हो। अपनी ही भूमि पर अपस्ट्रीम (नदी के ऊपर) व डाउनस्ट्रीम (नदी के नीचे) जैसे बहाव बनाना भारत के लिए हानिकारक होंगे। तीसरा यह कि ब्रह्मपुत्र बेसिन में अंदरूनी नौपरिवहन को अधिक बढ़ाना होगा। अंदरूनी जलमार्गों पर अधिक निवेश करना होगा ताकि ब्रह्मपुत्र नेशनल वाटरवे 2 आर्थिक गलियारे के रूप में काम करे और उसका सीधा संपर्क चिट्टागोंग (बांग्लादेश) और हल्दिया (पश्चिम बंगाल) की बंदरगाहों से हो जाये। इससे दक्षिणपूर्व एशिया के देशों में व्यापार प्रोत्साहित होगा। चीन के साथ जल समझौता होना मुश्किल ही लगता है। ऐसे में भारत यह कर सकता है कि पानी की मात्रा से आगे बढ़कर अपना वाटर एजेंडा तैयार करे और सीमा पर क्लाइमेट चेंज, आर्दभूमि व जैवविविधता की विस्तृत चिंताओं को सामने लेकर आये। इन पर दोनों भारत व चीन ने संबंधित कन्वेंशनों में हस्ताक्षर किये हुए हैं। इससे उन एमओयू में ताजा पहलू आ जायेगा जो 2002 से मौजूद हैं, जिनमें विषेशज्ञ स्तर की व्यवस्था भी शामिल है जो पारीछु नदी की घटना के बाद स्थापित की गई थी। ग्लेशियर झील के फटने से इस नदी में बाढ़ आ गई थी और हिमाचल प्रदेश में जबरदस्त नुकसान हुआ था। ब्रह्मपुत्र के संदर्भ में भारत को अपनी स्ट्रेटेजिक व नीतिगत पहल को बहुत ध्यानपूर्वक संतुलित रखना चाहिए। उसे चीन के साथ ह्यजल वार्ताह्ल करनी चाहिए और साथ ही और भविष्य में पानी की उपलब्धता, बहाव पैटर्न और क्लाइमेट में हो रहे परिवर्तनों पर भी ध्यान देना चाहिए।

### सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान तमिलनाडु, पुदुचेरी एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के छात्रों के एक समूह के साथ बात चीत की। निर्मला सीतारमण.



6700 किलोमीटर का सफर, करोड़ों भारतीयों का साथ, विविधता व समावेशिता का संगम, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहली सालगिरह की सभी को शुभकामनाएं। राहुल गांधी.



भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव हेतु चंद्रभान पासवान जी को मिल्कीपुर से प्रत्याशी बनाये जाने पर बधाई एवं विजयश्री की शुभ कामनाएं। केशव प्र.



# मनुष्य के कर्म

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# काम करिए और आगे बढ़िए

व्यंग्यलोक

जैसे ही पत्नी ने सुबह का अखबार पढ़ा और उसमें एल एंड टी के अध्यक्ष एस एन सुब्रमण्यन का यह बयान पढ़ा कि कब तक पत्नी को घूरते रहोगे, कुछ काम करो, संडे को काम क्यों नहीं करते? हफ्ते में 90 घंटे काम करिए। वैसे ही पत्नी को जोश जग गया। झपटकर बोली, देखा-अखबार पढ़ा, कितना सही लिखा है, अखबार वाले कभी-कभी बहुत सही बात लिख देते हैं और चेयरमैन साहब को तो मैं धन्यवाद देती हूं। अभी उनको मैसेज भी करती हूं, फेसबुक पर, व्हाट्सएप पर और सभी जगह कि उन्होंने काम नहीं करने के बहाने बनाने वाले पतियों के लिए सही बात कही है। अरे भाई घर में पड़े रहते हो, कुछ काम क्यों करते नहीं। जब देखो तब किटकिट, चाय बना दो, खाना बना दो या फिर कुछ और काम कर दो। कभी तो कुछ काम कर लिया करो। पत्नी इस बात से बहुत खुश थी कि कोई तो ऐसा है जो महिलाओं का दर्द समझता है और लोगों को यह कह सकता है कि 90 घंटे काम करो। इससे पहले नारायण मूर्ति ने भी कहा था कि 70 घंटे काम कर लो भैया। मेहनत करो, कुछ पैसे कमाओ। घर में क्यों पड़े हुए हो। मुझे लगता है इस तरह के जो लोग हैं वह देश में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं, पॉजिटिविटी बढ़ाना चाहते हैं और जो पति-पत्नी के बीच में टकराव होता है उसको काम करना चाहते हैं।



मनोज वार्ष्णेय

रविवार को पति यह मान लेते हैं कि यह उनका दिन है वह कुछ काम नहीं करेंगे, घर में पड़े रहेंगे, खाएंगे और गंदगी फैलाएंगे। पर भला हो ऐसे महान व्यक्तियों का जिन्होंने पतियों से पत्नी को पूरे हफ्ते की आजादी दिलाने के लिए शुरुआत की है। धन्यवाद के पात्र हैं वह और बधाई के पात्र हैं, ऐसे लोग जो पत्नियों की समस्या से अवगत हुए हैं। अब थोड़ा सा इसका दूसरा पहलू भी देख लें। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बड़े ठसके से कहा है, अरे भैया इतनी ऊंची पोजीशन पर बैठ गये और 90 घंटे काम करने की बात कर रहे हो? क्या मतलब है, अरे भाई कभी तो खुद को भी देखो। आप तो 90 घंटे क्या, बस चले तो पूरे दिन ही काम करती रहो और दूसरों की पत्नियों, महिलाओं के हित की बात हो, महिलाओं की सुविधाओं की बात, महिलाओं के हित की बात हो तो आप कमेंट कर देते हो। भाई कोई तो कह रहा है, संडे का नाम बदलकर सन ड्यूटी कर दो, संडे का नाम बदलना आसान काम है क्या? जरा घर में पति से कोई काम कराकर देखो, पता चलेगा कि संडे का नाम कैसे बदलता है। मैं तो कहता हूं कि किसी ने तो इस विषय पर सोचा नहीं साथ ही अपने पूरे परिवार का कितना नुकसान करते हैं। अरे दिन भर घर में पड़े पड़े खाते रहते हैं, गंदगी फैलाते रहते हैं, बच्चों को डांटे रहते हैं और जब कोई उनसे काम करने कि कह दो तो वह कहते हैं भैया तो छुट्टी है, संडे है।

# धर्म के मांगलिक स्वरूप को संबर्धित करता है महाकुंभ



धर्म/अध्यात्म

प्रयाग प्रागैतिहासिक तीर्थ है। प्रयाग अपने आध्यात्मिक प्रभाव के लिए प्रख्यात है। प्रयाग का भारतीय सभ्यता संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। ऋषियों-मुनियों ने प्रयाग और कुंभ का श्रद्धापूर्वक वर्णन किया है। सनातन धर्म के अनुयायी विश्वास रखते हैं, कि तीर्थराज प्रयाग की यात्रा, दर्शन संगम स्नान से व्यक्ति सांसारिक आवागमन से मुक्त हो जाता है। महाकुंभ पूरे संसार के लिए दुर्लभ घटना है। करोड़ों लोग एक साथ कुम्भ में संगम स्नान कर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाते हैं। प्रयागराज की महिमा के विशिष्ट होने के ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक आदि कई कारण हैं। गंगा यमुना सरस्वती संगम स्थल ही प्रयाग है। इसी कारण ब्रह्मादि देवताओं ने, दिशा, दिकपाल लोकपाल, पितृगण, सनत कुमार आदि महर्षि गण, नदी, समुद्र, गंधर्व, अप्सरा भगवान विष्णु और प्रजापति ने अपना निवास बनाया है। प्राकृतिक सुंदरता भी संगम में अद्वितीय है। अनेक पक्षियों का कलरव आनंदित करता है।

प्रयाग की महिमा नारद पुराण में विशेष रूप से वर्णित है। प्रयाग का त्रिवेणी संगम कार्मिक तीर्थ है। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने से राज्य, स्वर्ग, मोक्ष सब कुछ प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम में गंगा की धारा धवल और यमुना की धारा हरित है। अन्तः सलिला सरस्वती की धारा लुप्त है। नारद पुराण में लिखा है, कि मकर राशि पर सूर्य के संचार के समय समस्त तीर्थ समस्त देवता प्रयाग के त्रिवेणी संगम पर पहुंच जाते हैं। प्रयाग का महत्व तब और बढ़ जाता है जब प्रत्येक बारह वर्ष बाद कुंभ योग होता है। वहीं छः वर्ष में अर्द्ध कुंभ योग आता है, इसी तरह प्रयाग के अतिरिक्त कुंभ राशि में जब बृहस्पति आ जाते हैं और मेष राशि में जब सूर्य आ जाते हैं तो हरिद्वार में कुंभ लगता है।

स्कंद पुराण के अनुसार जब माघ महीने में सूर्य मकर राशि में होता है गुरु जब मेष राशि में आ जाते हैं तो प्रयाग में तीर्थराज कुंभ योग होता है। वाल्मीकि रामायण में प्रयाग का वर्णन है। महाभारत में प्रयाग की महिमा का यशोगान है। तीनों लोकों में प्रयाग सभी तीर्थों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। पुण्य स्थान है। प्रयाग में महात्मा बुद्ध के द्वारा धर्म प्रचार का भी उल्लेख साहित्य में मिलता है। प्रयाग के निकट कौशांबी को सम्राट अशोक ने अपनी उप राजधानी बनाया था। वैदिक, बौद्धधर्म के साथ प्रयाग क्षेत्र में जैन धर्म के उत्कर्ष और प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ द्वारा प्रयाग के वटवृक्ष के नीचे ध्यान लगाने का उल्लेख मध्यकालीन तीर्थमालाओं में है। प्रयाग, कौशाम्बी को अति प्राचीन नगर होने के साथ बौद्धों एवं जैन धर्मों प्रचारकों, विचारकों महापुरुषों की स्थली का गौरव भी है।

चीनी यात्री ह्वेनसांग ईस्वी सन 644 के लगभग सम्राट हर्षवर्धन के साथ प्रयाग भी आया था। उसने लिखा यहां अन्न बहुत पैदा होता है। फलों के वृक्ष भी खूब पैदा होते हैं। यहां की जलवायु उष्ण है। स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। यहां के लोग नम्र और सुशील हैं। यहां के लोगों को पठन-पाठन और विद्या से विशेष प्रेम है, परंतु निर्मूल और असत्य सिद्धांत पर उनका अधिक विश्वास है। नगर में केवल दो संघाराम है। थोड़े से हीनयान संप्रदाय के अनुयायी हैं। दूसरी ओर पौराणिक देवताओं के मंदिर अधिक हैं। उनके अनुयायियों की संख्या बहुत है। नगर के दक्षिण और पश्चिम में एक चंपक वाटिका में बड़ा स्तूप है। स्तूप को सम्राट अशोक ने बनवाया था। इसकी दीवारें भूमि से अधिक ऊंची हैं। इसके बगल में एक और स्तूप है जिसमें बुद्ध के केश और नख समाधिस्थ हैं।

पुराणों में प्रयाग को सभी तीर्थों का अधिपति कहा गया है। कूर्म पुराण में प्रयाग को सर्वोतम तीर्थ कहा गया है। जैसे ग्रहों में सूर्य तथा तारागणों में चंद्रमा प्रमुख है उसी प्रकार समस्त तीर्थों में प्रयाग सर्वोतम है। पद्म पुराण, विष्णु पुराण, मत्स्य पुराण सहित प्राचीन ग्रन्थों में प्रयाग संस्कृति का उल्लेख और कथाएं हैं। कुंभ भगवान विष्णु का प्रतीक है। कुंभ ज्ञान बुद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। प्राचीन ग्रंथों में कुंभ को एक पवित्र स्थल के रूप में वर्णित किया गया है। प्रयाग में संगम तट पर मेले का आयोजन होता है। भारी संख्या में श्रद्धालु पूरे विश्व से आते हैं।

मेघदूत में कालिदास ने एक यक्ष की कहानी बताई है। वह यक्ष अपनी प्रियतमा से अलग हो जाता है। मेघदूत (बादल दूत) के माध्यम से उसे संदेश भेजता है। इस संदर्भ में कालिदास ने मेघदूत में प्रयाग का उल्लेख कुछ इन शब्दों में किया है। 'त्रिवेणी संगमे यत्र गंगा यमुना सरस्वती' अर्थात 'जहां गंगा यमुना और सरस्वती नदियां मिलती हैं।' कालिदास के मेघदूत में कुंभ का सीधा वर्णन नहीं है।

**– अरुण कुमार दीक्षित**

## आपकी बात

### सरकार की समावेशी नीतियां

विकास की समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों के जीवन में बदलाव लाना और उन्हें बेहतर जीवन यापन मुहैया कराना देश और सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**विजय कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### अस्पतालों की दशा सुधारें

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे .बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज बहुत ही महंगा होता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## हाईवे पर शव मिलने से मचा हड़कंप

**बछरावां, रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का छत विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया है। लखनऊ- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की सुबह खैरहनी गांव के पास सड़क के किनारे एक व्यक्ति का छत विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे परंतु उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है और पहचान कराने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। शव की पहचान कराई जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

## करंट से युवक की मौत

**चांदा, सुलतानपुर ।** चांदा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ हो गया। शटडाउन विद्युत लाइन की फाल्ट ठीक करने पोल पर चढ़े युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सोनावा गांव में सोमवार शाम को एक प्राइवेट लाइनमैन की 11 हजार लाइन की पोल पर फाल्ट ठीक करते समय करंट से मौत हो गई। सोनावा मलिका पूरा (मालियान) निवासी 32 वर्षीय सुनील दूबे पुत्र माता प्रसाद की करंट लगने से मौत हो गई।

## हनुमान मंदिर में खिचड़ी भोज आयोजित

**लालगंज,रायबरेली।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लोगों के द्वारा जगह-जगह पर जहां खिचड़ी भोज किया गया वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा साड़ी ,कंबल आदि भी वितरण किए गए। लालगंज नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में महंत लक्ष्मी शंकर बाजपेई के द्वारा तहरी भोज का आयोजन किया गया। वहीं नारायण टेंट हाउस के मालिक निखिल तिवारी के द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने छक पर प्रसाद ग्रहण किया। महंत लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने कहा कि मकर संक्रांति हिंदुओं का पारंपरिक महत्व का त्यौहार है। भगवान सूर्य की उपासना का खास पर्व है। आज ही के दिन से भगवान सूर्य नारायण दक्षिणायन से उत्तरायण आते हैं जिससे ऊष्मा रूपी उत्साह का संचार होता है। इस अवसर पर विष्णु गुप्ता, कमल तिवारी सहित श्रद्धालु मौजूदरहे।

## श्री रामकृष्ण मिश्र सेवा संस्थान ने बांटे कंबल

**बछरावां, रायबरेली।** मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र में जगह-जगह पर लोग सामाजिक सेवा के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। उसी के तहत आज बछरावां विकासखंड की शेषपुर समुदाय ग्राम सभा में सेवानिवृत शिक्षक समाजसेवी जेपी मिश्रा द्वारा श्रीराम कृष्ण मिश्र सेवा संस्थान के माध्यम से लगभग 250 ग्रामीण महिलाओं कंबल वितरित किया गया। यह कार्यक्रम श्री रामकृष्ण मिश्रा सेवा संस्थान द्वारा विगत 8 वर्षों से किया जा रहा है। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष 14 जनवरी को कंबल वितरण व 27 अप्रैल को साड़ियां वितरित की जाती है। कंबल वितरण के दौरान जेपी मिश्रा ने बताया कि विगत 8 वर्षों से संस्थान द्वारा सामाजिक कार्य के तहत 14 जनवरी को कंबल वितरण व 27 अप्रैल को ग्रामीण महिलाओं को साड़ी वितरित करके हम पूर्वजों को याद करते हैं।

# संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

## जगह-जगह हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिले के आदि गंगा गोमती नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं में आस्था की डुबकी लगाई। इस मौके पर लोगों ने दान भी किया। विभिन्न संगठनों व समाजसेवियों ने खिचड़ी भोज का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। मंगलवार को गोमती नदी के सीताकुण्ड घाट, दियरा, धोपाप सहित अन्य घाटों पर भी लोगों ने प्रमुख स्नान पर्व पर डुबकी लगाई। सीताकुण्ड घाट पर नगर पालिका व गोमती मित्र मण्डल के सहयोग से श्रद्धालुओं के स्नान के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। महिलाओं व बच्चों के स्नान में कोई दिक्कत न आए इसके लिए युवा मण्डल के सदस्य लगातार निगरानी करते रहे। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं को खिचड़ी भी वितरित की गई। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी, राकेश प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, विकास शर्मा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

**परशुराम युवा वाहिनी ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन :** मकर संक्रांति के अवसर पर गोलाघाट के दीवानी मोड़ पर स्थित परशुराम चैक पर परशुराम युवा वाहिनी ने खिचड़ी भोज व सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। मंगलवार की सुबह संगठन ने सुंदरकाण्ड का पाठ कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात संगठन के द्वारा श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के निवर्तमान मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं, देश को मजबूत बनाने के लिए सामाजिक सद्भाव सबसे ज्यादा जरूरी होता है। खिचड़ी का मतलब ही होता है सबका प्रेम पूर्वक साथ लेकर चलना। संगठन के अध्यक्ष अमित तिवारी ने इस मौके पर पत्रकारों को सम्मानित भी किया। सैकड़ों की संख्या में संगठन के लोगों व श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर सभासद प्रवीण मिश्रा, कांग्रेसी नेता वरूण मिश्रा, राजेश तिवारी, समाजसेवी रवीन्द्र तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया खिचड़ी भोज :** भाजपा जिलाध्यक्ष आर.ए. वर्मा ने गोमती हॉस्पिटल प्रांगण में खिचड़ी भोज का आयोजन किया। सुंदरकाण्ड पाठ एवं हवन-पूजन के साथ सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर उपस्थिति लोगों को शुगर व ब्लड प्रेसर की निःशुल्क जांच भी की गई। खिचड़ी भोज में समाजसेवी, चिकित्सक व भाजपा से जुड़े से शामिल हुए।

# दलित युवक की दबंगों ने पीट पीट कर की हत्या

- घटना को लेकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में एक व्यक्ति की दबंगों ने पीट पीट कर हत्या कर दी। आरोपियों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह शौच के लिए गया हुआ था घटना के पीछे करीब दो महीने पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हुई मारपीट से जोड़ा जा रहा है, हालांकि पुलिस घटना की कई एंगल से जांच कर रही है।

गांव निवासी रामधनी 46 वर्ष पुत्र सत्य नारायण सोमवार की षाम आठ बजे के करीब घर से खेतों की ओर शौच के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में ही शराब के नशे में गांव का ही रोहित पुत्र राम अचल ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस पर रामधनी ने विरोध किया तो रोहित ने अपने भाई अखिलेश, पिता राम अचल और मां के साथ मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी और इतना पीटा कि वह मरणासन्न हो गया। अंततः आरोपी रामधनी को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए।

मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा मरणासन्न अवस्था में उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के पुत्र रंजीत की तहरीर पर पुलिस ने चारों हत्यारोपियों राम अचल उसके बेटे रोहित व अखिलेश तथा राम अचल की पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### घटना को लेकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

रामधनी का शव मंगलवार को पीएम के बाद घर पहुंचा तो ग्रामीणों में घटना लेकर आक्रोश फैल गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के अलावा पांच बीघे जमीन का पट्टा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रधानमंत्री आवास आदि की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीएम सचिन यादव और सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए और गांव के बाहर अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान महराजगंज सर्किल क्षेत्र के सभी थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# संक्रांति हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है : आकर्ष शुक्ल



**अमेठी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हनुमान गढ़ी मंदिर पर अमेठी में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने की, जिन्होंने खुद श्रद्धालुओं को खिचड़ी परोसी। खिचड़ी वितरण के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मकर संक्रांति की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर हनुमान गढ़ी में उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला.स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन को सराहा और इसे सामूहिकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल ने कहा ह्लमकर संक्रांति का पर्व हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है.हनुमान गढ़ी में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी को इस पर्व की खुशियों में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं। यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। मैं सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि, यह पर्व सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लाए.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर पांडे, अशोक शुक्ल, पूर्व प्रधान गौरव पाठक, ऋषभ शुक्ल, और विपिन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने योगदान दिया ।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से पत्रकार की मां की मौत, अस्पताल में डॉक्टर नहीं थे मौजूद

**अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही आम हो गयी। बीते सोमवार की देर रात अस्पताल में डॉक्टर व कर्मचारी उपस्थित न होने के चलते पत्रकार की बुजुर्ग मां ने मुंशीगंज निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सांस फूलने से दम तोड़ दिया.जिससे पत्रकार के परिवार व पत्रकार स्टाफ में शोक की लहर दौड़ गई। संग्रामपुर के जरौटा निवासी पत्रकार मधुसूदन मिश्रा की बुजुर्ग मां का अचानक सांस फूलने से तबीयत बिगड़ने लगी। वह निजी वाहन से तुरंत अपनी मां को लेकर अमेठी सीएचसी पहुंचे जहां पर अस्पताल में कोई डॉक्टर व फार्मासिस्ट मौजूद नहीं था. पत्रकार द्वारा तुरंत मां की हालत गम्भीर होता देख सीएचसी अधीक्षक को सूचना दी गई। जिसके आधे घंटे बाद कार से सीएचसी पर तैनात डॉक्टर देवेश आए और इलाज करने के बजाय तुरंत अस्पताल परिसर में स्थित अपने आवास पर चले गए और करीब पांच मिनट आने के बाद बिना किसी जांच परीक्षण किए रेफर कर दिए। जिसके बाद हालत गंभीर होता देख पत्रकार ने अपनी मां को निजी वाहन से लेकर मुंशीगंज निजी अस्पताल के लिए रवाना हुए. जहां अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने देरी से आने को लेकर मृत घोषित कर दिया. घटना से पत्रकार के परिवार व अमेठी तहसील के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई. वही मां की मौत से आहत पत्रकार मधुसूदन मिश्रा ने बताया कि अगर सीएचसी में डॉक्टर मौजूद होते और समय से इलाज हो जाता तो मेरी माँ की अचानक मौत नहीं होती। स्वास्थ्य विभाग के इस लापरवाही से वह काफी आहत हैं।

## वित्त व लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय में हुआ तीन करोड़ का घोटाला, मुजरिम खुद मुंसिफ बना

**अमेठी।** वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय में एरियर की लगभग एक करोड़ रुपए की धनराशि के गबन के मामले की जांच कमेटी को लेकर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने सवाल उठाए हैं। एरियर की धनराशि शिक्षकों के खाते में भेजने के बजाय कनिष्ठ लेखा लिपिक मनोज कुमार मालवीय के चहेतों के खाते में भेजी गई है। घोटाले के समय वर्तमान वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार शर्मा प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी भी थे। मुजरिम खुद मुंसिफ वाली स्थिति बनी हुई है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी में श्री रामेन्द्र कुमार शर्मा को शामिल किए जाने पर सवाल उठाए है और इस मामले में जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया है। संगठन के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम कनौजिया, महामंत्री रमाकांत मौर्य और कोषाध्यक्ष देवी शरण कनौजिया ने इस लूट की निष्पक्ष जांच हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी को जांच कमेटी से हटाकर किसी अन्य अधिकारी को जांच समिति में शामिल करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि एरियर की धनराशि की लूट नियोजित ढंग से रणनीति बनाकर की गई है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा और अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को पत्र भेज दिया है।

# ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों को भेंट किये कंबल



- ग्राम प्रधान के पिता की स्मृति में बीते कई वर्षों से आयोजित हो रहा है कार्यक्रम

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खंड कूरेभार के सेउर चमुरखा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू के निज निवास पर प्रधान के पिता स्व. ठाकुर श्याम बहादुर सिंह की स्मृति में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में लगभग 700 जरूरतमंदों को कंबल भेंट किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूवात में ही क्षेत्र के संभ्रांत लोगों व ग्रामवसियों को प्रधान श्री सिंह ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए जलपान कराया। आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामवसियों को कंबल भेंट किया। इस मौके पर बम बहादुर सिंह, पंकज सिंह, रानू सिंह, रमाशंकर गुप्ता, शशी कांत श्रीवास्तव, ह्दय राम प्रजापति, राम बहादुर सिंह, पप्पू खान, राम हेत पाल, मुजीब खान, मनोज कुमार,विनोद पाण्डेय, संतोष सिंह, देवी मौर्य, सादिक अंसारी, हौसिला चैबे आदि मौजूद रहे।

# कड़ाके की सर्दी में जनता का सहारा बन रहीं सदर विधायक अदिति सिंह

- अपने पिता की तरह अपनी जनता जनार्दन के साथ उनके दुख-सुख में साथ रहकर मदद के लिए रह रही सदैव तत्पर



**रायबरेली।** कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे लोगों के लिए उदारता दिखाते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने अपनी विधानसभा के कई ग्राम सभाओं में कंबल वितरित किए। उन्होंने कंबल वितरण के दौरान बुजुर्ग असहाय निराश्रित दिव्यांग जनों से कहा कि ठंड में मदद पाने के लिए और भी आवश्यकताओं के अनुरूप मदद की जाएगी ।

भदोखर ग्रामसभा में कंबल वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि गाँवों में ठंड से कांप रहे लोगों के लिए लकड़ी का सहारा है। यदि अलाव जलाने के लिए लकड़ी का प्रबंध न हो तो उसके लिए आवश्यकतानुसार प्रशासन को सूचित किया जाए। उन्होंने भदोखर गांव में 400 कंबल वितरित किए। कोडरस गाँव में निराश्रित ठंड से मजबूर लोगों को 300 कंबल वितरित किए। कंबल वितरण के दौरान महिलाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ मौजूद रही । महिलाओं से वार्ता के दौरान सदर विधायक ने उनके आवास राशनकार्ड तथा उन्हें मिलने वाली सरकारी मूलभूत सुविधाओं को लेकर जानकारी हासिल की। शहरी क्षेत्र के धमसीराय का पुरवा बाबा कुटी रतापुर में 450 कंबल सदर विधायक ने वितरित किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन जन की हितैषी है और उसके द्वारा लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। सदर विधायक ने कहा कि अपने पिता की तरह अपनी जनता जनार्दन के साथ उनके दुख-सुख में साथ रहकर मदद के लिए तो सदैव तत्पर रहूंगी। उन्होंने गाँव में असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों की भी जानकारी ली। ग्राम सभाओं में कंबल वितरण के दौरान ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय कला मंच, कुशभवनपुर के कार्यकताओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आठ महाविद्यालय स्तर के समूह तथा दो इंटर कॉलेज स्तर के समूह ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जन्नत, सीमा, पुष्पा ग्रुप, द्वितीय स्थान अंकुर मिश्रा, विवेक निषाद, संदीप निषाद आस्था ग्रुप, तृतीय स्थान सभ्या यादव, करिश्मा विश्वकर्मा, प्रज्ञा गुप्ता ग्रुप को मिला। जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान निष्ठा श्रीवास्तव, प्रियांशी श्रीवास्तव, रिया प्रजापति ग्रुप द्वितीय स्थान नैन्सी, अंशिका, मानवी, अनन्या पाण्डेय ग्रुप को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था निषाद और द्वितीय स्थान हिमांशु सिंह को मिला। विजेताओं को राणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार त्रिपाठी जी एवं उप प्राचार्य डॉ. निशा सिंह जी द्वारा पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो निशा सिंह, डॉ रंजना पटेल, डॉ. विभा सिंह, डॉ. नीतू सिंह शामिल रही। प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने कहा कि आज युवाओं को विवेकानंद से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विवेकानंद के रास्ते पर चलकर युवा भारत का गौरव बढ़ा सकते है। प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. संतोष अंश ने कहा कि अभाविप नवोदित कलाकारों को राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से प्रोत्साहित कर रहा है। यहाँ पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभेन्द्रवीर सिंह नगर अध्यक्ष गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक परमेन्द्र सिंह, इकाई अध्यक्ष राहुल यादव, डॉ. अमित तिवारी, डॉ. सुनील त्रिपाठी, डॉ. भारती सिंह, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. वीना सिंह, विनय सिंह, समर बहादुर बसिंघ, दिलीप सिंह, शशांक सिंह, सत्यम चैरसिया, शिखर पाठक आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने आठ पुलिसकर्मी निलंबित किये

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नवागत एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है। ड्यूटी में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों की अब खैर नहीं है। एसपी ने ड्यूटी पर अनुपस्थित आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जयसिंहपुर थाने पर तैनात सिपाही सचिन कुमार चैधरी व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही प्रदीप पाण्डेय, कृष्ण पाल सिंह, अनुराग सिंह, राहुल सिंह, शिवम सिंह, कंचन कुमार, वीरेंद्र वर्मा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। एसपी की जांच में ये सभी बिना कारण के ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए। इन पर ड्यूटी में घोर लापरवाही बरतने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवर से जिले के लापरवाह पुलिसकर्मियों में हडकंप मच गया है।

## राम पथ गमन मार्ग पर बनाये गये रैन बसेरे

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** महाकुंभ के मद्देनजर राम पथ गमन मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुबिधा हेतु विकास खंड कूरेभार के अयोध्या बार्डर के इछुरी सागर पर कामन सर्बिस सेंटर पुरखीपुर, कस्बा कूरेभार में समुदायिक भवन सहित ब्लॉक मुख्यालय सहित कुल- 6 जगहों पर रैन बसेरा बनाया गया है। जहां इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, जलपान की समुचित व्यवस्था दी जा रही है। उक्त रैन बसेरों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुँचे कूरेभार एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी भोला नाथ तिवारी, पुरखीपुर प्रधान प्रतिनिधि राम सुरेश वर्मा सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर श्री मिश्रा ने स्वच्छता दूतों की प्रशंशा की।

## प्रशासन ने महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं पर की पुष्प वर्षा



**बछरावां, रायबरेली।** जहां एक तरफ महाकुंभ को लेकर शासन प्रशासन पूरी तरह सजग होकर व्यवस्थाओं को क्रियान्वित कर रहा है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना ना उठाना पड़े। वही उनको सम्मानित करने के लिए आज बछरावां नगर के मुख्य चैराहे पर कोतवाली के समीप एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा व कोतवाल ओपी तिवारी के मौजूदगी में बस से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। प्रशासन द्वारा बछरावां नगर में श्रद्धालुओं के लिए दयानंद पीजी कालेज मे रैन बसेरा का भी समुचित प्रबंध किया गया है। वही उनके स्वागत की व्यवस्था ग्रामीण इंदौर स्टेडियम में की गई है। पुष्प वर्षा नगर पंचायतकर्मी मनोज कुमार वर्मा व उनकी टीम के द्वारा की गई। इस मौके पर लेखपाल संदीप सिंह, पीयूष शुक्ला व विकास कुशवाहा भी मौजूद रहे।

## किसी नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नागरिकों की अहम भूमिका : एसडीएम

**कादीपुर, सुलतानपुर ।** किसी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में वहां के नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यह बातें एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने कही। वे कस्बे में नगर पंचायत से बने वंदन हाल केके लोकार्पण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नगर में विद्युत जल एवं सफाई को चुस्त दुरुस्त करना केवल नगर पंचायत एवं प्रशासन का ही काम नहीं है। इसके लिए सभी नागरिकों को आगे आकर प्रशासन का सहयोग करना पड़ेगा। सीओ विनय गौतम ने कहा कि के शिव मंदिर के पास निर्मित वंदन हाल सनातन धर्म एवं संस्कृति को सुव्यवस्थित करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने नगर पंचायत में कराए गए विकास कार्यों एवं भावी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हम नगर को सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि शीघ्र ही नगर पंचायत में नए-नए विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे इन कार्यों के लिए जन सहयोग अपेक्षित है। श्री जायसवाल ने पिता काटकर बंदन हाल का लोकार्पण किया। अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हम सब एक साथ मिलकर शासन के सहयोग से विभिन्न योजनाएं ला रहे हैं। जिससे नगर पंचायत का भरपूर विकास होगा आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत की तरफ से खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चैहान, तहसीलदार घनश्याम भारती, डॉ. इंदु शेखर उपाध्याय, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ल, दयाराम पांडेय, केके तिवारी, सभासद ब्रजेश बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया।

# रमसापुर टीम ने जीता जय बाबा परमान तिवारी क्रिकेट मैच

- फाइनल मुकाबले में शिव विद्या मंदिर इन्टर कालेज रमसापुर ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ बनारस को हराया



**नसीराबाद, रायबरेली।** शिवपति शिव दर्शन पांडे सेवा समिति द्वारा प्रायोजित बाबा परमान तिवारी धाम बभनपुर में पांच जनवरी से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तिम दिन मंगलवार को फाइनल मुकाबला हुआ। जय बाबा परमान तिवारी अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तिम दिन शिव विद्या मंदिर इन्टर कालेज रमसापुर और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ बानरस के बीच कड़ी टक्कर हुई। काशी बानरस की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 15 ओवर में 54 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में बल्लेबाजल करने उतरी शिव विद्या मंदिर इन्टर कालेज रमसापुर की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवर मे जोरदार विजय हासिल की। इसके पूर्व मुख्य अतिथि शिवपती शिवदर्शन पाण्डेय सेवा समिति के संस्थापक संरक्षक अखिलेश आर. पाण्डेय, कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बिशाल सिंह ने प्रतियोगिता के फाइनल की दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार सिंह और क्रिकेट कमेन्ट्री राजेश सिंह और राम खेलावन आलोक त्रिपाठी ने किया। अंपायर की भूमिका जे पी सिंह और राहुल सिंह ने निभाई।

मेला प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह, प्रधानपति राधेश्याम यादव, सन्त शरण द्विवेदी, शिवेन्द्र विक्रम सिंह आदि ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों ,राम बिशाल पाण्डेय, राम नरेश पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, सतीश पांडेय , सत्यदेव सिह, अवलोक पांडेय सहित मनोज द्विवेदी, राजीव द्विवेदी, सत्यदेव सिंह, सन्त शरण द्विवेदी,, राम बहादुर सिंह, अशोक द्विवेदी, अभय तिवारी, गोलू सिंह, आदित्य नारायण पाण्डेय, चन्द्र मौलि सिंह, मनोज द्विवेदी, सतीश पाण्डेय, पंकज सिंह,प्रधानाचार्य अंजनी कुमार त्रिपाठी, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे। विजेता टीम को मुख्य अतिथि अखिलेश आर पाण्डेय ने शिव दुर्गेश विद्या मन्दिर इन्टर कालेज रमसापुर की विजेता टीम को 35 हजार और उपविजेता बनारस की टीम को 15 हजार नकद राशि से पुरस्कृत किया। नितिन मैन आफ द मैच को 5100 और मैन आफ द सीरीज मोहम्मद वकार को और वेस्ट बैट्समैन धीरज सिंह बल्ले से पुरस्कृत किया गया।

## लक्ष्मी वस्त्रालय ने 500 महिलाओं को कंबल और साड़ी भेंट की



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के मेन रोड स्थित लक्ष्मी वस्त्रालय के मालिक सतीश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार मकर संक्रांति के दिन गरीब, विधवा महिलाओं को कंबल और साड़ी वितरण किया जा रहा है। सतीश गुप्ता ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के सहयोग से मकर संक्रांति के दिन गरीब महिलाओं को साड़ी और कंबल भेंट कर सराहनीय कार्य किया है। सतीश गुप्ता ने बताया कि यह धर्मार्थ कार्य करने का अवसर उन्हें बाबा बालेश्वर धाम और अपने पूर्वजों की प्रेरणा से मिला है। दान आदि करने से उनके अंदर आत्मविश्वास और समाज सेवा की भूमिका जागृतहोती है। निरंतर कई वर्षों से महिलाओं की सहायता करने से गरीब लोग स्वयं ही लक्ष्मी वस्त्रालय उनके आवास पर मकर संक्रांति के दिन पहुंच जाते हैं और उन्हें मदद जरूर मिलती है। इस मौके पर अनुराधा गुप्ता, शांभवी गुप्ता, पुष्कर गुप्ता , अमित गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, रवि मुरारका, प्रतीक शर्मा आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## 288 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किये

**फिरोजाबाद।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। माह नवम्बर से दिसम्बर माह तक एडिप योजना के अंतर्गत कुल 288 दिव्यांगजनों तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत कुल 258 वरिष्ठजनों को चिन्हित किया गया था। इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 70 लाख 80 हजार के 1975 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। मंगलवार को फिरोजाबाद में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सदर मनीष असीजा एवं जिला प्रशासन फिरोजाबाद के वरिष्ठ पदाधिकारीगण तथा अन्य महानुभावों की गणमान्य उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

## तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को अवैध असलहा एवं जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विक्रम दिवाकर उर्फ विक्की पुत्र स्व0 श्यामलाल दिवाकर निवासी दुर्गानगर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को फैक्ट्री ऐरिया से आने वाले रास्ते पर हाईवे के किनारे थाना क्षेत्र रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## डीपीआरओ ने किया सोनवा ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**मथुरा।** जिला पंचायतराज अधिकारी किरण चैधरी ने चैमुहां ब्लॉक के गांव सेनवा में प्रधान और ग्रामीणों के बीच चले आ रहे जमीनी विवाद की जांच करने पहुंचीं। कुछ ग्रामीणों ने प्रधान पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया, तो वही प्रधान श्रीमती आशा देवी ने सरकारी जमीन को ग्रामीणों से कब्जा मुक्त कराए जाने की बात कही। प्रधान प्रतिनिधि प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि ग्रामीण खेल मैदान पर कब्जा करना चाहते है। खेल मैदान के चारो तरफकी गई तार फेंसिंग को ग्रामीण काट देते हैं। कुछ लोगों ने खेल मैदान में भूषा और उपले पाथकर अवैध अतिक्रमण कर रखा। जिला पंचायतराज अधिकारी किरन चैधरी ने बताया कि गांव सेनवा में आपसी जमीनी विवाद को लेकर शिकायत मिली थी। ग्राम पंचायत में खेल मैदान, आरआरसी सेंटर और पंचायत भवन बनाने के लिए खाली कराई गई सरकारी जमीन को लेकर ग्रामीण और प्रधान के बीच कुछ मतभेद चल रहा था। उक्त जमीन की राजस्व विभाग द्वारा पुनः पैमाइस कराई जाएगी। ग्रामीणों में जो जमीनी विवाद था उसे समाप्त करा दिया गया है। बताया कि ग्राम पंचायत में बालिकाओं के लिए क्षेत्र पंचायत की निधि से जल्द ही खेल मैदान बनाया जाएगा। बालिका खेल मैदान के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है उसके लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया है कि वह उन्हें नोटिस जारी कर जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने की कार्यवाही करें। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सतीश चंद शर्मा, पंचायत सचिव विकास उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ से लौट रही बस में आग, एक की मौत





**मथुरा।** वृंदावन में मंगलवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां, एक बस में आग लग गई। इस घटना में बस के यात्री खिड़कियां तोड़कर जान बचाने के लिए भागे। आग में तेलंगाना से आए एक यात्री की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री झुलस गए। आग की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी बस जलकर खाक हो चुकी थी।

विदित रहे कि मंगलवार को तेलंगाना से 50 यात्रियों का दल प्रयागराज महाकुंभ गया हुआ था। वापसी में वो वृंदावन दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रियों की बस पर्यटक सुविधा केंद्र पर खड़ी की गई थी और वे दर्शन के लिए चले गए थे। इस दौरान बस में ड्राइवर, परिचालक और एक यात्री मौजूद थे। सिगरेट की वजह से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस में रह गए एक यात्री ने सिगरेट पीना शुरू किया और बाद में फोन आने पर सिगरेट वहीं छोड़ दी। फोन पर बात करते हुए वह बस से बाहर चला गया और सिगरेट के कारण बस की सीट ने आग पकड़ ली, जो धीरे-धीरे पूरे वाहन में फैल गई। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई, बस में फंसे यात्रियों ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। वहीं कुछ यात्री अपना सामान लेने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक आग पूरी बस में फैल चुकी थी। आग लगने के बाद पर्यटक सुविधा केंद्र में हड़कंप मच गया। फायर सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन इसकी गंभीरता को देखकर दमकल विभाग को सूचित किया गया। दमकल टीम ने आग पर काबू तो पाया, लेकिन इस हादसे में तेलंगाना के एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई। जली हुई बस में से उस बुजुर्ग का शव बरामद किया गया, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों में गहरा शोक फैल गया।

## वृंदावन के धौरेरा के जंगल में मिला महिला का शव, शिनाख्त के प्रयासों में पुलिस जुटी

**मथुरा।** थाना वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत धौरेरा के जंगल में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतका के गले पर मिले निशान से प्रतीत होता है उसकी हत्या की गई है।



वृंदावन थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर धौरेरा के जंगल में सैनिक स्कूल के पीछे मंगलवार दोपहर एक महिला का शव कुछ लोगों ने देखा तो उन्होंने और लोगों को बताया और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई इसकी सूचना थाना गोविंद नगर व वृंदावन पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही गोविंद नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंह वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी मय फोर्स के वहां पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की सूचना मिलने के बाद एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार व सीओ सदर संदीप सिंह भी मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया डॉग स्क्वायड टीम को भी बुला लिया गया महिला के गले में निशान था जिससे प्रतीत हो रहा था कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है महिला के पास ही एक बैग था। जिसमें काफी चूड़ियां के बंडल थे जिससे प्रतीत हो रहा था कि वह चूड़ी बेचने वाली भी हो सकती है पास ही कंबल रजाई व अन्य सामान भी मौजूद था एक ईयरफोन व मोबाइल चार्जर की लीड भी महिला के पास मिली लेकिन मोबाइल नहीं मिला जिससे यह कयास लगाये जा रहे हैं कि जिसने हत्या की वह मोबाइल अपने साथ ले गया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में लगी है मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष बताई गई है पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आसपास के लोगों को भी पुलिस ने बुलवाकर शिनाख्त के प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

## मकर संक्रांति पर्व पर जगह जगह हुआ खिचड़ी वितरण



**टूंडला।** मकर संक्रांति के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारियों के द्वारा स्टेशन रोड सब्जी मंडी पर खिचड़ी वितरण की गई इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, नगर अध्यक्ष राजीव मल्होत्रा, नगर उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सोनू जैन, राहुल धनगर, आशीष अग्रवाल, सोनवीर यादव, उदय प्रताप सिंह, संकी राणा, भवानी सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं रेलवे सुरक्षा बल थाना टूंडला द्वारा आरपीएफ बैरक पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगाधर सिंह, प्रवीण वशिष्ठ, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र गुर्जर, योगेश मीणा एवं कविता मौजूद रहे। वहीं रेलवे कॉलोनी यज्ञशाला मंदिर पर भी खिचड़ी वितरित की गई, जहां सभी रेलवे कॉलोनीवासियों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया, इस अवसर पर मंदिर महंत हनुमान दास मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया.जयकिशन अजवानी.आशीष शर्मा.सोनू पंडित अशोक कुमार.डबर सिंह.ट्विंकल.सुम्मा विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा ने बांटे कंबल

**आगरा।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में उनके निवास स्याऊ पुरा, जैतपुर, आगरा पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा ने उपस्थित कांग्रेसियों सहित केक काटने के साथ उपस्थित लोगों को मिठाई भी बांटी। जिलाध्यक्ष अरूण शर्मा ने कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर निसहाय दिव्यांगों, महिलाओं और गरीबों को कंबल भी बांटे तथा वहां पर सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने अध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में अपनी नेता श्रीमती प्रियंका गांधी के दीघार्यु, यशस्वी एवं आरोग्य जीवन की मंगलकामना की। और साथ ही श्री शर्मा ने उपस्थित सभी कांग्रेसियों सहित प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में बीजेपी को सत्ता से उखाड़ने का संकल्प भी लिया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी पंडित पवन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर चौधरी सोवरन सिंह, सब्बीर गुर्जर, योगेन्द्र शर्मा, रमेश पुरोहित, हीरालाल मास्टर आदि स्थानीय कांग्रेसियों सहित काफी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में उनके निवास स्याऊ पुरा, जैतपुर, आगरा पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा ने उपस्थित कांग्रेसियों सहित केक काटने के साथ उपस्थित लोगों को मिठाई भी बांटी। जिलाध्यक्ष अरूण शर्मा ने कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिवस पर निसहाय दिव्यांगों, महिलाओं और गरीबों को कंबल भी बांटे तथा वहां पर सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने अध्यक्ष अरुण शर्मा के नेतृत्व में अपनी नेता श्रीमती प्रियंका गांधी के दीघार्यु, यशस्वी एवं आरोग्य जीवन की मंगलकामना की। और साथ ही श्री शर्मा ने उपस्थित सभी कांग्रेसियों सहित प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में बीजेपी को सत्ता से उखाड़ने का संकल्प भी लिया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी पंडित पवन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर चौधरी सोवरन सिंह, सब्बीर गुर्जर, योगेन्द्र शर्मा, रमेश पुरोहित, हीरालाल मास्टर आदि स्थानीय कांग्रेसियों सहित काफी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

## सद्भावना फाउंडेशन परिवार सड़क पर उतरा, बांटे गरीबों को कंबल व गर्म वस्त्र

**मथुरा।** ऐसे कई लोग हैं जो इस कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। ठंड में एक पतली सी चादर या बिना किसी कपड़े के ही फुटपाथ पर सारी रात ठिठुरने वालों के लिए गर्म कपड़े मिलना किसी संजीवनी से कम नहीं है। ठंड में रात गुजारने वाले बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाने के उद्देश्य से सदभावना फाउंडेशन परिवार सड़क पर उतरा है और कंबल और गर्म वस्त्र वितरण अभियान चला रहा है। खुले आसमान में रहने वालों की बढ़ी परेशानीः मौसम में बदलाव के कारण खुले आसमान व तंबू टांगकर रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी है। उनके लिए ठंड से बचना मुश्किल हो रहा है। खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रहीं है। समाज का संपन्न वर्ग तो रजाई व गर्म कपड़ों का सहारा लेकर स्वयं को सुरक्षित कर लेता है लेकिन गरीब तथा बेसहारा लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि गरीबों व असहाय लोगों की मदद करना हर इंसान का फर्ज है। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। कंबल तथा गर्म वस्त्र प्राप्त कर सर्दी से टूटे गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर जो मुस्कान और राहत का भाव आता है तथा उनके हाथ दुआ के लिए बेसबब उठ जाते हैं, वह हमारे हृदय को बहुत संतोष देता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों से कहा गया है कि वह जरूरतमंद लोगों को चिह्नित करें। ताकि उन तक सहायता पहुंच सके। असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। गरीबों असहाय लोगों की मदद करना हर इंसान का फर्ज है।



# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर किया जागरूक

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन अधिग्रहित गाँव बुर्ज नत्थू में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवको ने भाषण एवं गीत के माध्यम से सड़क सुरक्षा का महत्व बताया एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। रितेश कुमार एडवोकेट प्रशांत उपाध्याय, गिरीश उपाध्याय, अरुण उपाध्याय एवं समाज सेविका कल्पना राजोरिया ने माँ सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेविकों ने शिविर स्थल से हाथों में पोस्टर एवं तख्तियाँ लेकर 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा की यही पुकार बिना हेलमेट सब बेकार' नारे लगाते हुए ग्राम वासियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, हेलमेट के लिए, सीट बेल्ट के लिए जागरूक करने का कार्य किया। ट्रैफिक चिन्हों को भी पोस्टर के माध्यम से समझाने एवं पालन करने के बारे में बताया गया। रितेश एडवोकेट ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी के लिए महत्वपूर्ण है। सभी सड़क सुरक्षा उपायों के प्रयोग द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम और बचाव है। समाज सेविका एवं शिक्षका कल्पना राजोरिया ने कहा कि हर मनुष्य का जीवन अनमोल है, उस जीवन को कभी व्यर्थ नहीं करना चाहिए। हम सभी का जीवन सिर्फ हमारे लिए ही नहीं है, बल्कि देश समाज और परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन ने स्मृति प्रतीक देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका इक्षिता जैन किया। इस अवसर पर अरुण उपाध्याय, पंकज शर्मा ग्रीस उपाध्याय ज्ञानेंद्र उपाध्याय सुशील सुरेश सविता, रिचा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।




## अग्रवाल संगठन रामबाग ने मकर संक्रांति की दी बधाई, बांटी खिचड़ी



**आगरा।** अग्रवाल संगठन रामबाग द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में नुनिहाई स्थित शिवशक्ति वाटिका में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष निशा सिंघल ने सभी अतिथियों को मकर संक्रांति पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दीं। कहा सामाजिक एकता का संदेश देता है खिचड़ी पर्व। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा महानगर उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, मुख्य संरक्षक विनोद अग्रवाल, भगवती प्रसाद मित्तल ने महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके परान्त सबी श्रद्धालुओं व राहगीरों को खिचड़ी वितरण किया गया। अतिथियों ने कहा कि शुभफलदायक है मकर संक्रांति का पर्व। बच्चों से लेकर संगठन के सभी सदस्यों की सहभागिता रही है। युवाओं का इस पर्व से जुड़ना और सहयोग करना युवा पीढी में सनातन संस्कृति के प्रति नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से संयोजक राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सीताराम ग्रवाल, नीरज अग्रवाल, नरेन्द्र, विनय ग्रवाल, सोनू अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, साहिल सिंघल आदि उपस्थित थे।

# लोहड़ी के रंगों में रंगा 'दयालबाग'



**आगरा।** रविवार को प्रातः खेतों के कृषि कार्य के साथ साथ ही दयालबाग में लोहड़ी के त्यौहार का सेलिब्रेशन शुरू हो गया था। सभी सतसंगी भाई, बहन वबच्चे नियत समय से खेतों पर कृषि कार्य के लिए पहुंचने लगे जहाँ संत परह्यूमन के बच्चों की भेष भूषा एवं उनके परिधान लोहड़ी के रंग में रंगे हुए थे और सब अपने परम पूज्य हुजूर प्रो. प्रेम सरन सतसंगी साहब संगलोहड़ी का त्यौहार मानाने को बेसब्र थे।

परम पूज्य हुजूर प्रो. प्रेम सरन सतसंगी साहब एवं परम आदरणीय रानी साहिबा जी के खेतों में पधारने के पश्चात खेतों पर दैनिक कार्यक्रम के साथ-साथ लोहड़ी के भी कार्यक्रम हुए जहाँ संत परह्यूमन के बच्चों ने बहुत मनभावन प्रस्तुति दीं। इसके बाद परम पूज्य हुजूर प्रो. प्रेम सरन सतसंगी साहब एवं परम आदरणीय रानी साहिबा जी के खेतों के कार्यक्रम के बाद वापस निज आवास (३/२३ कोठी प्रेम नगर) पर पधारने पर संत परह्यूमन के बच्चों द्वारा लोहड़ी के उपलक्ष्य में शानदार कल्चरल प्रोग्राम की प्रस्तुति दी गयी।

यह क्रम कल सुबह से इसी प्रकार कल शाम को एवं आज भी भव्य रूप में मनाया गया। लोहड़ी सेलिब्रेशन यह रंगा रंग कार्यक्रम का आज शाम समापन हुआ। लोहड़ी सेलिब्रेशन के इस कार्यक्रम में देश विदेश के लाखों सतसंगीयों की ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड पर सहभागिता रही। सोमवार शाम के खेतों के कार्यक्रम में दयालबाग शिक्षण संस्थान के सैकड़ों विधाथीयों एवं एनसीसी कैडेट्स ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की एवं एनसीसी कैडेट्स के द्वारा पेश की गयी प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने भूरी भूरी प्रशंशा की।

मुख्य बात यह रही की सोमवार शाम खेतों पर कल्चरल कार्यक्रम के दौरान परम पूज्य हुजूर ने लोहड़ी आई कार्यक्रम को अपनी आपार दया व मेहर से रंग लाई लोहड़ी के नाम से संबोधित किया। जिसने लोहड़ी के इस सेलिब्रेशन में चार चाँद लगा दिए। दो दिवसीय लोहड़ी कार्यक्रम के रंग में सभी जगत सराबोर हो गया।

## डायरिया से बचाव, स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम

**मथुरा।** जनपद मथुरा में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत जागरण पहल और रैकिट इंडिया द्वारा संचालित डेटॉल डायरिया नेट जीरो प्रोजेक्ट के अंतर्गत ब्लॉक राल के आंगनबाड़ी केंद्र राल पर डायरिया से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय स्तरीय माता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को समाप्त करना है। इसमें संपूर्ण दस्त प्रबंधन के लिए डब्लूएचओ के सात सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डॉ. राकेश सिकरवार ने बताया कि जागरण पहल संस्था द्वारा सीएचसी राल पर डायरिया से बचाव के लिए जिंक और ओआरएस कॉर्नर स्थापित किया। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जागरण पहल की टीम समुदाय स्तर पर घर-घर जाकर संपूर्ण दस्त प्रबंधन के लिए सुरक्षित स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित शौचालय, रोटा वैक्सीन, स्तनपान, हाथों को धोने से संबंधित जानकारी लोगों के जानकारी देकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। डायरिया से बचाव स्वस्थ जीवन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जिंक और ओआरएस, डायरिया से सुरक्षा की जोड़ी के साथ माताओं की भागीदारी से जीरो डायरिया अभियान को मिलेगी सफलता। बैठक में गुलाबी दीदी पूजा शर्मा उपस्थित ने माताओं को बेबी बुक और डायरिया से संबंधित आईईसी मटेरियल का वितरण किया साथ ही हाथ धोने के सही तरीके सुमन-के फामूर्ले का प्रयोग करते हुए साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक हाथ धोने के बारे में जानकारी दी स उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए हाथों की अच्छी तरह से सफाई करनी चाहिए। सबसे पहले हथेलियों को सामने से साबुन लगा कर धुलें, हथेलियों को उल्टा कर साफ करें, फिर मुट्ठी की सफाई करें, अंगूठे की सफाई करें, नाखून को रगड़ कर साफ करें, कलाइयों की सफाई करें।

## श्रमिक के भवनों में रहने लगे परिवार तो कहीं व्यावसायिक गतिविधियां, अब होगी जांच

आगरा। श्रमिकों के लिए बने भवनों पर अवैध कब्जे हो गए। व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो गई। बेघर श्रमिक भटक रहे हैं। ऐसे भवनों की जांच के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी कॉलोनी में अवैध कब्जों का सत्यापन करेगी। जन प्रहरी संस्था संयोजक नरोत्तम सिंह शर्मा ने आगरा, कानपुर, गाजियाबाद सहित प्रदेशभर में लेबर कॉलोनी के भवनों पर अवैध कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की थी। सीएम के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में चार विभागों के विशेष सचिव, दो विधायक, एक शासन से नामित प्रतिनिधि और एक श्रम संगठन प्रतिनिधि की कमेटी बनाई है। जो प्रत्येक तीन माह पर बैठक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। नरोत्तम सिंह शर्मा ने बताया कि आगरा के बल्केश्वर में 1294 श्रमिक भवन हैं। जिनमें अधिकांश पर अवैध कब्जे हैं। एक साल में कमेटी को प्रदेशभर में बने श्रमिक आवासों का सत्यापन कर शिकायत का निस्तारण करना है।

## मुठभेड़ में कार चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस एसओजी सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में कार चोरी करने वाले गिरोह के दो अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए। सोमवार रात्रि को थाना टूण्डला पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना टूंडला में कार चोरी पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण बाघई से बनकट जाने वाले रास्ते पर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं, उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना टूण्डला पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु बाघई मोड़ पर चैकिंग की जा रही थी चैकिंग के दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। कार सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को देखकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया व एक अन्य अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रतिमा का अनावरण, अर्पित की श्रद्धांजलि

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जहां ग्रामीणों की समस्याओं को जनता दर्शन दरबार में सुना बल्कि उनका निस्तारण किया वहीं सौंख नगर पंचायत के गांव श्योवा में स्वर्गीय ब्रजमोहन चैधरी की प्रतिमा का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर उनके साथ सींगा पट्टी के प्रधान वेद, पालीडूंगरा के प्रधान महेश, लोकेश गर्ग आदि सम्मानित सरदारी मौजूद रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने स्वर्गीय ब्रजमोहन चैधरी के सरल स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा ब्रजमोहनजी हमेशा समाज हित की चिंता करते थे। उनके आदर्श बहुत ऊंचे थे। वह हमेशा दूसरों की मदद को तत्पर रहते थे। स्वास्थ्य विभाग में पर्यवेक्षक के रूप थे, उन्होंने गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी सेवा देकर लोगों की बढ़चढ़कर मदद की थी। स्वर्गीय ब्रजमोहन चैधरी की पत्नी श्रीमती पुष्पादेवी की प्रेरणा से उनके पुत्र जितेन्द्र चैधरी, नरेन्द्र चैधरी, यतेन्द्र चैधरी ने 14 मई 2023 को इस स्मृति प्रतिमा को बनवाया था। 14.01.2022 मकर संक्रांति के दिन उनको गोलोकवास में स्थान मिला था। इसी प्रकार से अन्य वक्ताओं ने कहा व्यक्ति का शरीर नश्वर है लेकिन उसकी कृति अमर रहती है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वर्गीय ब्रजमोहन चैधरी के पुत्रों सहित भूरा, आकाश, प्रदीप चैधरी, रोहताश, मेघश्याम, चन्द्रभान, नत्थी सिंह, सुरेश भगतजी, थान सिंह, राकेश प्रधान सहित दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# 15 लाख की अवैध शराब जब्त, तस्कर फरार

**मथुरा।** थाना कोसीकलां और आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग बठैनगेट पुल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगे आयशर कैंटर से 15 लाख कीमत की 180 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस की इस कार्यवाही में अज्ञात कैंटर चालक मौका देखकर भागने में सफल रहा है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद मे अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण बिसेन व सीओ छाता आशीष शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोसीकलां अजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में सुश्री अंजली शर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 के साथ उपनिरीक्षक बठैनगेट अंकित मलिक और उपनिरीक्षक कोसीकलां मनमोहन शर्मा एनएच 19 पर चैकी बठैन गेट पुल से पहले दिल्ली से आगरा की तरफ लेन पर बैरियर लगाकर चैकिंग कर रहे थे कि चैकिंग के दौरान दिल्ली की तरफ से आ रही एक आइसर कैंटर संख्या यूपी15 एफटी 5971 को रोकने का प्रयास किया तो आइसर कैंटर चालक बैरियर तोडकर गाडी से उतरकर मौके से भाग गया। पुलिस और आबकारी टीम ने जब आयशर कैंटर की तलाशी ली तो उसमें 82 अदद पेटी (बोतल) रोयल ग्रीन क्लासिक ब्लैन्डिड विस्की हरियाणा मार्का व 64 अदद पेटी (हाफ) रोयल ग्रीन क्लासिक ब्लैन्डिड विस्की हरियाणा मार्का व 34 अदद पेटी (क्वार्टर) रोयल ग्रीन क्लासिक ब्लैन्डिड विस्की हरियाणा मार्का (कुल 180 पेटी) बरामद हुई। आबकारी अंजली शर्मा ने बताया कि आज दोपहर कैंटर की तलाशी में 180 पेटी अंग्रेजी हरियाणा मार्का शराब बरामद हुई है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। बरामद आइसर कैंटर को ई-चालान एप पर चैक किया गया तो नम्बर प्लेट फर्जी पायी गयी तथा बरामद फर्जी नम्बर प्लेट आइसर कैंटर व शराब के आधार पर फर्जी नम्बर प्लेट आइसर कैंटर चालक नाम पता अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस समारोह का आयोजन

**मथुरा।** भारत के सशस्त्र बलों के वयोवृद्धों की वीरता, समर्पण और बलिदान को सम्मानित करते हुए 9वें वयोवृद्ध दिवस समारोह का आयोजन 14 जनवरी 2025 को मथुरा सैन्य स्टेशन में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, अति विशिष्ट सेवा मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 1 कोर, वयोवृद्ध और वीर नारियों ने उपस्थिति दर्ज कर शोभा बढ़ाई।

संक्षेप

## कोका-कोला भक्तों को दे रहा है अपनेपन की सौगात

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया महाकुंभ 2025 में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा रही है। कंपनी अपने प्रमुख ब्रांड्स–कोका-कोला, थम्स अप, लिम्का, स्प्राइट, चार्ज्ड, माजा, किनली, फैंटा, और मिनट मेड–को उन लाखों दर्शकों तक पहुंचाएगी, जो दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में से एक महाकुंभ में भाग लेने आ रहे हैं। कोका-कोला के उत्पाद हर 400 मीटर पर उपलब्ध होंगे, जिससे भक्तों को हर समय ताजगी और हाइड्रेशन का अनुभव मिलेगा। इस अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए कंपनी कुछ खास बेवरेजेस की महाकुंभ स्पेशल एडिशन पैकेजिंग लॉन्च कर रही है। इन पैकेजिंग पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी, जो न सिर्फ उत्पादों को एक अलग सांस्कृतिक स्पर्श देगी, बल्कि इसे लोग यादगार के रूप में भी संजो सकते हैं। इसके अलावा, कंपनी की जमीनी स्तर पर उपस्थिति यह सुनिश्चित करेगी कि उपभोक्ता आसानी से हाइड्रेशन कार्ट्स और फूड कोर्ट जैसी सुविधाओं के जरिए अपनी प्यास बुझा सकें। कोका-कोला के पेय पदार्थों को कुंभ के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ जोड़कर हर अनुभव को खास और मजेदार बनाया जाएगा।

## छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए दो वैकल्पिक भुगतान उपायों को मंजूरी

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर नया दिशानिर्देश जारी किया है। इसमें योजना के तहत छत पर सौर संयंत्र की स्थापना के लिए दो और भुगतान उपायों को मंजूरी दी गई है। इस कदम से भुगतान सुरक्षा के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) और वितरण कंपनी आधारित एकत्रीकरण मॉडल के माध्यम से भुगतान के मामले में परिवारों को सब्सिडी सुनिश्चित होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत आरईएससीओ मॉडल। वितरण कंपनी आधारित एकत्रीकरण मॉडल के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र घटक और केंद्रीय वित्तीय सहायता घटक को लागू करने के लिए योजना दिशानिर्देशों को अधिसूचित किया है। इस योजना के तहत, आवासीय क्षेत्रों में आरईएससीओ-आधारित ग्रिड से जुड़ी छतों पर लगने वाले सौर मॉडल में निवेश को जोखिम से मुक्त करने के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) के लिए 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसे मंत्रालय की मंजूरी के बाद अन्य अनुदानों, कोषों और स्रोतों के माध्यम से पूरक किया जा सकता है।

## गेहूं की बुवाई 1.38 प्रतिशत बढ़ कर 320 लाख हेक्टेयर हुई

नयी दिल्ली। चालू रबी सत्र 2024-25 में अबतक गेहूं की बुवाई सालाना आधार पर 1.38 प्रतिशत बढ़कर 320 लाख हेक्टेयर हो गई है। मंगलवार को जारी कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मुख्य रबी (सर्दियों) की फसल गेहूं की बुवाई एक साल पहले की समान अवधि में 315.63 लाख हेक्टेयर में की गई थी। अधिकांश रबी फसलों की बुवाई समाप्ति के करीब है। अप्रैल से कटाई शुरू होगी। आंकड़ों के अनुसार, 14 जनवरी तक दलहन का रकबा 139.81 लाख हेक्टेयर पर स्थिर रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 139.11 लाख हेक्टेयर था। चने का रकबा 96.65 लाख हेक्टेयर और मसूर का 17.43 लाख हेक्टेयर है। तिलहन की बुवाई का रकबा पहले के 101.80 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 96.82 लाख हेक्टेयर पर पिछड़ा हुआ है। इस वर्ष 14 जनवरी तक सरसों की बुवाई 88.50 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि एक साल पहले यह रकबा 93.73 लाख हेक्टेयर था। चालू रबी सत्र में अब तक मोटे अनाज की बुवाई 53.55 लाख हेक्टेयर पर स्थिर रही है।

## चांदी की कीमत में 253 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों के अपने सौदों का आकार घटाने से मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 253 रुपये की गिरावट के साथ 90,260 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मार्च महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 253 रुपये यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 90,260 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# सेंसेक्स में 170 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और लाभ सीमित रहा। बीएसई सेंसेक्स इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में 1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत नीचे आया था। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में पांच प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के दिसंबर तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। एचसीएल टेक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में 5.54 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपये रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों एवं अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें कम होने से दिसंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 5.22 प्रतिशत पर आ गई। यह चार महीने का सबसे निचला स्तर है। इससे यह उम्मीद बढ़ी है कि भारतीय रिजर्व बैंक अगले महीने पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती कर सकता है। वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू स्तर पर खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव रहा। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती को लेकर कदम उठा सकता है। हालांकि, कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा 10 साल के बॉन्ड पर ऊंचे प्रतिफल पर नजर होगी।

# रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ 86.62 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और आठ पैसे की बढ़त के साथ 86.62 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में कुछ सुधार से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी इसपर दबाव बनाती रही।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.57 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 86.45 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूने के बाद अंत में 86.62 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त है। रुपये में सोमवार को एक सत्र में करीब दो साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी और यह 66 पैसे के नुकसान के साथ 86.70 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। रुपया 30 दिसंबर को 85.52 के स्तर पर बंद होने के बाद से पिछले दो सप्ताह में एक रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देख चुका है। रुपया पहली बार 19 दिसंबर, 2024 को 85 प्रति डॉलर के पार गया था। घरेलू बाजारों में मामूली बढ़त और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया। व्यापारी आज अमेरिका से आने वाले पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) आंकड़ों और कल अमेरिका से आने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलर-रुपये के हाजिर मूल्य के 86.40 रुपये से 86.85 रुपये के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.38 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.09 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत चढ़कर 76,499.63 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 4,892.84 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

# आरबीआई अगली समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करें

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को फरवरी में अगली नीति समीक्षा में प्रमुख दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ इसमें कटौती चक्र शुरू करना चाहिए।

ब्याज दरों में कटौती में देरी से वृद्धि पर और अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यदि कार्रवाई में देरी की गई तो आरबीआई के भी पिछड़ जाने का खतरा है। हमें उम्मीद है कि आरबीआई फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, जिससे पहली छमाही में रेपो दर छह प्रतिशत पर आ जाएगी। विश्लेषकों ने कहा कि भारत में मौद्रिक संकुचन कम से कम तीन तिमाहियों के अंतराल के साथ काम करता है। इसलिए आरबीआई द्वारा फरवरी से दरों में कटौती शुरू करने के लिए यह सही समय लगता है। उन्होंने ब्याज दरों में कटौती में देरी न करने का आग्रह करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि जितनी जल्दी ब्याज दरों में कटौती की जाएगी, वृद्धि पर उतना ही कम असर पड़ेगा। गौरतलब है कि आरबीआई ने पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के नेतृत्व में पिछली 11 नीतिगत समीक्षाओं के दौरान ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि वृद्धि दर कई तिमाहियों के निचले स्तर पर पहुंच गई है और अब सभी की निगाहें फरवरी में उनके उत्तराधिकारी संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में होने वाली पहली ब्याज दर समीक्षा पर टिकी हैं।

# वाहनों की थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के दम पर वर्ष 2024 में वाहन विनिर्माताओं से डीलरों को वाहनों की थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ गई जिसमें दोपहिया वाहनों की मजबूत मांग की अहम भूमिका रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह बात कही। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पिछले साल सभी वाहन खंडों की कुल थोक बिक्री 2,54,98,763 इकाई रही, जो 2023 के 2,28,39,130 इकाई की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है।



देश में वाहन विनिर्माता कंपनियों के शीर्ष संगठन सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा कि वर्ष 2024 वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छा साल रहा। सकारात्मक उपभोक्ता धारणा और देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता ने विभिन्न वाहन खंड में इस क्षेत्र के लिए उचित वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद की। उन्होंने कहा कि पिछले साल की बिक्री वृद्धि में दोपहिया वाहन खंड की प्रमुख हिस्सेदारी रही। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 2023 की तुलना में पिछले साल 14.5 प्रतिशत बढ़ गयी। बयान के मुताबिक, स्कूटर एवं मोटरसाइकिल की थोक बिक्री वर्ष 2024 में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1,95,43,093 इकाई हो गई जबकि उसके एक साल पहले यह 1,70,75,432 इकाई थी। पिछले साल स्कूटर की बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 66,75,231 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 1,23,52,712 इकाई हो गई। चंद्रा ने कहा कि 2024 में यात्री वाहनों और तिपहिया वाहनों की किसी एक कैलेंडर वर्ष में अबतक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।

# हल्दी का उत्पादन पांच साल में 20 लाख टन करने का लक्ष्यः गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने तथा अगले पांच साल में उत्पादन दोगुना कर करीब 20 लाख टन करने में मदद करेगा।

यह नए उत्पादों और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान पर अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा। हल्दी को सुनहरा मसाला भी कहा जाता है। वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है... हम पांच साल में उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन करने की योजना बना रहे हैं। सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी की। यह देश में हल्दी तथा हल्दी उत्पादों के विकास व वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा। पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला चेयरपर्सन नामित किया गया है। इसका मुख्यालय निजामाबाद (तेलंगाना) में स्थापित किया गया है। भारत, दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई, जिससे 11.61 लाख टन उत्पादन हुआ। भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में देश के 20 से अधिक राज्यों में उगाई जाती है।

# थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। गैर-खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति पिछले महीने यानी दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट आई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।



थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर, 2024 में 1.89 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 में यह 0.86 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में घटकर 8.47 प्रतिशत रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 प्रतिशत थी। अनाज, दाल और गेहूं की महंगाई में नरमी आई। हालांकि, सब्जियों की मुद्रास्फीति दिसंबर में मामूली बढ़कर 28.65 प्रतिशत रही। नवंबर में यह 28.57 प्रतिशत थी। आलू की महंगाई 93.20 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 16.81 प्रतिशत हो गई। तिलहन जैसी गैर-खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.46 प्रतिशत हो गई, जबकि नवंबर में इसमें 0.98 की कमी आई थी। ईंधन और बिजली की बात करें तो दिसंबर में मुद्रास्फीति घटकर 3.79 प्रतिशत हो गई जबकि नवंबर में इसमें 5.83 प्रतिशत की कमी आई थी। विनिर्मित वस्तुओं की मुद्रास्फीति 2.14 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर में यह दो प्रतिशत थी। इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण ईंधन, बिजली और प्राथमिक गैर-खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी है। अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर जिंस के दाम पिछले महीने की तुलना में जनवरी में बढ़े हैं। रूसी तेल उत्पादकों और जहाजों पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच विशेष रूप से भारत में एक जनवरी से 13 जनवरी, 2025 के बीच आयातित कच्चे तेल की औसत कीमत एक जनवरी के दौरान मासिक आधार पर 5.8 प्रतिशत बढ़ी है। इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर के 86.5 से ऊपर पहुंचने से आयातित सामान की कीमतों पर दबाव पड़ेगा। कुल मिलाकर, इक्रा को उम्मीद है कि प्रतिकूल तुलनात्मक आधार के साथ कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये के मूल्य में गिरावट से जनवरी, 2025 में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर तीन प्रतिशत (जनवरी, 2024 में 0.3 प्रतिशत) हो जाएगी। थोक मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष में औसतन 2.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025-26 में तीन से 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# बजट में ब्याज समानीकरण योजना को पांच साल बढ़ाने का अनुरोध कर सकता है वाणिज्य मंत्रालय

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय देश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में निर्यात से पहले और बाद के रुपया निर्यात ऋण पर ब्याज समानीकरण योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का आग्रह कर सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



यह योजना पिछले साल 31 दिसंबर को समाप्त हो गई है। योजना चिन्हित क्षेत्रों के निर्यातकों और सभी एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दरों पर रुपया निर्यात ज ण का लाभ उठाने में मदद करती है। खासकर ऐसे समय जब वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही है, इससे निर्यातकों को फायदा होता है। निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपया निर्यात ऋण के लिए ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है। अधिकारी ने कहा, मंत्रालय योजना के विस्तार के लिए अनुरोध कर सकता है। यह योजना एक अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी। शुरुआत में यह 31 मार्च, 2020 तक पांच साल के लिए वैध थी। इसके बाद भी इसे जारी रखा गया। पिछले साल सितंबर में सरकार ने इस योजना को 31 दिसंबर, 2024 तक बढ़ा दिया था। व्यक्तिगत निर्यातकों के लिए लाभ प्रति आईईसी (आयात निर्यात कोड) 50 लाख करोड़ रुपये सालाना तय किया गया था। यह योजना भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न सार्वजनिक और गैर-सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के माध्यम से लागू की थी। इसकी निगरानी विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और आरबीआई द्वारा परामर्श प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। निर्यातक भी इस योजना को आगे बढ़ाये जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उन्हें मौजूदा कठिन समय में मदद मिल रही है।

## पेज एक का शेष

### मकर संक्रांति

अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु-संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा संन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान किया।

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।

निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा संन्यासी भी थे। संन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु-संतों ने अमृत स्नान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ 2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु-संतों के भी दर्शन कर रहे हैं। इधर, संगम स्नान करके अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर नगर वासियों द्वारा व्यापक स्तर पर सब्जी पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जा रहा है। पुराने शहर के मुट्ठीगंज चौराहे के पास श्री राम जानकी मंदिर के नाम पर भंडारा चला रहे भक्तों में से एक मुकेश चंद्र जायसवाल ने बताया कि आज सुबह छह बजे से ही पूड़ी सब्जी और खिचड़ी एवं हलुआ का भंडारा निरंतर जारी है और यह रात 11 बजे तक चलेगा। वहीं जीरो रोड चौराहे पर प्रभु कृपा प्राचीन बाल रूप हनुमान मंदिर त्रिपौलिया के नाम से भंडारा चला रहे पंडित किशोर कुमार पाठक ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है ताकि वे प्रयागराज के बारे में अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

### बाबा गोरखनाथ

बिहू के रूप में, पंजाब में लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में पोंगल के रूप में, बंगाल व महाराष्ट्र में तिलवा संक्रांति के रूप में तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को मनाया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दान-पुण्य का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

मकर संक्रांति की बधाई देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों, श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### पीओके में

हुए कहा कि पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद का कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है। आज भी वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। सीमा के पास के इलाकों में लॉन्च पैड बनाए गए हैं और भारत सरकार को इस बारे में पुख्ता जानकारी है और वह हालात से पूरी तरह वाकिफ है। पाकिस्तान को इसे खत्म करना होगा, नहीं तो...। पीओके पर भारत की स्थिति दोहराते हुए उन्होंने कहा, पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। पाकिस्तान के लिए पीओके विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पीओके के लोग सम्मानजनक जीवन से वंचित हैं और पाकिस्तान के शासकों ने अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए धर्म के नाम पर उनका शोषण किया है। सिंह ने पीओके के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक की हाल की टिप्पणियों की भी निंदा की तथा कहा कि यह जनरल जिया-उल-हक के समय से पोषित पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे का ही एक हिस्सा है। आतंकवाद को समर्थन देने की अपनी नीति को छोड़ने में पाकिस्तान की विफलता पर प्रहार करते हुए सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने हमेशा भारत को अस्थिर करने का हर संभव प्रयास किया है। वह अपने प्रयास जारी रखता है। इसके बावजूद पाकिस्तान ने कभी आतंकवाद को नहीं छोड़ा है। जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। उन्होंने 1965 से आतंकवाद और घुसपैठ को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा इस बात पर बल दिया कि इस तरह के प्रयास जम्मू-कश्मीर के लोगों का समर्थन हासिल करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सिंह ने कहा, न तो 1965 के युद्ध के दौरान और न ही आतंकवाद के चरम के दौरान जम्मू कश्मीर के लोगों ने पाकिस्तान का साथ दिया। इसके बजाय, यहां हमारे कई मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने मोहम्मद उस्मान जैसे व्यक्तियों के बलिदान पर भी प्रकाश डाला, जिन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सिंह ने कहा कि आज भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद उसने आतंकवाद को समर्थन देने की अपनी नीति नहीं छोड़ी है। भारत सरकार पीओके में हो रही गतिविधियों से पूरी तरह वाकिफ है और अपनी संप्रभुता व सुरक्षा के लिए किसी भी तरह का खतरा बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1965 के युद्ध में भारतीय सेना के वीरतापूर्ण प्रयासों को भी याद किया तथा उन बलिदानों और रणनीतिक प्रतिभा पर प्रकाश डाला जिसके कारण भारत को जीत मिली। सिंह ने अखनूर की लड़ाई के महत्व को रेखांकित किया, जहां भारतीय सेना ने पाकिस्तान के ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और लाहौर तक आगे बढ़ गई।

### भूकंप के लिए

की वैश्विक प्रतिष्ठा को आकार देने के लिए आधारशिला के रूप में काम करता है। मोदी ने कहा कि भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है और वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मौसम के तरीकों को समझने में विशेषज्ञता के भारत के समृद्ध इतिहास को रेखांकित करने के लिए शास्त्रों और प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां वेदों, संहिताओं और सूर्य सिद्धान्त जैसे ज्योतिषीय ग्रन्थों में मौसम विज्ञान पर बहुत काम हुआ था। मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के संगम साहित्य और उत्तर में घाघ भड्डरी के लोक साहित्य में भी बहुत सी जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि पाराशर, पाराशर रूचि और वृहत संहिता जैसे ग्रन्थों में बादलों के निर्माण और उनके प्रकार तक, उस पर गहरा अध्ययन मिलता है। प्रधानमंत्री ने प्री-मॉडर्न कच्छी नैवीगेशन टेक्निक्स एंड वॉयेज पुस्तक का भी जिक्र किया जिसमें गुजरात के नाविकों के बारे में सदियों पुराने समुद्री ज्ञान को प्रलेखित किया गया है। मोदी ने कहा कि आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान जैसे-जैसे अधिक सटीक होंगे, विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और यहां तक कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी उनका महत्व बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौसम विज्ञान प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण भारत की आपदा प्रबंधन क्षमताओं में काफी सुधार हुआ है जो न केवल देश के लिए बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी फायदेमंद साबित हुई है। मोदी ने कहा कि आज, हमारी बाढ़ मार्गदर्शन प्रणाली नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों को भी सूचनाएं दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी भी आपदा से प्रभावित अपने पड़ोसी देशों को मदद की पेशकश करने वाला पहला राष्ट्र बनकर उभरा है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर एक स्मारक सिक्का और मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन की योजनाएं शामिल हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आईएमडी की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी के 150 वर्ष का जश्न मना रहे हैं। यह केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, यह हमारे भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भी यात्रा है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक संस्थाओं में शोध और नवोन्मेष नए भारत के मिजाज का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इसीलिए, पिछले 10 वर्षों में आईएमडी की अवसंरचना और प्रौद्योगिकी का भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। समारोह में विश्व मौसम विज्ञान विभाग की महासचिव सेलेस्टे साउलो, पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, पिछले 150 वर्षों के दौरान आईएमडी की उपलब्धियों, भारत को जलवायु-अनुकूल बनाने में इसकी भूमिका तथा विभिन्न मौसम और जलवायु सेवाएं प्रदान करने में सरकारी संस्थानों द्वारा निभाई गई भूमिका को प्रदर्शित करने के लिए भारत मंडपम सहित देश भर के कई स्थानों पर कार्यक्रमों, गतिविधियों और कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई है।

### सेवा करना

के लगभग प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर किया गया है। फाउंडेशन की दो टीमें शाम 5:00 बजे से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में अलाव जलाने के लिए निकलती हैं। अलाव जलाने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक चलता है। एक टीम को ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स आफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा, स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दूसरी टीम को राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती ,मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रासिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का जिम्मा सौंपा गया है।

# बेंगलुरु में स्पेन जल्द खोलेगा वाणिज्य दूतावास

## जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस से मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसी



मैड्रिड। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि स्पेन जल्द ही बेंगलुरु में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए एक अच्छा संकेत बताया। स्पेन की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने समुदाय के साथ बातचीत करते हुए कहा, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंधों के संदर्भ में, मुझे उम्मीद है कि बार्सिलोना के लोग इस बात का स्वागत करेंगे कि हमारा वहां एक वाणिज्य दूतावास है। जल्द ही बेंगलुरु में स्पेन का एक वाणिज्य दूतावास होगा। उन्होंने कहा, ये अच्छे संकेत हैं कि हमारे रिश्ते गहरे हो रहे हैं और आप बड़ी-बड़ी संस्थाएं बना रहे हैं, क्योंकि आप कह सकते हैं कि व्यापार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे रिश्ते प्रगाढ़ होते हैं, हमारे पास वाणिज्य दूतावास होना चाहिए और कौन जानता है कि भविष्य में हम कहां होंगे। विदेश मंत्री ने कहा, हमने तय किया है कि हम 2026 को दोहरे वर्ष के रूप में मनाएंगे। एक ऐसा दोहरा वर्ष, जिसमें हम दोनों देशों में संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जश्न मनाएंगे। इसलिए 2025 तक हम 2026 की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की यह स्पेन की पहली यात्रा है, जो स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा के लगभग ढाई महीने बाद हो रही है। सोमवार को जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस से मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

### भाजपा सरकार दिल्ली, कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है : राजनाथ

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के लोगों के बीच दूरी कम करने के प्रयासों के लिए सराहना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है। सिंह यहां अखनूर सेक्टर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस रैली को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा, अतीत में कश्मीर के साथ (पिछली सरकारों द्वारा) अलग व्यवहार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के हमारे भाई-बहन दिल्ली से उस तरह नहीं जुड़ सके, जैसा उन्हें जुड़ना चाहिए था। मैं अतीत में नहीं जाना चाहता, क्योंकि हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच दिलों की दूरी को पाटने के लिए काम कर रहे हैं।

# सांख्यिकीय उपकरणों व मात्रात्मक तकनीक की प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि सांख्यिकीय उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभवजन्य आधार प्रदान कर प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार सहित अन्य क्षेत्र के आंकड़े एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर हैं। ये आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। आईएसएस के 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की। मुर्मु ने कहा कि सांख्यिकी का उपयोग प्राचीन सभ्यताओं में भी किया जाता था, जब शासक कराधान उद्देश्यों के लिए बुनियादी जनगणना आंकड़ों का उपयोग करते थे। राष्ट्रपति ने कहा, सांख्यिकीय विश्लेषण शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल कुशल शासन की रीढ़ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का औजार भी है। मुर्मु ने कहा कि सटीक आंकड़े एकत्र करना उनका कर्तव्य है, जो ठोस और उद्देश्यपूर्ण निर्णयों का आधार हो सकता है। उन्होंने कहा, सरकार को नीतियां बनाने, लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति की समीक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है।

नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के आकलन और उनके बारे में निष्पक्ष समझ बनाने के लिये आंकड़ों की आवश्यकता होती है। आपकी नौकरी के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों में उच्च दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग आप देश की आंकड़ों और सूचना आवश्यकताओं का समाधान प्रदान करने के लिए करेंगे। राष्ट्रपति ने परिवीक्षाधीन आईएसएस अधिकारियों से आंकड़े एकत्र करते समय आम लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहने का आग्रह किया।

संक्षेप

### पेरिस समझौता गंभीर खतरे मे है : डब्ल्यूएमओ प्रमुख

नयी दिल्ली। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने मंगलवार को कहा कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है और दुनिया को 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्वाई के वर्ष के रूप में चिन्हित करना चाहिए। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिस पर 2016 में हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के दायरे में जलवायु परिवर्तन को सीमित करना, अनुकूलन और वित्त शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक समारोह में हिस्सा ले रहीं साउलो ने कहा कि यह आयोजन धरती के लिए महत्वपूर्ण क्षण में हो रहा है। उन्होंने बताया कि 2024 भारत और विश्व स्तर पर भी अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा। उन्होंने याद किया कि 2024 में भारत ने लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना किया, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा। साउलो ने कहा, भारी मानसूनी बारिश ने व्यवधान पैदा किया और लोगों की जान गईं, जैसा कि हमने जुलाई में केरल में हुए दुखद भूस्खलन में देखा। हाल ही में, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण चिंताजनक और खतरनाक स्तर पर पहुंच गया।

# विकसित भातर के निर्माण में मील का पत्थर बनेगा एक राष्ट्र- एक चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने लोगों से इस प्रस्ताव के समर्थन में आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी पत्रिका पांचजन्य द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि चुनाव के समय पूरी सरकारी मशीनरी ठप हो जाती है और बार-बार होने वाले चुनाव सरकारों के लिए सार्वजनिक निर्णय लेने में एक बड़ा व्यवधान बन गए हैं।

संयुक्त संसदीय समिति एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव की समीक्षा कर रही है। इस प्रस्ताव के बारे में पूछने पर चौहान ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने हर पांच साल में चुनाव का प्रावधान किया था, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि अनुच्छेद 356 का इतनी बार दुरुपयोग किया जाएगा। वर्ष 1966 तक एक साथ चुनाव होते थे, हर जगह कांग्रेस की सरकारें थीं।

# अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में लहरा रहा परचम

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा है, जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

फॉगी बॉटम स्थित अमेरिकी विदेश विभाग के मुख्यालय में विदेश नीति पर बाइडन ने राष्ट्रपति रहते हुए अपना अंतिम भाषण दिया जिसमें उन्होंने अपने प्रशासन की उपलब्धियों और पिछले चार वर्षों में दुनिया में आए बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एक नया दौर शुरू हो गया है। इन चार वर्षों में कई संकट आए जिनका हमने डटकर सामना किया। मेरे विचार में, हम इस संकट से पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ उभरे हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, मानवीय मूल्यों का भविष्य और बाकी बहुत कुछ, यह एक तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा है (जो चल रही है)। मैं हमारे प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं कि अमेरिका वैश्विक प्रतिस्पर्धा में परचम लहरा रहा है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका अधिक मजबूत हुआ है।

उसके साझेदारों से संबंध भी मजबूत हुए हैं जबकि उसके प्रतिद्वंद्वियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, हमने इसके लिए कोई युद्ध नहीं किया। राष्ट्रपति रहने के दौरान, मैंने हर तरह से अमेरिका की ताकत को बढ़ाया है। हमने अपनी कूटनीतिक ताकत को बढ़ाया और देश के इतिहास में अमेरिका ने अब तक के सबसे अधिक साझेदार बनाए हैं। बाइडन ने कहा कि उनके और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पदभार संभालने के बाद से अमेरिका ने देश तथा दुनिया में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

# रुपये में गिरावट को रोकने में सरकार असमर्थ : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र सरकार रुपये में इस गिरावट को रोकने में असमर्थ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और आठ पैसे की बढ़त के साथ 86.62 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपकी सरकार लगातार कमजोर होते रुपये की भारी गिरावट को रोकने में असमर्थ है, जो अब 86.50 के स्तर को पार कर गया है। भारत के लोग इस अक्षमता का व्यापक परिणाम भुगत रहे हैं। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार 10 महीने के निचले स्तर पर गिर गया है।

उन्होंने दावा किया कि भारतीय इक्विटी से विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने अत्यधिक नकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा दिया है तथा विदेशी धन के निरंतर बाहर जाने और रुपये में भारी गिरावट के कारण बाजार में चार दिनों में निवेशकों को 24.69 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। खरगे ने कहा, बढ़ी हुई आयात लागत, विशेष रूप से कच्चे तेल की, बढ़ती उत्पादन लागत के परिणामस्वरूप कीमतें आसमान छू रही हैं, जिसका असर गरीबों और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। बढ़ती आयात लागत और स्थिर निर्यात के कारण भारत का व्यापार घाटा बढ़ने से भुगतान संतुलन प्रभावित हुआ है और हमारी अर्थव्यवस्था कमजोर हुई है। उन्होंने दावा किया, आप कितना भी छिपाने की कोशिश करें, वास्तविकता यह है कि उच्च मुद्रास्फीति हमारे लोगों की जेब से एक-एक पैसा ले रही है और उनके जीवन को दयनीय बना रही है। लोग पहले ही आपकी जोखिम लेने की क्षमता से काफी परेशान हैं और चाहते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आपकी विनाशकारी नीतियों से बचाया जाए।

# कांग्रेस व भाजपा की जुगलबंदी उजागर करेगा दिल्ली चुनाव

एजेंसी



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जुगलबंदी को उजागर कर देगा।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में एक ही लाइन बोली और जवाब भाजपा की ओर से आ रहा है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है। शायद दिल्ली का ये चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच सालों से पर्दे के पीछे चल रही जुगलबंदी पर से पर्दा हटा देगा। आप प्रमुख, भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय की पोस्ट का जिक्र कर रहे थे। मालवीय ने गांधी द्वारा केजरीवाल पर किए गए प्रहार के जवाब में आप प्रमुख की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए एक्स पर कहा, देश की चिंता बाद में करना, अभी नयी दिल्ली की सीट बचा लो। केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा सीट से 2013, 2015 और 2020 में चुनाव जीत चुके हैं। केजरीवाल का इस बार नयी दिल्ली विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से मुख्य रूप से मुकाबला है।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि आप पूरी सड़ी गली व्यवस्था के खिलाफ लड़ रही है, जिसे लोगों के साथ मिलकर बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भाजपा और कांग्रेस दोनों उसी सड़ी गली व्यवस्था का हिस्सा हैं। पिछले वर्ष हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन करने में विफल रहने के बाद, आप और कांग्रेस के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं।

# राहुल ने केजरीवाल पर साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में गंदगी को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि यह केजरीवाल की पेरिस जैसी दिल्ली है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मकर संक्राति कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिठाला पहुंचे थे और वहीं पर पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नाले और वहां मौजूद गंदगी को देखने पहुंचे। इस दौरान रिठाला से कांग्रेस उम्मीदवार सुशांत मिश्रा भी मौजूद थे। इस नाले और गंदगी का वीडियो एक्स पर साझा करते हुए गांधी ने कहा, ये है केजरीवाल जी की चमकती दिल्ली - पेरिस जैसी दिल्ली।

राहुल गांधी ने सोमवार को सीलमपुर की अपनी चुनावी सभा में भी केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया था और आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह झूठे वादे करने और प्रचार करने की रणनीति पर अमल करते हैं।

केजरीवाल ने उन पलटवार करते हुए कहा था कि राहुल गांधी कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वह (केजरीवाल) देश बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# कैलिफोर्निया वाइल्ड फायर का असर ऑस्कर 2025 पर



मुंबई। ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी 3 मार्च को लॉस एंजिलिस में होनी है। 17 जनवरी को ऑस्कर 2025 के नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट होने वाली थी, हालांकि अब कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग के चलते इसे पोस्टपोन किया गया है। वाइल्डफायर से सैकड़ों घर जलकर राख हो चुके हैं, जिनमें कई हॉलीवुड सेलेब्स के घर भी शामिल थे। वहीं अब तक 24 लोगों के मरने की खबर है।

ऑस्कर नॉमिनेशन की तारीख बदले जाने के अलावा नॉमिनीज की लंच सेरेमनी भी रद्द की गई है। वहीं वोटिंग की तारीख भी बढ़ा दी गई है। हालांकि अब तक 3 मार्च को लॉस एंजिलिस के डोल्बी थिएटर में होने वाली अवॉर्ड सेरेमनी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेस ने सोमवार को ऑस्कर 2025 नॉमिनेशन अनाउंसमेंट पोस्टपोन करने का ऐलान किया है। ऑस्कर की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशनल पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस के उएड बिल क्रेमर और सेक्रेटरी जेनेट यांग ने ऑफिशियल बयान में कहा, हम सभी जंगलों की आग प्रभावित हुए हैं और हमारे समाज के कई लोग भारी नुकसान से तबाह हुए हैं। एकेडमी हमेशा से फिल्म इंडस्ट्री के अंदर एक एकीकृत शक्ति रही है और हम हर मुश्किल का सामना करने के लिए एक साथ खड़े रहने के लिए कमिटेड हैं। लॉस एंजिलिस में अब भी जारी आग के चलते हमें लगता है कि मतदान की अवधि बढ़ाने और सदस्यों के ज्यादा समय देने के लिए नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट डेट को आगे बढ़ाना जरूरी है।

# बतौर अभिनेत्री अपने काम को गंभीरता से लेती हूं : लिसा



नयी दिल्ली। अभिनेत्री लिसा मिश्रा का कहना है कि वह किशोरावस्था से ही पर्दे पर आना चाहती थीं और जब उन्हें अपनी पहली वेब सीरीज कॉल मी बे मिली, तो उन्होंने अपनी गायकी और कंटेंट क्रिएटर वाली छवि को किनारे रखने का निर्णय लिया।

तीस वर्षीय अभिनेत्री ने 2024 में आई प्राइम वीडियो की सीरीज कॉल मी बे में मनमानी करने वाली समाचार निर्माता हरलीन बब्बर की भूमिका निभाई है। इसमें अभिनेत्री अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में हैं। वेब सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा ने किया है, जबकि इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। मिश्रा को तारीफों और चंडीगढ़ में जैसे गानों को नए अंदाज में पेश करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब दर्शकों ने उन्हें बताया कि हरलीन एक वास्तविक शख्स की तरह लगती हैं तो वह अभिभूत हो गईं। यह पूछे जाने पर कि क्या अभिनय के क्षेत्र में प्रवेश करने पर भी किसी की छवि को कंटेंट क्रिएटर के तौर पर ही बनाए रखा जा सकता है, उन्होंने कहा कि ऐसा तब हो सकता है जब कोई व्यक्ति इन्फ्लुएंसर के तौर पर खुद पर बहुत ज्यादा यकीन करने के जाल में फंस जाता है।

# पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का विशेष उल्लेख



नयी दिल्ली। निर्देशक रीमा कागती की फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का 36वें पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में यंग सिनेस्ट्स पुरस्कार श्रेणी में विशेष रूप से उल्लेख किया गया। वार्षिक फिल्म महोत्सव दो जनवरी से 13 जनवरी के बीच अमेरिका में कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी रिजॉर्ट शहर पाम स्प्रिंग्स में आयोजित किया गया। पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का नाम इस श्रेणी में विशेष रूप से उल्लेखित किया गया। हालांकि, निर्णायक मंडल ने जार आमिर इब्राहिमी और गाय नातिव की तातामी को यंग सिनेस्ट्स पुरस्कार के लिए चुना। निर्णायक मंडल में सिनेमा के प्रति जुनून रखने वाले हाई स्कूल के छात्र भी शामिल थे।

# 19 को होगा 'बिग बॉस 18' का ग्रैंड फिनाले




मुंबई। टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 18 फिनाले के काफी करीब आ चुका है। 19 जनवरी को होने वाले फिनाले से पहले घर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें मीडिया ने सभी कंटेस्टेंट्स से तीखे सवाल किए हैं। इस दौरान फाइनल के दावेदार माने दा पबे करणवीर मेहरा को भी रिश्तों में मिलावट करने पर जमकर फटकार पड़ी है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान करणवीर से पूछा गया, आप रिश्तों में घालमेल करते हैं, आप सर्टिफिकेट बांटते हैं। कभी आप रजत को बताते हैं, कभी आप अविनाश को अच्छा बताते हैं, कभी आप विवियन को सुपरमैन बताते हैं। ये जो घालमेल है और कहीं न कहीं ओवर कॉन्फिडेंस है, ये आपके फैंस के साथ धोखेबाजी है। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे। जवाब में करण ने कहा, खुश करता रहता हूं मैं? अच्छे सर्टिफिकेट हैं सारे, अच्छे न लगें तो वापस दे दें। सुपरमैन बोलने में क्या दिक्कत है, किसी को गलत नहीं बोला न। इसी दौरान एक रिपोर्टर ने करण से कहा, आपने कुछ दिनों पहले ही रजत से कहा कि अपने यूट्यूबर फैंस से बोलना की वोटिंग न करें, वर्ना तू ही जीतेगा। क्या आपको अपने कॉन्ट्रीब्यूशन, अपने टैलेंट और फैंस पर विश्वास नहीं है। फिनाले वीक में करणवीर मेहरा को किंग ऑफ द हाउस का खिताब मिला है। कुछ दिन पहले ही शो में टिकट टू फिनाले टास्क हुआ था, जिसमें विवियन डिसेना और चुम आमने-सामने थे। टास्क के दौरान चुम को चोट लगी थी, जिसके बाद विवियन ने उन्हें जीतने दिया। इस पर एक रिपोर्टर ने उनसे कहा, क्या आप अपने मिस्टर परफेक्ट का टैग बचाने के लिए फिनाले का टिकट कुर्बान किया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com